हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल



कप्तान के तौर पर ईशान किशन जबरदस्त रहे हैं, वह सलाह भी मांगते हैं

Page 09 देश



उत्तर प्रदेश में 1671 ड्राइवर बिना बस चलाए उठा रहे वेतन : अखिलेश यादव



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • बुधवार • 08 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 126 • पृष्ट 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,37,350 | ₹ 2,50,000 |

## आज का इतिहास

**1929 :** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान, दिल्ली सेंट्रल असेम्बली में बम फेंकने के जुर्म में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त को गिरफ़्तार किया गया।

**2001 :** भारत-इंग्लैंड राउण्ड टेबल बैठक सरिस्का में सम्पन्न, बांग्लादेश में हिन्दुओं की सम्पत्ति लौटाने के लिए विधेयक पारित।

**2005 :** वेटिकन सिटी में मरहूम पोप को अंतिम विदाई दी गई।

## न्यूज बाइट्स

### बीसी-इबीसी छात्राओं के लिए बड़ी राहत, 10 अप्रैल तक फिर खुला पोर्टल

**पटना (नि.सं.)।** पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय 2 उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के लिए दूसरा मौका दिया गया है। जिन छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा पास की है लेकिन प्रथम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाईं, उनके लिए विभाग ने पोर्टल दोबारा खोल दिया है। अब वे 10 वैकल्पिक विद्यालय चुन सकेंगी। इसके लिए 03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। कक्षा 6 से कक्षा 9 के लिए कुल 760 सीटों के आलोक में आवेदन लिए जाएंगे। इनमें सबसे अधिक कक्षा 06 के लिए 464 सीटें उपलब्ध है। इसके अलवा कक्षा 07 के लिए 164, कक्षा 08 के लिए 52 और कक्षा 09 के लिए 80 सीटों पर आवेदन लिए जाएंगे। ये सीटें राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित 39 कन्या आवासीय 2 उच्च विद्यालयों में उपलब्ध हैं। इन स्कूलों में छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा, खेलकूद और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

### बिहार में जल संकट से निपटने को रेन वाटर हार्वेस्टिंग अभियान तेज

**पटना (नि.सं.)।** भविष्य में संभावित जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बिहार सरकार ने कई महत्वपूर्ण और दूरदर्शी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। इन योजनाओं में ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित जल-जीवन-हरियाली मिशन प्रमुख भूमिका निभा रहा है, जिसके माध्यम से जल संरक्षण और भूगर्भ जल पुनर्भरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी मिशन के अंतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरडब्ल्यूएच) सिस्टम को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है, जो वर्षा जल को संरक्षित कर भूजल स्तर को बढ़ाने में अहम योगदान दे रहा है। पिछले सात वर्षों के दौरान राज्यभर में 14 हजार से अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं, जो इस दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सरकारी भवनों—जैसे स्कूल, पंचायत भवन और अन्य संस्थानों—पर आरडब्ल्यूएच सिस्टम स्थापित करने का कार्य निरंतर जारी है। इससे न केवल वर्षा जल का सदुपयोग सुनिश्चित हो रहा है, बल्कि जल की उपलब्धता में भी स्थायी सुधार हो रहा है।

भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश, समयबद्ध कार्य निष्पादन पर जोर

# राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दोषी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : उपमुख्यमंत्री

- दाखिल-खारिज, बीएलडीआर, मापी अपील वादों की प्रगति की समीक्षा
- राजस्व वसूली, लैंड बैंक भूमि सत्यापन और निरीक्षण कार्यों पर चर्चा
- बैठक में डॉ. महेंद्र पाल, आजीव वत्सराज, मोना झा सहित कई अधिकारी उपस्थित

निज संवाददाता | पटना



उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। पटना स्थित पुराने सचिवालय के राजस्व मुख्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य भूमि विवाद रहित बिहार बनाना है। इसके लिए अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ समय-सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन करना होगा। उन्होंने डीसीएलआर से कहा कि काम में खानापूर्ति नहीं चलेगी और जनता के जरूरी कार्यों को टालने की प्रवृत्ति खत्म करनी होगी।

बैठक में प्रधान सचिव सीके अनिल ने भी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व कार्य सीधे जनता से जुड़े होते हैं, इसलिए इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अंचल स्तर पर कार्य प्रभावित रहने से आम लोगों को काफी परेशानी हुई है, जिसकी भरपाई अब तेज गति से काम कर ही की जा सकती है। सरकारी जमीन की सुरक्षा को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि किसी भी कीमत पर सरकारी भूमि से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। भू-माफियाओं के खिलाफ निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई करने पर जोर देते हुए कहा गया कि राजस्व अधिकारियों की "कलम" ही इस लड़ाई में सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में दाखिल-खारिज, बीएलडीआर वाद, मापी अपील वाद सहित विभिन्न मामलों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही राजस्व वसूली, लैंड बैंक के लिए भूमि सत्यापन और अंचल स्तर पर निरीक्षण की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल, आजीव वत्सराज, उप निदेशक मोना झा सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार में शस्त्र लाइसेंस प्रक्रिया पर सख्ती, तय समय-सीमा में निपटाना होगा आवेदन

- हर महीने सात तारीख तक रिपोर्ट अनिवार्य, 90 दिन से लंबित मामलों पर विशेष निगरानी

निज संवाददाता | पटना




बिहार सरकार के गृह विभाग (आरक्षी शाखा) ने राज्य में शस्त्र अनुज्ञप्ति (आर्म्स लाइसेंस) की प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब लाइसेंस से जुड़े सभी लंबित और नए आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर करना अनिवार्य कर दिया गया है। संयुक्त सचिव अमलेन्दु कुमार सिंह ने सभी जिला दण्डाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि वे 'आयुध नियम, 2016' का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। सरकार ने स्पष्ट किया है कि लाइसेंस जारी करने में होने वाली देरी को अब गंभीरता से लिया जाएगा और इसकी नियमित निगरानी की जाएगी। विभाग ने अधिकारियों को यह भी याद दिलाया है कि आयुध नियम, 2016 राज्य में 15 जुलाई 2016 से लागू है। इसके तहत नियम-13 और नियम-14 में शस्त्र लाइसेंस के आवेदन के निपटारे के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित है, जिसका पालन अनिवार्य है।

पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नई रिपोर्टिंग व्यवस्था लागू की गई है। अब सभी जिलों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक लाइसेंस आवेदनों के निपटारे की विस्तृत रिपोर्ट गृह विभाग को भेजनी होगी। इस रिपोर्ट में प्राप्त, निष्पादित और लंबित आवेदनों का पूरा विवरण देना अनिवार्य किया गया है।

सरकार ने विशेष रूप से उन मामलों पर नजर रखने का निर्देश दिया है, जो 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। ऐसे मामलों में देरी के कारणों की स्पष्ट जानकारी देना जरूरी होगा। साथ ही ऑफलाइन और ऑनलाइन (एनडीएएल/एएलआईएस पोर्टल) के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का अलग-अलग विवरण भी देना होगा। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रमंडलीय आयुक्तों को भी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि जिलों में प्रक्रिया का नियमित अनुश्रवण किया जा सके। इसके अलावा गृह विभाग की ओर से इस पूरी व्यवस्था की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आम नागरिकों को भी नियमों की जानकारी मिल सके। सरकार के इस फैसले से उम्मीद जताई जा रही है कि शस्त्र लाइसेंस प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, अनावश्यक देरी कम होगी और आवेदकों को समय पर सेवा मिल सकेगी।

## बिहार के सरकारी कर्मचारी अब एक ही बार दे पाएंगे प्रतियोगी परीक्षा

पटना(नि.सं.)। बिहार सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को लेकर एक बड़ा और सख्त निर्णय लिया है। अब राज्य के सरकारी कर्मचारी अपनी सेवा अवधि के दौरान केवल एक ही बार प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नए नियम के अनुसार, यदि कोई कर्मचारी एक से अधिक बार प्रतियोगी परीक्षा देना चाहता है, तो उसे अपनी वर्तमान सरकारी नौकरी से इस्तीफा देना होगा। नौकरी में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने की अनुमति अब समाप्त कर दी गई है। हालांकि सरकार ने एक सीमित छूट भी दी है। कर्मचारी उसी स्थिति में परीक्षा दे सकते हैं, जब नई भर्ती का पे लेवल उनके वर्तमान पद से अधिक हो, लेकिन इस स्थिति में भी उन्हें केवल एक बार ही अवसर मिलेगा। सरकार का मानना है कि बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के कारण कर्मचारी छुट्टियां लेते हैं, जिससे सरकारी कार्य प्रभावित होते हैं और विभागीय कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए यह सख्त निर्णय लिया गया है। पहले के नियमों के तहत कर्मचारियों को अधिक छूट प्राप्त थी। वर्ष 2022 के प्रावधानों के अनुसार, कर्मचारी विभिन्न आयोगों की परीक्षाओं में अधिकतम पांच बार शामिल हो सकते थे। साथ ही हर बार परीक्षा में बैठने के लिए विभाग से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) लेना अनिवार्य होता था, जो एक जटिल प्रक्रिया बन गई थी। सरकार का उद्देश्य इस नए नियम के जरिए कर्मचारियों में अपने वर्तमान कार्य के प्रति गंभीरता बढ़ाना और प्रशासनिक कार्यों को बाधारहित बनाना है। इस फैसले के बाद अब कर्मचारियों को अपने करियर को लेकर अधिक सोच-समझकर निर्णय लेना होगा।

## सभी प्रखंडों के मॉडल स्कूलों में एकरूपता रहेगी : शिक्षा मंत्री

**पटना(नि.सं.)।** शिक्षा मंत्री ने सभी प्रखंडों में खुलने वाले मॉडल स्कूलों में एकरूपता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने एक समान शिक्षक और छात्रों की संख्या सुनिश्चित करने, खेलकूद सामग्री और स्वच्छ शौचालय की उपलब्धता पर जोर दिया। इसके अलावा, बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन और आधार सीडिंग पर भी ध्यान देने का आदेश दिया। राज्य के सभी प्रखंडों में खुलने वाले मॉडल स्कूलों में एकरूपता रहेगी। शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिये। शिक्षा मंत्री ने सात निश्चय 3.0 के तहत राज्य में निर्माणाधीन मॉडल स्कूलों में एक समान शिक्षक और छात्रों की संख्या रखने को कहा। ऐसा नहीं हो कि कहीं कम विद्यार्थी का नामांकन लिया जाये और कहीं अधिक। इसी तरह शिक्षकों की भी स्थिति में ध्यान रखना है कि सभी मॉडल स्कूलों में आवश्यक सभी विषयों के शिक्षक हों। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मॉडल स्कूलों की संरचना एवं गुणवत्ता में विसंगति स्वीकार्य नहीं होगी।

बिहार में अब बिजली कनेक्शन में देरी पड़ेगी महंगी

# तीन दिन में बिजली कनेक्शन नहीं देने पर अधिकारी पर एक हजार रोजाना जुर्माना

- शहरों में 3 दिन के भीतर कनेक्शन देना अनिवार्य
- ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन की समय-सीमा तय

निज संवाददाता | पटना




बिहार में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने और बिजली सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने 'बिजली आपूर्ति संहिता' में व्यापक बदलाव किया है। करीब 19 वर्षों बाद किए गए इस संशोधन को ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, जिससे आम लोगों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल हुई है। नए प्रावधान के तहत अब यदि कोई अधिकारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर नया बिजली कनेक्शन देने, मीटर बदलने या बिजली से संबंधित अन्य सेवाएं प्रदान करने में विफल रहता है, तो उसे अपनी जेब से प्रतिदिन 1000 का जुर्माना भरना होगा। यह जुर्माना देरी के चौथे दिन से लागू होगा और तब तक जारी रहेगा, जब तक सेवा पूरी नहीं कर दी जाती।

सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार समय-सीमा भी स्पष्ट रूप से निर्धारित की है। शहरी क्षेत्रों में आवेदन के 3 दिनों के भीतर नया बिजली कनेक्शन देना अनिवार्य होगा। वहीं अन्य नगर क्षेत्रों या टाउनशिप के लिए यह समय-सीमा 7 दिन तय की गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अधिकतम 15 दिनों का समय निर्धारित किया गया है।

इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य बिजली विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय करना और कार्यप्रणाली में सुधार लाना है। लंबे समय से यह शिकायत मिलती रही है कि उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन लेने या मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हफ्तों और कभी-कभी महीनों तक इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में यह नया नियम व्यवस्था में अनुशासन लाने का काम करेगा।

जेडीयू (जदयू) ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से इस फैसले की जानकारी साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मानना है कि इससे बिजली सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और कामकाज में तेजी आएगी। साथ ही उपभोक्ताओं का भरोसा भी बिजली व्यवस्था पर मजबूत होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस नियम का सख्ती से पालन किया गया, तो बिहार में बिजली सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। आम उपभोक्ताओं के लिए यह फैसला न केवल राहत देने वाला है, बल्कि उन्हें समयबद्ध सेवा पाने का अधिकार भी सुनिश्चित करता है।

# बिहार में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए रेलवे फाटकों पर आरओबी निर्मांण की मांग तेज

- बिहार में 141 समपारों पर आरओबी निर्माण का प्रस्ताव, केंद्र से मांगी मंजूरी खुलने से गंभीर जानहानि टली।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बढ़ते यातायात दबाव और रेलवे समपारों पर लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से 141 रेलवे समपारों पर सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) निर्माण की मंजूरी मांगी है। पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण रेलवे फाटकों पर जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंत्री ने पत्र में उल्लेख किया है कि ट्रेनों के सुरक्षित और सुगम संचालन को ध्यान में रखते हुए रेलवे पहले ही समपारों को खत्म कर सड़क ऊपरी पुल बनाने की दिशा में काम कर रहा है। राज्य सरकार के आग्रह पर बिहार में 219 समपारों पर आरओबी निर्माण का निर्णय लिया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेलवे बोर्ड ने 78 आरओबी के निर्माण को मंजूरी दी है। इनमें पूर्व मध्य रेलवे में 54, पूर्व रेलवे में 4, पूर्वोत्तर रेलवे में 17 और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 3 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

अब राज्य सरकार ने अतिरिक्त 141 समपारों की सूची केंद्र को भेजते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में इन पर भी आरओबी निर्माण की स्वीकृति देने का आग्रह किया है। सरकार का मानना है कि इन पुलों के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी और आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## भुवनेश्वर में 11-12 अप्रैल को इंजीनियरों का राष्ट्रीय जुटान

**पटना (नि.सं.)।** बिहार समेत देशभर के इंजीनियरों का बड़ा जमावड़ा आगामी 11 और 12 अप्रैल को भुवनेश्वर में होने जा रहा है। इंडियन इंजीनियर्स फेडरेशन (आईएनडीसीईएफ) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से अभियंता प्रतिनिधि भाग लेंगे। इंडेफ (पूर्वी प्रक्षेत्र) के सेक्रेटरी जनरल अंजनी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में देश के सभी सात प्रक्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ ही लगभग सभी राज्यों के अभियंत्रण सेवा संघों के सैकड़ों प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में इंडेफ की पुरानी मांगों में शामिल राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अभियंत्रण आयोग के गठन के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के अभियंत्रण संगठनों के प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और चुनौतियों को सामने रखेंगे, जिन पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा।

# एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य पांच किलो सिलेंडर के लिए आधार अनिवार्य



निज संवाददाता | पटना

बिहार में एलपीजी, पेट्रोलियम उत्पादों और कृषि जरूरतों की उपलब्धता को लेकर इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपी) ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि राज्य में सभी प्रकार के ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसीएस) और कृषि विभाग के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि राज्य के सभी जिलों में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराने की आवश्यकता नहीं है। इंडियन ऑयल के स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर अनूप सामंताराय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सप्लाई चेन में सुधार हुआ है और अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक महत्वपूर्ण निर्णय की भी घोषणा की गई। अब 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के वितरण के लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और वास्तविक लाभार्थियों तक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

वहीं, भारत पेट्रोलियम के स्टेट हेड (एलपीजी) अमित मित्तल ने बताया कि छात्रों और किराएदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टूडेंट एरिया में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कैंप लगाकर लोगों को एलपीजी के सुरक्षित उपयोग और उपलब्धता की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य राज्यों में आपूर्ति प्रभावित होने के कारण कुछ लोग बिहार लौट रहे हैं, जिससे मांग में हल्की वृद्धि हुई है। हालांकि, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भरोसा दिलाया है कि बढ़ती मांग के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# बिहार में मौसम का बदलेगा मिजाज बारिश और आंधी का यलो अलर्ट जारी

- 8-9 अप्रैल को ज्यादा खराब रहेगा मौसम, तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी

निज संवाददाता | पटना



बिहार में एक ओर तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं दूसरी ओर मौसम में बड़ा बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, राज्य के कई इलाकों में आंधी के साथ तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। अगले 3 से 4 दिनों तक अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा का दौर जारी रह सकता है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कई स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी आशंका जताई गई है, जिससे फसलों को नुकसान हो सकता है। विशेष रूप से 8 और 9 अप्रैल को मौसम के अधिक खराब रहने की संभावना है। इसके पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवाओं का प्रभाव बताया जा रहा है, जिससे पूरे राज्य में मौसम अस्थिर बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सतर्क रहें, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें तथा बिजली गिरने की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर शरण लें।

# बिहार बोर्ड इंटर नामांकन के लिए आवेदन शुरू, 18 अप्रैल तक मौका

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने सत्र 2026–2028 के लिए इंटरमीडिएट (11वीं) में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र-छात्राएं 18 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

नामांकन के लिए अभ्यर्थियों को ओएफएसएस पोर्टल (ofssbihar.net) के माध्यम से आवेदन करना होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस वर्ष राज्य के करीब 10 हजार इंटर स्तरीय संस्थानों में 17.50 लाख से अधिक सीटों पर नामांकन किया जाएगा। आवेदन के दौरान छात्रों को कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म (सीएएफ) भरना होगा, जिसमें वे न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 संस्थानों का चयन कर सकते हैं। फॉर्म भरते समय विद्यार्थियों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक विवरण, फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। आवेदन सबमिट करने से पहले उसका प्रीव्यू देखना अनिवार्य होगा, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए। आवेदन शुल्क 350 निर्धारित किया गया है, जिसे ऑनलाइन जमा करना होगा।

बोर्ड ने बताया कि नामांकन पूरी तरह मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाएगा। राज्य सरकार की आरक्षण नीति के तहत विभिन्न वर्गों के लिए सीटें निर्धारित हैं—अनुसूचित जाति 16%, अनुसूचित जनजाति 1%, अत्यंत पिछड़ा वर्ग 18%, पिछड़ा वर्ग 12%, महिलाओं के लिए 3% तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% आरक्षण लागू रहेगा। किसी भी सहायता के लिए छात्र हेल्पलाइन नंबर 0612-2230051 पर संपर्क कर सकते हैं।

# बिहार में 14,665 सरकारी भवनों पर वर्षा जल संचयन व्यवस्था स्थापित, जल संकट से निपटने की बड़ी पहल

निज संवाददाता | पटना



बिहार में जल संरक्षण को बढ़ावा देने और भविष्य में संभावित जल संकट से निपटने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत 14,665 सरकारी भवनों की छतों पर वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) की संरचना स्थापित की गई है। इस योजना के अंतर्गत विद्यालयों, अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न सार्वजनिक भवनों की छतों पर ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जिससे वर्षा के पानी को संरक्षित किया जा सके और उसे व्यर्थ बहने से रोका जा सके। इससे न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि भूगर्भ जल स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिल रही है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने इस पहल को जल संकट के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए यह अभियान बेहद उपयोगी साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन की यह व्यवस्था भूगर्भ जल स्तर को बेहतर बनाए रखने में मील का पत्थर साबित हो रही है। मंत्री ने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने की प्रक्रिया लगातार जारी है, ताकि अधिक से अधिक इलाकों को इस योजना का लाभ मिल सके।

गौरतलब है कि जल संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इस अभियान की शुरुआत की गई थी। सरकार की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने का भी एक सशक्त प्रयास है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सम्मान समारोह आयोजित कर उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**कौआकोल।** उच्च माध्यमिक विद्यालय छबैल में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर मैट्रिक एवं इंटर में सफल उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रभारी बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार ने इंटर कला बोर्ड परीक्षा में जिला में तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा मीसा भारती समेत अन्य सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण प्रतिभाओं ने इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मौके पर एमडीएम प्रभारी विजय शंकर,स्थानीय ग्रामीण अर्जुन प्रसाद वीर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 26वीं बैठक 11 अप्रैल को

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के राजेंद्र भवन में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 26वीं बैठक आगामी 11 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में कृषि विकास,नई तकनीकों के प्रसार,किसानों की समस्याओं तथा कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।बैठक में कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी तथा क्षेत्र के प्रगतिशील किसान भाग लेंगे।

### पंचायत सचिव आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**कौआकोल।** राजस्व कर्मचारी,सीओ एवं राजस्व अधिकारियों के बाद अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सचिव संघ के बैनर तले पंचायत सचिवों ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी है। कौआकोल प्रखण्ड में कार्यरत सभी पंचायत सचिवों ने बीडीओ को पांच सूत्री मांगों के समर्थन में पत्र लिखकर बुधवार संघ की प्रमुख मांगों में पंचायत से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। पंचायत सचिव ने बताया कि सचिवों का अंतरजिला स्थानांतरण,शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पंचायत राज पदाधिकारी के पद पर पदोन्नति, ग्रेड पे 2000 के स्थान पर 4200 किए जाने,पंचायत राज पदाधिकारी पद पर 25 प्रतिशत प्रोन्नति में आयु सीमा में छूट तथा परिवहन भत्ता की सुविधा आदि मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है।

### कौआकोल के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत





**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के भोरमबाग गांव निवासी मुसहर तांती के पुत्र नवीन कुमार की मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सिकंदरा–लखीसराय मुख्य मार्ग पर हुआ। बताया जाता है कि मृतक युवक बंधन बैंक में कार्यरत था। दुर्घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। नवीन कुमार अपने परिवार का होनहार सदस्य था। ग्रामीणों के अनुसार वह मिलनसार और लोकप्रिय युवक था। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

### कोरम के अभाव में पंचायत समिति की बैठक स्थगित



**नारदीगंज।** नवादा प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन नारदीगंज में मंगलवार को आयोजित बैठक नोंक झोंक और कोरम के अभाव में स्थगित हो गया। बैठक शुरु होने के पहले नारदीगंज पंचायत के पंचायत समिति सदस्य भाग दो के सुदामा सिंह उर्फ मनोज कुमार सिंह और प्रमुख पति दिनेश कुमार अकेला के बीच नोंकझोंक शुरु हो गया। मामला राशि आवंटन और योजनाओं को लेकर हुआ। अधिकारियों व पंचायत समिति सदस्यों के हस्तक्षेप के बाद बाद मामला शांत हुआ। यह बैठक एक बजे से शुरु होना था। लेकिन दो बजे तक उप प्रमुख अमित कुमार समेत अन्य अधिकांश पंचायत समिति सदस्य आयोजित बैठक में शामिल नहीं हो सके। ऐसे में कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दिया गया। इस बैठक में शामिल होने के लिए प्रमुख शोभा भारती,बीडीओ सोनिया ढनढननिया,मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव समेत अन्य पदाधिकारी व कई पंचायत समिति व जनप्रतिनिधि ही शामिल हुए थे। इधर,उप प्रमुख अमित कुमार ने कहा इस प्रखंड में 11 पंचायत हैं,और 15 पंचायत समिति सदस्य हैं। आरोप है कि प्रखंड प्रमुख शोभा भारती ने अपने कार्यकाल में योजनाओं के वितरण में अनियमितता और राशि का बंदरबांट किया गया है। जो जांच का विषय है। प्रखंड प्रमुख ने अपने चहेते पंचायत समिति सदस्यों को योजना का लाभ दिया है। जबकि अधिकांश पंचायत समिति सदस्यों को योजनाओं का लाभ देने से वंचित कर दिया है। जबकि सरकारी प्राविधान के मुताबिक सभी सदस्यों को योजनाओं का सामान्य रुप से आवंटित करना है। यह बैठक वितीय वर्ष मार्च 2026 तक होना चाहिए था, लेकिन सात अप्रैल 2026 को बैठक रखा गया, जो नियमानुसार नहीं है। इस बाबत बीडीओ ने कहा कोरम के अभाव में पंचायत समिति की बैठक स्थगित की गई है। प्रखंड प्रमुख के द्वारा निर्धारित तिथि को पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई। उनके माध्यम से बैठक की तिथि निर्धारित होती है। इधर, प्रखंड प्रमुख ने कहा आरोप बेबुनियाद है। सभी पंचायत समिति सदस्यों को सामान्य तौर पर योजनाओं का वितरण किया गया है। जो पंजी में दर्शाया हुआ है।

### पंच -सरपंच की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



**नारदीगंज( नवादा )।** पंच सरपंच संघ के प्रखंड इकाई नारदीगंज की बैठक मंगलवार को अनुसूचित टोला नारदीगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित हुई। अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरपंच प्रवेश रविदास ने किया। इस बैठक में सरपंच के अलावा न्याय सचिव,न्यायमित्र को ग्राम कचहरी के कार्यो व दायित्व के संचालन के बारें में विस्तार पूर्वक प्रखंड अध्यक्ष सरपंच प्रवेश रविदास ने जानकारी दी। उन्होंने कहा हर मंगलवार और शुक्रवार को ग्राम कचहरी में मुकदमे का सुनकर समझौता कराया जाता है। सभी न्याय सचिव प्रतिदिन ग्राम कचहरी में मौजूद रहेंगे। वही न्यायमित्र( वकील) प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को रहना आवश्यक है। गांव टोले के जमीनी विवाद, घरेलू विवाद,रुपये पैसे समेत अन्य छोटे छोटे विवाद को आपसी सहमति के साथ समझौता करने का प्रयास करेंगे। सीएम नीतीश कुमार ने 24 अक्टूबर 2024 को अत्याधुनिक न्याय प्रणाली की व्यवस्था का शुभारंभ प्रदेश के 38 जिलों में किया है। बिहार में ही सिर्फ आनलाइन पंजीकरण की सुविधा है। आप अपने मोबाइल या साइवर कैफे से आनलाइन व आफ़ लाइन मामला ग्राम कचहरी में दर्ज कर सकते हैं। ग्राम कचहरी में दर्ज हुए मामले को आप आनलाइन देख भी सकते हैं। मौके पर संघ के प्रखंड उपाध्यक्ष सरपंच नागेन्द्र कुमार सिन्हा, सरपंच डिंपू शर्मा,रिंकी देवी,मदन मोहन प्रसाद,सचिव नंदकिशोर राजवंशी,अंशु कुमार, मंजू कुमार,मनीष चौधरी, अविनाश कुमार,राधिका कुमारी, न्यायमित्र श्याम प्रसाद चौधरी समेत अन्य रहे।

# तकनीकी की बैठक में डीएम ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की किया समीक्षा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में तकनीकी विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के क्रम में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा एनएच-31 के 97वें किलोमीटर पर कादिरगंज एसएच-08 (सकरी नदी) तक बाईपास-सह सादीपुर रेलवे हॉल्ट के पास रेलवे क्रॉसिंग पार आरओबी निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि भू-अर्जन हेतु सेक्शन 11(1) का प्रकाशन दिनांक 12.03.2026 को किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं राजस्व अधिकारी, नवादा से समन्वय स्थापित कर भू-अर्जन हेतु चिन्हित भूमि पर गेहूं की फसल की कटाई के उपरांत कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि नवादा जिलांतर्गत सकरी नदी पर गोविंदपुर-रोह पथ में गोविंदपुर प्रखंड के समीप 20x27.80 मीटर आकार के उच्च स्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान गोविंदपुर-दर्शन नाला पथ एवं एनएच-20 से गोपालपुर मोड़ होते हुए कुलना तक पथ निर्माण कार्य को प्रगति में बताया गया। इसके अतिरिक्त लेघा, कझिया, नाद, कुलना, कौशी हवार, भूमई, अकबरपुर पीडब्ल्यूडी पथ तथा नवादा स्टेशन रोड से गोसाईबीघा, जहाना, सुपौल पथ से संबंधित योजनाएँ निविदा उपरांत तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं।

समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि कोशडीह पईन सिंचाई योजना का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिला पदाधिकारी ने अंतिम छोर पर अतिक्रमण की समस्या दूर करते हुए कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य सिंचाई योजनाओं एवं चेक डैम निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। नाटा नदी पहाड़पुर चेक डैम सीमांकन नहीं होने के कारण लंबित है, जिस पर जिला पदाधिकारी ने राजस्व अधिकारी से समन्वय स्थापित कर अमीन द्वारा सीमांकन कराते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत विभिन्न पथ एवं पुल निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल रजौली द्वारा बताया गया कि नरहट प्रखंड में पीएमजीएसवाई अंतर्गत फतेहपुर-नरहट पथ से बदलपुर पथ में विवादित हिस्से को छोड़कर शेष भाग में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

सहायक अभियंता, पीएचईडी द्वारा अवगत कराया गया कि 14 प्रखंडों में सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु कार्य जारी है, ताकि पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मेसकौर प्रखंड में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए आवश्यकता अनुसार जल टैंकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए जल समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

इसके अतिरिक्त बैठक में विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक डीआरडीए, कार्यपालक अभियंता (विद्युत), कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग नवादा एवं रजौली, कार्यपालक अभियंता आरसीडी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रजौली में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच में मिली कई अनियमितताएं, डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई



अल्ट्रासाउंड की जांच करते बीडीओ,पीएचसी प्रभारी व पुलिस बल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में संचालित चार अल्ट्रासाउंड का औचक निरीक्षण मंगलवार की दोपहर को बीडीओ संजीव झा ने किया। रजौली में संचालित कई अल्ट्रासाउंड संचालक सिर्फ चिकित्सक द्वारा समर्पित कागजातों के आधार पर रजिस्ट्रेशन करवा लिए हैं,किंतु संबंधित अल्ट्रासाउंड सेंटर में नहीं आते हैं और अन्य व्यक्तियों द्वारा अल्ट्रसाउंड सेंटर का संचालन किया जा रहा है। वहीं कुछ अल्ट्रासाउंड सेंटर ऐसे भी हैं,जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है और वे अवैध रूप से सेंटर का संचालन कर रहे हैं। इसी विषय वस्तु को लेकर जिलाधिकारी नवादा के निर्देश पर रजौली में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच हेतु एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम का नेतृत्व बीडीओ संजीव झा ने किया एवं साथ में पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला एवं एसआई सचिन कुमार के साथ पुलिस बल शामिल रहे। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि रजौली में कुल चार अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया,जिनमें पुरानी बस स्टैंड स्थित सुपर अल्ट्रासाउंड,राज श्री अल्ट्रासाउंड,नालंदा अल्ट्रासाउंड एवं ड्योढ़ी स्थित मनोहर मेमोरियल अस्पताल शामिल है। जांच के क्रम में सुपर अल्ट्रसाउंड जिस चिकित्सक ने नाम पर रजिस्टर्ड है,वे अनुपस्थित पाए गए। नालंदा अल्ट्रासाउंड सेंटर और राजश्री नामक अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद पाया गया। वहीं मनोहर मेमोरियल अस्पताल में बिना रजिस्ट्रेशन के अल्ट्रासाउंड पाया गया,अस्पताल के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि अल्ट्रासाउंड में रजिस्टर्ड महिला चिकित्सक के चले जाने के बाद से अल्ट्रासाउंड बंद है। पीएचसी प्रभारी ने कहा कि जांच रिपोर्ट को बीडीओ को सौंप दिया गया है। वहीं इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि अल्ट्रासाउंड सेंटरों के रिपोर्ट को जिला मुख्यालय को भेजा जाएगा। स्थानीय पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्र में जांच की खबर आग की तरह फैल गई और कई अवैध नर्सिंग होम संचालक अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर भाग खड़े हुए।

## खनवां विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, छात्राओं को लगाया गया ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन



वैक्सीन लगाते मेडिकल टीम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** मंगलवार को +2 सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खनवां नरहट के सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट की चिकित्सकीय टीम द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन का टीकाकरण किया गया, जो महिलाओं में होने वाले कैंसर, विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम में सहायक है। शिविर के दौरान विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का संपूर्ण शारीरिक परीक्षण भी किया गया। साथ ही आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया और सभी बच्चों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद कुमार, शिक्षक बालमुकुंद ठाकुर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जिन छात्राओं को पहले डोज दिया जा चुका था, उन्हें दूसरा डोज लगाया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अब एक नई वैक्सीन उपलब्ध है, जिसमें केवल एक ही डोज लेने की आवश्यकता होती है।

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**04 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण**



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत कुल 10 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 04 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में पवन कुमार द्वारा झूठा आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज किए जाने के संबंध में, नवीन कुमार द्वारा दाखिल-खारिज पंजी का बाज़बता नक़ल लेने के संबंध में तथा शिवशंकर यादव द्वारा माननीय व्यवहार न्यायालय, नवादा द्वारा पारित आदेश के अनुपालन को अंचल अधिकारी, अकबरपुर द्वारा नहीं किए जाने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।

विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# रजौली में जल जीवन हरियाली दिवस परकिसान संगोष्ठी का आयोजन, पराली नहीं जलाने की अपील

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




किसान संगोष्ठी में शामिल पदाधिकारी व किसान

**रजौली।** रजौली प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ई-कृषि भवन में जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर मंगलवार को अनुमंडलीय कृषि पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार के नेतृत्व में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीडीओ संजीव झा,सीओ कृष्ण कांत चौबे,प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम से किसानों को खेती के दौरान कम से कम पानी के उपयोग करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीक के बारे में बताया गया कि कम पानी में खेती के लिए ड्रिप सिंचाई ,मल्चिंग (मिट्टी ढंकना) और सूखा-प्रतिरोधी फसलों (जैसे बाजरा, चना, मूंग, फालसा, कद्दू) का चयन सबसे उत्तम है। साथ ही मेड़ बनाकर खेती करने और वर्षा जल संचयन से पानी की खपत 50-60% तक कम की जा सकती है, जिससे लागत घटेगी और मुनाफा बढ़ेगा। साथ ही किसानों को गेहूं एवं धान फसल की कटाई के बाद पराली को खेतों में जलाने से मना किया गया है। बीडीओ ने कहा कि पराली जलाने से उत्पन्न वायु प्रदूषण से आसपास के वातावरण दूषित होते हैं,जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि आप अपने आसपास के किसान भाइयों को पराली जलाने से मना करें,अन्यथा पकड़े जाने पर किसान का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया जाएगा। वहीं सीओ ने किसानों से अपील किया कि वे जल बचाने के साथ-साथ खेत के आसपास अधिक मात्रा में पेड़-पौधे लगाएं। इस मौके पर आत्मा अध्यक्ष मनोज कुमार,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार रंजन,सहायक तकनीकी प्रबंधक अंशिका कुमारी व पूजा कुमारी,कृषि समन्वयक धनंजय कुमार,रामा शंकर इव रणधीर राम के अलावे विभिन्न पंचायतों के किसान सलाहकार एवं दर्जनों किसान बंधु मौजूद रहे।

## पति और सास ने महिला के साथ की मारपीट,सिर फटा,अस्पताल में इलाजरत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के ग़ैरिबा गांव में मंगलवार को एक महिला को उसके पति और सास ने जमकर मारपीट किया। इस मारपीट में महिला का सिर फट गया। महिला ने डायल 112 की टीम को मदद हेतु कॉल किया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल महिला को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गुलाम अनीश ने बताया कि घायल महिला की पहचान ग़ैरिबा गांव निवासी गुड्डू कुमार की पत्नी नंदिनी कुमारी के रूप में हुई है। नंदिनी का सिर फटा हुआ था,जिसका प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई एवं दवाइयां दी गई है। वहीं घायल महिला ने बताई कि वे मंगलवार को दोपहर में घर में बैठी थी। इसी बीच पुराने घरेलू विवाद को लेकर उसके पति और सास झगड़ा करने लगी,जिसका विरोध करने पर दोनों लोगों ने जमकर मारपीट किया। पीड़ित महिला ने बताई कि उसके पति ने सिर के बाल पकड़कर सड़क पर पटक दिया,जिससे उसका सिर फट गया है।पीड़ित महिला द्वारा मायके को मारपीट की सूचना दी गई है। परिजनों के आने के बाद उन्होंने थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की बात कही है। नंदिनी की हालत देखकर उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वे न्याय की गुहार लगा रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि लिखित आवेदन मिलने पर जांचोपरांत उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बुनियाद केन्द्र, रजौली में 26 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का वितरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के दिशा-निर्देश पर आज दिनांक 07.04.2026 को बुनियाद केन्द्र, रजौली (नवादा) में सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नवादा श्री रीतेश कुमार द्वारा 26 चयनित दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। यह वितरण मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना अंतर्गत संचालित राज्य योजना "सम्बल" के तहत किया गया। बैट्री चालित ट्राईसाइकिल प्राप्त कर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे बिना किसी कठिनाई के अपने जीविकोपार्जन एवं शिक्षा हेतु आवागमन कर सकेंगे। सहायक निदेशक ने बताया कि दिव्यांगजनों की आवागमन संबंधी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इस योजना के अंतर्गत निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण जैसे बैट्री चालित ट्राईसाइकिल, हस्त चालित ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने अधिक-से-अधिक दिव्यांगजनों से योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन करने की अपील की।

**कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु पात्रता :**

दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत हो,

वार्षिक आय अधिकतम 2 लाख रुपये हो,

बिहार राज्य का निवासी हो,

पिछले तीन वर्षों में समान प्रकार के उपकरण का लाभ प्राप्त न किया हो।




**आवश्यक दस्तावेज :**

दिव्यांगता प्रमाण पत्र या UDID कार्ड

आधार कार्ड/वोटर आईडी

आय प्रमाण पत्र/बीपीएल कार्ड

निवास प्रमाण पत्र

**आवेदन प्रक्रिया :**

दिव्यांगजन अपना आवेदन संबंधित प्रखंड कार्यालय, बुनियाद केंद्र या जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय, नवादा में जमा कर सकते हैं।

**बैट्री चालित ट्राईसाइकिल हेतु विशेष पात्रता :**

चलंत (Locomotor) दिव्यांगता हो,

दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत हो,

आय अधिकतम 2 लाख रुपये हो,

आयु न्यूनतम 18 वर्ष हो,

बिहार का निवासी हो,

पिछले 5 वर्षों में बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का लाभ न लिया हो।

**आवेदन प्रक्रिया (ऑनलाइन) :**

बैट्री चालित ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल http://sambalyojana.bihar.gov.in/SWFTC/Default.aspx के माध्यम से किया जा सकता है।

सहायक निदेशक द्वारा सभी दिव्यांगजनों को UDID कार्ड बनवाने हेतु भी प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए UDID कार्ड आवश्यक है। जिन दिव्यांगजनों के पास प्रमाण-पत्र या UDID कार्ड उपलब्ध नहीं है, वे https://www.swavlambancard.gov.in/ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

साथ ही, जिनके पास दिव्यांगता प्रमाण-पत्र है परंतु UDID कार्ड नहीं है, वे भी उक्त पोर्टल अथवा प्रखंड कार्यालय या जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नवादा में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, आधार की छायाप्रति एवं फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### स्ट्रेचर नहीं मिला, स्कूटी से मरीज को ले गए परिजन, मगध मेडिल कॉलेज में दादी को भर्ती कराया था



**गया।** गयाजी में मगध मेडिल कॉलेज अस्पताल में सोमवार को स्ट्रेचर नहीं मिला। जिसके बाद एक युवक अपनी बीमार दादी प्यारी देवी को स्कूटी से निजी अस्पताल लेकर गया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। प्यारी देवी को सांस लेने में तकलीफ थी। पोते ने उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजन का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद मरीज को तुरंत इलाज नहीं मिला। डॉक्टर पर नहीं थे। मरीज की स्थिति बिगड़ती जा रही थी। इसलिए परिजन ने निजी अस्पताल ले जाने का फैसला लिया। परिजन ने स्ट्रेचर मांगा तो वो भी नहीं मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर डॉक्टर उपलब्ध होते और अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं मिलतीं, तो उन्हें मरीज को इस तरह जोखिम उठाकर ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने इस घटना को अस्पताल की लापरवाही और अमानवीय बताया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. किशोर कुमार सिंह ने कहा कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है। अस्पताल में स्ट्रेचर की कोई कमी नहीं है। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है, तो इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### शीतला माता मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश वर्जित श्रद्धालु बाहर से कर रहे दर्शन-पूजन




**नालंदा।** बिहार शरीफ के प्रसिद्ध मघड़ा शीतला माता मंदिर में पिछले दिनों हुई दुखद घटना के बाद आज मंगलवार को जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। हादसे से सबक लेते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और क्राउड कंट्रोल के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। जिसके तहत पूरे परिसर में मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। मंदिर के बुनियादी ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए अब पुरानी सीढ़ियों के स्थान पर चौड़ा रैंप बना दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही में किसी प्रकार का अवरोध पैदा न हो। इसके साथ ही भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की गई है, जिससे कतारें व्यवस्थित बनी रहें। मंदिर के आंतरिक प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण सुधार लागू किए गए हैं। नए नियमों के अनुसार, गर्भगृह के बाहर पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं को वापस प्रवेश द्वार की ओर आने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसके बजाय, निकासी के लिए पीछे की ओर दो अलग-अलग बने द्वार से श्रद्धालुओं को सीधे बाहर निकाला जा रहा है। हालांकि, प्रशासन जिस भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए तैयारियां कर रहा था, वैसा दृश्य आज देखने को नहीं मिला। पिछले हादसे के डर और प्रशासनिक सख्ती का असर साफ तौर पर श्रद्धालुओं की संख्या पर दिखाई दिया। इसके बावजूद, मंदिर प्रशासन और सुरक्षाकर्मियों का मानना है कि नई व्यवस्थाएं लंबी अवधि के लिए कारगर साबित होंगी और अब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ रही है। श्रद्धालुओं ने भी शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन किए, जिससे मंदिर परिसर में व्यवस्था बहाल होती दिखाई दे रही है।

### बिहार शरीफ में 2 गुट आपस में भिड़े, लेनदेन के विवाद में फल कारोबारी से मारपीट



**नालन्दा।** बिहार शरीफ में खंदकपर मोड़ के पास बकाया पैसों के लेन-देन को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। हिंसक झड़प में फल व्यवसायी मोहम्मद दानिश गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल को डायल 112 की टीम की मदद सेमॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मानपुर थाना क्षेत्र के पलटपुरा गांव का रहने वाला है। विवाद की जड़ फलों की आपूर्ति के बदले बकाया राशि का भुगतान न करना बताया जा रहा है। घायल ने बताया कि दूसरे पक्ष को फल की सप्लाई की थी। जब उन्होंने अपने पैसे मांगे, तो आरोपी पक्ष ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया और धमकी देने लगे। कहा कि पैसे नहीं देंगे, जो करना है कर लो। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों की ओर से 10 से ज्यादा लोग जमा हो गए। देखते ही देखते बाजार में मारपीट शुरू हो गई। व्यस्त इलाका होने के कारण मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। लोगों ने इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। वहीं, इस संबंध में सदर डीएसपी वन नुरुल हक ने बताया कि फल के पैसे को लेकर मारपीट की घटना हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

### राजगीर में अधिकारियों की मौजूदगी में परखी गई सुरक्षा व्यवस्था, पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया

**नालंदा।** राजगीर में रत्नागिरी पर्वत पर स्थित 8-सीटर आकाशीय रज्जुपथ में मंगलवार को इमरजेंसी से निपटने के लिए एनडीआरएफ (NDRF) और रोपवे टेक्निकल टीम की ओर से संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के दौरान एक काल्पनिक संकट की स्थिति उत्पन्न की गई, जिसमें तकनीकी खराबी के कारण तीन पर्यटक केबिन टावर नंबर 3 के पास फंस गए और उनका आगे बढ़ना असंभव हो गया। बचाव अभियान की शुरुआत करते हुए सबसे पहले रोपवे टेक्निकल टीम ने केबिन में फंसे एक पर्यटक को सुरक्षित बाहर निकाला, जिसके तुरंत बाद एनडीआरएफ की 9वीं वाहिनी के 30 सदस्यीय दल ने कमान संभाली। शेष दो पर्यटकों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। इस पूरे ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आपातकाल में बचाव तंत्र की मुस्तैदी को परखना था। सुरक्षा अभ्यास के दौरान एनडीआरएफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट शशि देव प्रसाद और इंस्पेक्टर जैनेन्द्र कुमार सहित 28 जवान मुस्तैद रहे। मौके पर राजगीर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO), रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार, यांत्रिक कनीय अभियंता राजवीर साह, तकनीकी हेड रोहित कुमार और राजगीर थाना से पर्यटन पुलिस के सदस्य भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने इस मॉक ड्रिल को सफल बताते हुए तकनीकी टीम और एनडीआरएफ के बीच बेहतर तालमेल की सराहना की। बता दें, राजगीर का रज्जुपथ न केवल श्रद्धालुओं को विश्व शांति स्तूप तक सुगम पहुंच प्रदान करता है, बल्कि यहां से पंत वन्यजीव अभ्यारण्य और मगध की पहाड़ियों का मनोरम दृश्य भी दिखाई देता है। पर्यटकों की सुविधा के लिए अब यहां अत्याधुनिक 8-सीटर केबिन (केबल कार) संचालित की जा रही है।

# गयाजी में जीतनराम मांझी बोले- गरीबों पर कार्रवाई हो रही, बड़े तस्कर भाग रहे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया शहर के सरहरी मोड़, भूसंडा स्थित हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) के जिला कार्यालय में आज एक मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी शामिल हुए। समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जीतन राम मांझी ने पार्टी की नीतियों के बारे में बातचीत की। साथ ही तेजस्वी यादव से सवाल किए। जीतनराम मांझी ने कहा है कि तेजस्वी यादव बताएं कि बालू और शराब माफिया कौन है। वे इन्हीं के लोग है। यहां गरीबों पर लाखों केस हो गए है। बड़े-बड़े शराब तस्कर भाग रहे है। तेजसेवी यादव के लोग बच जाते है। मांझी ने आगे कहा कि कोई पाव भर शराब ले जा रहा है, तो उसको पकड़ना नहीं है। संसोधन हुआ है कि कोई पीकर जा रहा है, तो उस पर जुर्माना लगेगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ कार्यकर्ता पार्टी से अलग हो गए थे। चुनाव परिणामों के बाद उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की और फिर से पार्टी में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी छोटी है और सामूहिकता पर आधारित है। उन्होंने तर्क दिया कि हर गलती पर कार्यकर्ताओं को बाहर करने से पार्टी का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। इसलिए, जो लोग अपनी भूल स्वीकार करते हैं, उन्हें माफ कर फिर से साथ लेकर चलना चाहिए। इसी सिद्धांत के तहत नंदलाल मांझी सहित कई दर्जन समर्थकों की पार्टी में वापसी कराई गई।




**मांझी ने तेजस्वी यादव से किए सवाल:** मीडिया से बातचीत के दौरान जीतन राम मांझी ने शराबबंदी को लेकर तेजस्वी यादव के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने तेजस्वी यादव से आत्ममंथन करने और यह स्वीकार करने को कहा कि बिहार में बालू और शराब माफिया कौन हैं। मांझी ने आरोप लगाया कि इन अवैध गतिविधियों में तेजस्वी यादव के लोग शामिल हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि शराबबंदी नीति सही है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में कई खामियां हैं। मांझी ने सरकार से इस नीति की समीक्षा करने की मांग की, ताकि इसमें सुधार हो सके और आम जनता को इसका वास्तविक फायदा मिल सके।

**पश्चिम बंगाल सरकार पर भी उठाए सवाल:** मांझी ने पश्चिम बंगाल की राजनीति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने ममता बनर्जी पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में बाहरी लोगों को वोटर लिस्ट में शामिल किया जा रहा है और गलत आधार कार्ड बनवाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस तरह के काम के कारण ही वहां की सरकार लगातार सत्ता में बनी हुई है। मांझी ने यह भी कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल की जनता बदलाव के मूड में है और आने वाले चुनाव में स्थिति अलग हो सकती है। संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम कुल मिलाकर, गया में आयोजित यह मिलन समारोह सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि पार्टी के विस्तार और मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ पुराने कार्यकर्ताओं की घर वापसी, नए सदस्यों का जुड़ना और नेतृत्व के स्पष्ट संदेश ने यह संकेत दिया कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा आने वाले समय में अपनी राजनीतिक पकड़ को और मजबूत करने की तैयारी में है।

**सदस्यता अभियान को मिली नई गति:** मिलन समारोह के साथ-साथ पार्टी के सदस्यता अभियान को भी गति देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी से यह साफ संकेत मिला कि पार्टी अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में सक्रिय है। नेताओं ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में और भी लोग पार्टी से जुड़ेंगे और संगठन को विस्तार मिलेगा।

## इमामगंज में अवैध बालू पर कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार



जब्त ट्रैक्टर के साथ कार्रवाई करते थानाध्यक्ष अमित कुमार व पुलिस टीम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि छकरबंधा पंचायत के मोहगाई गांव के समीप डोमटोली इलाके में एक ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू ढोते हुए गुजर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को रोककर जांच की, जिसमें अवैध बालू लदा पाया गया। इस दौरान ट्रैक्टर चला रहे बधौता गांव निवासी सिकंदर भारती को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और संबंधित विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सलैया पंचायत में प्रतिभा का सम्मान: मैट्रिक-इंटर टॉपर्स को किया गया सम्मानित







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मुखिया सुनीता कुमारी ने मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूरे पंचायत में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान इंटर साइंस एवं आर्ट के टॉप 3 विद्यार्थियों सहित मैट्रिक परीक्षा में सफल 10 छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। मुखिया ने सभी प्रतिभावान बच्चों को पुष्प, माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उन्हें पाठ्य सामग्री भी प्रदान की, ताकि वे आगे की पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।इस मौके पर मुखिया सुनीता कुमारी ने कहा कि पंचायत के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज और देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बच्चों को आगे भी मेहनत करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर उनके योगदान की सराहना की गई। इस संबंध में मुखिया पति संतन पासवान ने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस अवसर पर मुखिया पति संतन पासवान, अर्जुन पासवान, नागेंद्र बाबा, राजेश साव, नागेश्वर शर्मा, सरपंच पति राधे पासवान, बृजेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस पहल की सराहना की।

## पीड़िता को न्याय दिलाने सड़कों पर उतरा प्रजापति समाज, कहा- दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए

### प्रदर्शन के बाद डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा के नूरसराय प्रखंड की एक महिला के साथ हुए अन्याय के खिलाफ बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के बैनर तले मंगलवार को बिहार शरीफ के अस्पताल मोड़ पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन में प्रजापति समाज के साथ-साथ अतिपिछड़ा समाज के लोग भी भारी संख्या में शामिल हुए।

आंदोलन के दौरान वक्ताओं ने प्रशासनिक शिथिलता पर सवाल उठाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन के समापन के बाद समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने नालंदा के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए पुलिस तत्परता दिखाए और मामले के दोषियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई की जाए। जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि इस तरह के जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले दोषियों के लिए फांसी से कम कोई सजा नहीं होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न कर सके।




**अपराधी किसी भी कीमत पर न बच पाएं:** वहीं, जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू ने बिहार में अतिपिछड़ा समाज पर बढ़ते उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज की बेटी के साथ जो अपराध हुआ है, उसमें प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि असली अपराधी किसी भी कीमत पर बचने न पाएं और किसी निर्दोष को परेशान न किया जाए।

समाजसेवी प्रवेश कुमार ने सरकार से इस संवेदनशील मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि इस केस का स्पीडी ट्रायल किया जाए और एक महीने के भीतर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजकर कड़ी सजा दिलाई जाए।

**प्रदर्शन में ये रहे शामिल:** प्रदर्शन में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के कई व्यक्तियों ने हिस्सा लेकर अपनी एकजुटता जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री शीला पंडित, जदयू नेता जनार्दन पंडित, अतिपिछड़ा नेता अवधेश पंडित के अलावा दिलीप मंडल, रंजीत शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, गोरख ठाकुर, रामप्रीत चौहान और कुमारी सरोज सिन्हा सहित कई अन्य कार्यकर्ता और समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उपस्थित नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पीड़िता को जल्द न्याय नहीं मिला तो आने वाले समय में आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा।

## इमामगंज में शराब तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, चार धंधेबाज धराए



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इमामगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गश्ती के दौरान की गई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया।

थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी, तभी प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार के पास कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। शक होने पर जब पुलिस ने तलाशी ली तो उनके पास से शराब बरामद हुई। इसके बाद मौके पर ही चारों को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में रफीगंज थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार और राजकुमार, कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा निवासी सूरज कुमार तथा सलैया थाना क्षेत्र के पोखरी गांव निवासी कुंदन कुमार शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से करीब साढ़े चार लीटर अंग्रेजी शराब और आठ लीटर महुआ शराब बरामद की है। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल हो रहे पांच मोबाइल फोन और दो बाइक भी जब्त किए गए हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे धंधों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# गयाजी में मुफ्त एडमिशन की मांग को लेकर लड़कियों का बबाल, कहा- डीएम से भी गुहार लगाई थी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की छात्राओं ने प्रदर्शन किया है। निशुल्क एडमिशन की मांग को लेकर छात्राओं ने कालेज गेट के आगे जमकर प्रदर्शन किया। उन्हें कालेज प्रबंधन की ओर समझाने कई प्रतिनिधि आए लेकिन वे नहीं मानी। कालेज गेट पर ही दोपहर बाद से लेकर शाम तक अड़ी रही। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं निकला। फिलहाल कॉलेज की छात्राओं के बीच एडमिशन नहीं होने की वजह से आक्रोश है। फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा सोनी कुमारी ने बताया कि यूनिवर्सिटी के वीसी का आदेश है कि छात्राओं से एडमिशन शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह बिहार सरकार का प्रावधान भी है। लेकिन कालेज प्रबंध इस बात से इनकार कर रहा है। सोनी ने बताया कि 23 फरवरी को जब हम छात्राएं एडमिशन लेने के लिए कॉलेज पहुंची, तो बताया गया कि पोर्टल बंद हो गया। जबकि पोर्टल 25 फरवरी को सूचना के मुताबिक बंद होना चाहिए था।

**15 मार्च को पोर्टल खुलेगा:** इस दौरान कालेज प्रबंधन की ओर से बताया गया कि 15 मार्च को पोर्टल खुलेगा और निशुल्क एडमिशन होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ फिर 29 मार्च को पोर्टल खोले जाने की बात बताई गई। लेकिन वह भी नहीं हुआ। कॉलेज प्रबंधन के इस रवैये से 90 लड़कियों का करियर दाव पर है। छात्रा सोनी ने बताया कि इस समस्या का समाधान के लिए हम छात्राओं ने डीएम शशांक शुभंकर से गुहार लगाई थी।

डीएम ने स्पीकर आन कर प्रिंसिपल से फोन पर बात की थी। प्रिंसिपल ने फोन पर डीएम को बताया था कि आधे लड़कियों का एडमिशन शुल्क लेकर किया गया है। अब निशुल्क लेते हैं, तो धांधली की बात सामने आएगी। इस वजह से एडमिशन नहीं लिया जा सकता। यही नहीं लड़कियों ने यहां तक बताया कि हेड मास्टर कहती हैं कि एक साल मेरा प्रेग्नेंसी में खराब गया है। तुम लोगों का भी एक साल खराब होगा, तो क्या हो जाएगा। छात्राओं के बवाल किए जाने की सूचना पर सिविल लाइंस पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन स्टूडेंट्स के हित मे कोई समाधान नहीं हो सका।



## संक्षिप्त समाचार

### दो साल से बचता आ रहा अभियुक्त इस बार कानून के शिकंजे से नहीं बच सका हुआ गिरफ्तार गया जेल

**काराकाट /रोहतास** : थाना क्षेत्र में आखिरकार कानून का शिकंजा उस अभियुक्त तक पहुंच ही गया,जो बीते दो वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था । थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करूप निवासी उपेंद्र बैठा के पुत्र नीतीश कुमार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया । नीतीश कुमार के खिलाफ स्थानीय थाना में कांड संख्या 591/24 के तहत शराब से जुड़ा मामला दर्ज था । केस दर्ज होने के बाद से ही वह लगातार फरार था और पुलिस की हर कोशिश को नाकाम कर रहा था । हालांकि पुलिस ने भी हार नहीं मानी और लगातार उसकी तलाश जारी रखी ।आखिरकार सटीक सूचना ने पुलिस को सफलता दिलाई । जैसे ही जानकारी मिली कि अभियुक्त अपने घर में छिपा है,पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए घेराबंदी कर छापेमारी की और उसे मौके पर ही पकड़ लिया । दो साल से बचता आ रहा अभियुक्त इस बार कानून के शिकंजे से नहीं बच सका । काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि कानून से भागने वाले चाहे जितनी चालाकी कर लें, एक दिन उन्हें पकड़ में आना ही पड़ता है । हमारी टीम लगातार ऐसे फरार अभियुक्तों पर नजर बनाए हुए है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी । गिरफ्तार अभियुक्त को विधिसम्मत कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया । पुलिस की इस सफलता से इलाके में अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है ।

### जनता की हर समस्या का हो समाधान यही प्राथमिकता: तारिक अनवर



**कटिहार**। कटिहार के सांसद तारिक अनवर ने मंगलवार को आजमनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत बगछल्ला,आजमनगर पंचायत, निमोल हाट,राधानगर,महेशपुर और शीतलमनी में हाई मास्ट टावर लाइट का उद्घाटन किया।दौरे के क्रम में सांसद ने धूमनगर में स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित "यूनिटी कप" वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए खेल के महत्व पर जोर दिया। सांसद ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की हर परेशानी का शीघ्र समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि कटिहार लोकसभा क्षेत्र में जो विकास कार्य वर्षों से लंबित हैं। उन्हें जल्द पूरा करना उनका लक्ष्य है। सांसद के इस दौरे से स्थानीय लोगों में विकास को लेकर उम्मीद जगी है। मौके पर कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास,सऊद आलम, आले रसूल,जुबेर आलम,नैयर आलम, डॉक्टर हिफाजुद्दीन,मतीन साहब,मंसूर आलम,मोहम्मद असगर,नाजु,मारूफ साहब,अनवर,मो. मिस्टर, मुन्ना कुमार मुखिया शीतलमनी,शाहबाज आलम मुखिया,मो०जाकिर, मुबारक, बदरुद्दीन, नैमूल, मुजीबुर रहमान, हन्नान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कई नेता कार्यकर्ता एवं कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोग भी मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर वर्ग 5 के छात्र -छात्राओं को अश्रुपूर्ण विदाई दी



**कटिहार**। जिले के मनसाही प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के प्रांगण में वर्ग 5 के छात्र-छात्राओं को अश्रुपूर्ण विदाई दी गई। विद्यालय प्रधान उत्तम कुमार के द्वारा छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सफलता के मंत्र भी बताये, और सबों को शुभ आशीष दिये। इस अवसर पर 5 के छात्र-छात्राओं में राजवीर,कुसुम,अंकित अनुप्रिया,ज्योति, अंकित प्रियांशु कुमार, प्रियांशु राज, मयन, अमन को चंदन टिका लगाकर माला पहनाकर सभी का मुँह मीठा किये।सभी को विधालय परित्याग प्रमाण पत्र एवं प्रगतिपत्रक भी प्रदान किये गये,ताकि मिडिल स्कूल में जल्द से जल्द नामांकन करवा सके।साथ ही विधालय के सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षकों में बिनोद कुमार रजक, वंदना,मंजू, सारिका, प्रियम एवं शिक्षा सेवक प्रवीण कुमार ऋषिदेव इत्यादि मौजूद थे।

### प्राणपुर प्रखंड में सरकार के नियम कानून को ताक पर रख कर आंगनबाड़ी का हो रहा है संचालन

**कटिहार**। जिले के प्राणपुर बाल विकास परियोजना अंतर्गत कई आंगनबाड़ी केंद्र हैं,जो कि सरकार के नियम कानून को ताक पर रख कर संचालित किया जा रहा है।जिसका उदाहरण प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत केवाला पंचायत के वार्ड संख्या चार केंद्र 146,वार्ड संख्या पांच केंद्र 41 वार्ड संख्या तीन से लेकर आठ तक देखा गया कि यह आंगनबाड़ी केंद्र पर नव निहाल बच्चों की उपस्थिति दस से अधिक नहीं थी। बच्चों को सुबह देने वाली प्रत्येक दिन पौष्टिक आहार के रूप में फल,केला मौशमी,अंडा दूध इत्यादि बच्चों को नहीं दिया जा रहा है।यह शिकायत सिर्फ केवाला पंचायत का नहीं है, बल्के पूरे प्राणपुर प्रखंड के अधिकांश पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आज तक किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में फल,मौशमी,अंडा, दूध,केला,इत्यादि बच्चों को नहीं दिया गया है।जबकि बच्चों के लिए सरकार द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह का नाश्ता उक्त सभी फल इत्यादि पौष्टिक आहार के रूप में बच्चों को दिया जाना है। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका,महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा सरकार के नियम कानून को ताक पर रख संचालित किया जा रहा है। प्राणपुर प्रखंड के सीडीपीओ से दुरभाष से वार्तालाप करने की कोशिश की गयी लेकिन वार्तालाप नहीं हो सकी।

### कुमारीपुर पंचायत आंगनबाड़ी सेविका के विरुद्ध सीडीपीओ को सौंपा मांग पत्र

**कटिहार**। कटिहार जिले के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत कुमारीपुर पंचायत के बैरगाछी वार्ड संख्या 17 में आंगनबाड़ी सेविका पर गंभीर आरोपों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने सीडीपीओ कार्यालय पहुंचकर सेविका के खिलाफ लिखित आवेदन सौंप कर कार्रवाई करने की मांग किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र में पोषाहार वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बच्चों के लिए मिलने वाली राशि का गबन किया जा रहा है और समय पर भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता। जदयू प्रखंड अध्यक्ष मंजय साह, सरपंच राजेंद्र सिंह व प्रधान मैसा मरांडी, पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह सहित कई लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सीडीपीओ ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# हेल्थ वेलनेश सेंटर सीएचओ सुविधाओं के बेहतरी में करें सुधार

- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बैठक करके कम्नियूकेबल डिजीज समेत सभी तरह के स्वास्थय सुविधाओं का किया समीक्षा
- लापरवाही बरतने वाले सीएचओ पर होगी कार्रवाई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अन्तर्गत संचालित ओपीडी, पंचायतों के हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर पर कार्यरत ओपीडी सेवा,प्रसव,टीकाकरण, बन्ध्याकरण ऑपरेशन आदी स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सुमित कुमार ने बैठक की.

इस दौरान पंचायत मुख्यालय अन्तर्गत संचालित हेल्थ वेलनेश सेंटर के सीएचओ से ओपीडी की सेवा,दवाओं के प्रकार, रख रखाव,प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा जांच के लिए उपलब्ध सुविधाओं,एक सप्ताह में हुए प्रसव,बंध्याकरण ऑपरेशन,जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए सरकार की तरफ से संचालित सेवाओं की जानकारी लिया गया. सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संदीप कुमार ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी.समय से अपने सेंटर को संचालित किजिये.सरकार के स्वास्थ्य सुविधाओं से सभी परिवार को लाभान्वित किजिये.

प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर के सभी जरूरतों को प्राथमिकता दिये हुए है.सरकार की स्वास्थ्य सुविधाएओं का आप सभी जनता के दरवाजे तक पहुंचाने में मददगार हो.एक्सरे मशीन, ईसीजी,खुन पेशाब आदि की जांच के लिए लेबोरेटरी,आंख की जांच की सुविधाएं,नवजात शिशुओं को माताओं द्वारा स्तनपान कराने का प्रशिक्षण सेंटर अस्पताल में स्थापित है.जल्द हीं अल्ट्रासाउंड मशीन भी मिलेगा.

सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए अनचाहे गर्भ से मुक्ति के सुरक्षा उपायों को प्रतिदिन आशा के माध्यम से सभी घरों में पहुंचाने का कार्य किजिये.

मौके पर आशा प्रबन्धक विकास कुमार,प्रखंड एमई अभय कुमार जीएनएम रविशंकर कुमार सिंह, लिपिक मुकेश कुमार गुप्ता,ड्रग स्टोर डाटा अपरेटर धीरज कुमार, कर्मी नवीन कुमार, बडा बाबु मनोज कुमार, एएनएम माधवीलता, सीएचओ घोरडिही कुमारी अर्चना, तरांव सीएचओ कुमारी मधु प्रसाद, वैशाली शर्मा, अंननत मिश्रा,सुषमा कुमारी,सुमन कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे.

## कोचस थाना के खैरा कॉलेज के समीप हुए सड़क दुर्घटना मे चौकीदार की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। कोचस थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे 17 पर एसएन कॉलेज के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बक्सर जिले के राजपुर थाने कार्यरत एक चौकीदार की मौत हो गइ।मृतक की पहचान बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसही निवासी बीरेंद्र पांडेय का पुत्र रितेश पाण्डेय बताया जाता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बक्सर जिले के राजपुर थाना मे चौकीदार के पद पर कार्यरत रितेश पांडे आवश्यक कार्य से सासाराम गए थे जहां कार्य पूरा कर देर शाम सासाराम से अपने घर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ठोकर मार दी जिसमे सड़क पर गिर कुछ देर तक छटपटाते रहे, सड़क से वाहन से गुजर रहे राहगीरो ने व स्थानीय लोगो ने इसकी जानकारी कोचस थाने को दी जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चौकीदार को निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।

थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अग्रीम कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए परिजनो को सौंप दिया है।वही शव घर पहुंचते ही परिवार मे मातम छा गया तथा मां का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## प्रधानाध्यापक अब्दुल कादिर अंसारी का विदाई सब सम्मान समारोह आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास**। स्थानीय उर्दू मध्य विद्यालय शहरी प्रखंड काराकाट के प्रांगण में आज सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक अब्दुल कादिर अंसारी का विदाई सब सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्रीमान अंसारी 32 वर्षों की सेवा कर दिनांक 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत हुए थे जिनके सम्मान में आज दिनांक 7 अप्रैल 2026 को विद्यालय परिवार के द्वारा यह आयोजन किया गया। उनकी सेवा 1994 में मध्य विद्यालय मोहनपुर से शुरू होकर अंत में उर्दू मध्य विद्यालय शहरी से सेवानिवृत् हुए।

मौके पर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ रोहतास के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह ,कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, ज्वाला सिंह ,रामनाथ राम ,कपिल मुनीराम, लालमोहर राम, मोहम्मद नौशाद खान ,सत्येंद्र सिंह एवं सुधीर कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय मोहनपुर सहित प्रखंड एवं अन्य प्रखंडों के प्रधानाध्यापक तथा शिक्षक उपस्थित थे। साथ ही विद्यालय परिवार के छात्र छात्र सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# चिलचिलाती धूप और तपती हवाओं के बीच मौसमी फलों का कारोबार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास**: अनुमंडल मुख्यालय में जैसे-जैसे गर्मी ने अपना असर तेज किया है,वैसे-वैसे नगर की सड़कों पर एक नई 'कूल इकोनॉमी' आकार लेने लगी है । चिलचिलाती धूप और तपती हवाओं के बीच मौसमी फलों का कारोबार न केवल लोगों को राहत दे रहा है,बल्कि सैकड़ों छोटे व्यापारियों की रोजी-रोटी का मजबूत सहारा भी बन गया है ।नगर के प्रमुख चौराहों,बस स्टैंड के आसपास,बाजार इलाकों और रिहायशी सड़कों पर तरबूजा,खरबूजा,खीरा,ककड़ी और नारियल पानी से सजे ठेले अब गर्मी के खिलाफ 'पहली पंक्ति' के हथियार बन चुके हैं । लाल गूदे वाले तरबूज और खुशबूदार खरबूजे जहां ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे हैं,वहीं छिलके से झांकती ककड़ी और ताजे खीरे राहगीरों को रुकने पर मजबूर कर दे रहे हैं । दोपहर की तपिश में जब सड़कें सूनी हो जाती हैं,तब भी इन ठेलों के आसपास रुक-रुक कर ग्राहक पहुंचते रहते हैं । मजदूर, रिक्शा चालक,छात्र,दफ्तरकर्मी हर वर्ग के लोग इन फलों के जरिए खुद को तरोताजा बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं । खासकर नारियल पानी के ठेले 'इंस्टेंट एनर्जी पॉइंट' बन गए हैं,जहां लोग कुछ पल ठहरकर राहत की सांस लेते हैं । फल विक्रेताओं की मानें तो इस मौसम में उनकी बिक्री कई गुना तक बढ़ जाती है । सुबह-सुबह थोक मंडियों से ताजे फल लाकर दिनभर ग्राहकों को उपलब्ध कराना एक चुनौती भी है और अवसर भी । कई विक्रेता बताते हैं कि गर्मी उनके लिए साल का सबसे अहम सीजन होता है,जिसमें उनकी आमदनी का बड़ा हिस्सा तय होता है । दिलचस्प बात यह है कि अब ग्राहक सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि सेहत को ध्यान में रखकर भी खरीदारी कर रहे हैं । लोग कोल्ड ड्रिंक की जगह नारियल पानी और पैकेज्ड स्नैक्स की जगह खीरा-ककड़ी जैसे प्राकृतिक विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं । इससे बाजार में एक सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिल रहा है । स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि तेज गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है और इसके लिए मौसमी फल सबसे बेहतर विकल्प हैं ।

इनमें मौजूद पानी,विटामिन और मिनरल्स शरीर को न सिर्फ ठंडक देते हैं,बल्कि लू और डिहाइड्रेशन से भी बचाते हैं ।कुल मिलाकर बिक्रमगंज में गर्मी ने जहां लोगों की दिनचर्या को चुनौती दी है,वहीं मौसमी फलों का यह 'ठंडक भरा कारोबार' शहर की रफ्तार को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है । यह सिर्फ बाजार की हलचल नहीं,बल्कि तपती जिंदगी के बीच राहत,सेहत और रोजगार की एक जीवंत कहानी बन चुकी है ।

# 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट सहित हत्या के मामले में था फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में हत्या और आर्म्स एक्ट के कई मामलों में फरार चल रहे 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश मोहन मांझी को पुलिस ने अरेस्ट किया है। उसके साथ सहयोगी सोनु मांझी भी गिरफ्तार हुआ है। दोनों को बोधगया मुहान के पास से पकड़ा गया। पकड़ा गया बदमाश डेल्हा थाने का वांटेड घोषित था। डीएसपी धर्मेंद्र भारती ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में लगातार बदमाशों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में मोहन मांझी की गिरफ्तारी के लिए खास टीम बनाई गई थी। टीम में नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और नगर-2 डीएसपी के नेतृत्व में डेल्हा थाना पुलिस और तकनीकी शाखा को शामिल किया गया था।

पुलिस को इनपुट मिला था कि मोहन मांझी कोलकाता से गया की ओर आ रहा है और सरबहदा की तरफ जाएगा। सूचना मिलते ही टीम ने बोधगया मुहान के पास जाल बिछाया। पुलिस को देखते ही दो युवक भागने लगे। जवानों ने



दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान मोहन मांझी और सोनु मांझी के रूप में हुई।

**गाली गलौच के बाद मार दी थी गोली**: पुलिस के अनुसार, मोहन मांझी डेल्हा थाना क्षेत्र के अंदर बैरागी भुईटोली का रहने वाला है और लंबे समय से फरार था। उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। धर्मेंद्र भारती ने बताया कि मामला 3 अगस्त 2025 का है। एक महिला ने बयान दिया था कि उसका बेटा घर के पास क्रॉस कर रहा था। तभी मोहन मांझी

**♦ गाली देने के बाद मार दी थी गोली**

अपने साथियों के साथ पहुंचा और गाली-गलौज हुई। फिर मारपीट शुरू हुई। विरोध करने पर आरोपियों ने गोली मार कर युवक की हत्या कर दी। इस मामले में डेल्हा थाना कांड संख्या 170/25 दर्ज हुआ था।

गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों ने हत्या कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस पहले ही इस केस में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बाकी की तलाश जारी है। मोहन मांझी का आपराधिक रिकॉर्ड भी लंबा है। उस पर रंगदारी, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के कई केस दर्ज हैं। पुलिस अब उससे जुड़े नेटवर्क को खंगाल रही है। गया पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान और तेज होगा। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

## प्राथमिक विद्यालय वृन्दावाड़ी में प्रगति पत्रक वितरण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कदवा (कटिहार)**। जिले के कदवा पंचायत स्थित वृन्दावाडी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय वृन्दावाडी में प्रगति पत्रक वितरण समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरण किया गया।इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावे अभिभावकों ने भाग लिया।

समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने किया। प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय नियम का पालन करते हुए स-समय आते हैं।विद्यालय के समय सारणी के अनुसार शिक्षक- शिक्षिकाएं वर्ग में निष्ठा पूर्वक पठन-पाठन करते हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं स्कूल ड्रेस में आते हैं। विद्यालय में अनुशासित रहकर पठन-पाठन करते हैं। अविभावक का भी सहयोग मिलता है। जिस कारण से विद्यालय का संचालन बहुत अच्छा से चल रहा है।

प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने कहा कि जब से हमने विद्यालय योगदान किया है, तब से विद्यालय की दशा एवं दिशा बदलने में लगे हुए हैं। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल एवं विद्यालय में स्वच्छता बरकरार रखने,नियमित रूप से पठन-पाठन करने, शत प्रतिशत छात्र छात्राओं स्कूल पोशाक में आने,प्रधानमंत्री पोषण योजना गुणवत्तापूर्ण संचालित करने



आदि जैसे कार्य को अमली जामा पहनाने में लगे हुये हैं। विद्यालय के रखरखाव एवं सुव्यवस्थित करने के दिशा में प्रयत्नशील हैं और आगे भी प्रयत्नशील रहेंगे।

प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल ड्रेस में विद्यालय भेजने को कहा।बच्चें जब विद्यालय से घर जाएं तो घर पर भी अभिभावक अपने देखरेख एवं संरक्षण में पठन-पाठन अवश्य करायेंगे।

प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले वर्ग 1 से 5 तक के 100 छात्र- छात्राओं के बीच प्रगति पत्रक वितरण किया गया। जिसमें वर्ग एक में 19, वर्ग दो में 18, वर्ग 3 में 17, वर्ग 4 में 28, वर्ग 5 में 18, छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र वितरण किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये छात्र-छात्राओं को कॉपी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक किशन गुप्ता,शंभू राय,शेखर कुमार सुमन ने अहम भूमिका निभाया। सभी शिक्षकों ने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है। प्रधानाध्यापक शंभू यादव ने कहा कि नये सत्र में नामांकन जारी है। जल्द ही सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरण किया जाएगा।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिशिया में प्रगति पत्रक वितरण समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत कुर्सेल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिशिया में प्रगति पत्रक वितरण समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वर्ग एक से वर्ग आठ तक के वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक देकर सम्मानित किया गया। वर्ग एक से लेकर 8 तक के छात्र-छात्राओं जो प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं,उन्हें कॉपी,कलम देकर सम्मानित किया गया। प्रगति पत्रक वितरण समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका शबनम जमील ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका शबनम जमील ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में विद्यालय परिसर में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया



जाता है। अभिभावकों के उपस्थिति में बच्चें का रिजल्ट को जारी किया जाता है। जिससे छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों का भी मनोबल ऊंचा होता है। शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन करने से शिक्षक और अभिभावक के बीच संबंध और भी बेहतर होता है।

प्रधानाध्यापिका शबनम जमील ने कहा कि जब से मैं इस विद्यालय में योगदान की हूं, तब से लेकर आज तक विद्यालय के सर्वांगीण विकास करने के प्रति सजग और सचेत रहती हूं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एकरूपता के साथ पठन-पाठन करने के साथ-साथ अनुशासन में रहने का पाठ पढ़ाती हूं। बच्चों से बेहद प्यार करती हूं और इनके बेहतर भविष्य संवारने के लिए प्रयत्नशील करती हूं और आगे भी करूंगी।

प्रधानाध्यापिका शबनम जमील ने कहा कि विद्यालय के वर्ग 1 से 8 तक के 430 छात्र-छात्राओं उत्तीर्ण हुए हैं।जिसमें वर्ग एक में 31, वर्ग 2 में 89, वर्ग 3 में 80, वर्ग 4 में 58, वर्ग 5 में 54,वर्ग 6 में 53, वर्ग 7 में 36, वर्ग 8 में 19 छात्र-छात्राओं का रिजल्ट जारी करते हुए प्रगति पत्रक

- अभिभावकों के उपस्थिति में बच्चें का रिजल्ट किया जारी
- वर्ग 8 में उत्तीर्ण 19 छात्र-छात्राओं को सम्मानजनक परित्याग प्रमाण पत्र देकर किया विदा : शबनम जमील

वितरण किया गया।

प्रधानाध्यापिका शबनम जमील ने कहा कि वर्ग 8 में उत्तीर्ण 19 छात्र-छात्राओं को सम्मानजनक परित्याग प्रमाण पत्र देकर विद्यालय से विदायी दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद आदिल,शिक्षा सेवक अब्दुल रकीब, मनोज कुमार रविदास, रसोईया गुंजा देवी, समिजा खातून सहित दर्जनों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 190 हज यात्रियों का ट्रेनिंग पूरा

**अररिया।** अररिया में हज यात्रा 2026 की तैयारियों के तहत 190 चयनित हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण और दुआ मजलिस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित मदरसा इस्लामिया यतीमखाना में बिहार राज्य हज कमेटी पटना के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य हज यात्रा को सफल, सुगम और सुरक्षित बनाना है। प्रशिक्षण सत्र में हज यात्रियों को हज यात्रा की पूरी प्रक्रिया, सऊदी अरब में रहन-सहन के नियम, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां, दवाइयों का उपयोग, मौसम की स्थिति और तीर्थ स्थलों पर व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

**आधुनिक सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया:** बिहार राज्य हज कमेटी द्वारा प्रशिक्षित ट्रेनर मो. अफरोज आलम ने इस सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम में हज इंस्पेक्टर मो. नियाज अहमद, हज मुआविन मो. गुलाम नबी, मो. इमरान काश्मी और अरशद अनवर अली भी उपस्थित थे। दुआ मजलिस की अध्यक्षता अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, अररिया के सहायक निदेशक सुबोध कुमार ने की। उन्होंने बताया कि विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला स्तर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**190 हजियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया:** ट्रेनर मो. अफरोज आलम ने जानकारी दी कि हज 2026 के लिए बिहार राज्य हज कमेटी की ओर से जारी गाइडलाइंस के अनुसार यात्रियों को हज सुविधा ऐप और स्मार्ट वेस्ट बैंड जैसी आधुनिक सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण, वैक्सीनेशन और यात्रा दस्तावेजों की जांच पर विशेष जोर दिया गया। हज यात्रा एक पवित्र इस्लामिक फर्ज है। अररिया जिले से चयनित इन 190 हजियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और दुआ मजलिस में अल्लाह से सुगम यात्रा की प्रार्थना की। इस अवसर पर यात्री परिवारों के सदस्य भी मौजूद थे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और बिहार राज्य हज कमेटी की यह पहल हज यात्रियों को बेहतर तैयारी के साथ भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### डीएम ने आरटीपीएस सर्विसेज की रिव्यु की

**अररिया।** अररिया जिलाधिकारी विनोद दूहन ने सोमवार को आरटीपीएस (लोक सेवाओं का अधिकार) सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। यह बैठक जिला कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना से संबंधित ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा की गई।

**सभी काउंटरों के कार्यपालक सहायकों को भी आवश्यक निर्देश:** समीक्षा के दौरान, जिलाधिकारी दूहन ने काउंटर स्तर पर जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र के आवेदनों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आम लोगों को आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इन सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। सभी काउंटरों के कार्यपालक सहायकों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। ऑनलाइन सर्विस प्लस पोर्टल के तहत जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र से संबंधित सभी लंबित आवेदनों को तत्काल निपटाने का आदेश जारी किया गया। सीडीपीओ स्तर पर लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश राशन कार्ड की ऑनलाइन सेवाओं की समीक्षा में सामने आया कि अररिया, भरगामा, पलासी, रानीगंज सहित कई प्रखंडों में एमओ स्तर पर आवेदन लंबित हैं। जिलाधिकारी ने इन सभी लंबित मामलों को तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत सीडीपीओ स्तर पर लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पंचायत स्तर पर आरटीपीएस केंद्रों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इसका उद्देश्य पंचायतों से जाति, निवास, आय और अन्य प्रमाण पत्रों के अधिक आवेदन प्राप्त करना है। जिलाधिकारी विनोद दूहन ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर आम जनता को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि आरटीपीएस के माध्यम से जनसेवा को अधिक प्रभावी बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### थ्रेसर मशीन में महिला की साड़ी फंसी

**भागलपुर।** भागलपुर में थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मशीन में साड़ी फंसने से हादसा हुआ है। मृतका की पहचान बजरंगी मंडल की पत्नी सुबो देवी (28) के तौर पर हुई है। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर स्थित दक्षिण बहियार की है। मंगलवार को वह अपने पति के साथ गेहूं की फसल तैयार कराने के लिए खेत पर गई थी। पति गेहूं के गट्ठर ला रहे थे, जबकि पत्नी उसे मशीन में डाल रही थी। तभी साड़ी मशीन में फंस गई। सिर मशीन के अंदर फंस गई। आनन-फानन में मशीन बंद कर किसी तरह महिला को बाहर निकाला गया। इसके बाद एंबुलेंस से मायागंज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम:** पति बजरंगी मंडल ने बताया कि फसल तैयार करने के लिए मजदूर नहीं मिले, इसलिए पहली बार पत्नी को साथ लेकर गए थे। वह घर की लक्ष्मी थी, अब इस दुनिया में नहीं रही। हादसे के बाद दो मिनट के अंदर मशीन बंद कर पत्नी को निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चार बच्चे ही सभी को रो-रोकर बुरा हाल है।

### पार्षदों को डिजिटल बनाने की तैयारी अंतिम चरण में

**भागलपुर।** नगर निगम के पार्षदों को एक बार फिर डिजिटल बनाने की कवायद शुरू हो गई है। सोमवार को क्रय समिति की बैठक में मेयर, डिप्टी मेयर और पार्षदों के लिए लैपटॉप खरीद की प्रक्रिया पर मुहर लग गई। नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा ने कहा है, कि खरीद की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है और फाइनेंशियल बिड का मूल्यांकन किया जा रहा है। सबसे कम दर देने वाली एजेंसी को जल्द ही आर्डर जारी कर दिया जाएगा। अगले एक से दो सप्ताह में पार्षदों के हाथों में लैपटॉप होगा। खरीद की पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए बैठक में आयकर और जीएसटी विभाग के अधिकारियों से भी सुझाव लिये गए। टैक्स संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई ताकि भविष्य में किसी भी तरह के वित्तीय घोटाले की गुंजाइश न रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि पार्षदों को अपडेटेड रखना जरूरी है।

### इंटर में नामांकन के लिए 8 से आवेदन

**भागलपुर।** इंटर सत्र 2026-28 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। 8 अप्रैल से राज्यभर में ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। इस बार जिले के 285 व राज्य के 9988 प्लस-टू स्कूलों और कॉलेजों में 17.50 लाख सीटों पर दाखिले होंगे। रोचक तथ्य यह है कि इस बार 12.35 लाख से अधिक छात्र मैट्रिक पास हुए हैं। यानी सीटों की संख्या मैट्रिक पास होने वाले छात्रों से 5.15 लाख अधिक है। नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह ओएफएसएस पोर्टल के माध्यम से होगी। छात्रों को कॉमन एप्लीकेशन फॉर्म भरना होगा, जिसमें न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 शिक्षण संस्थानों का विकल्प देना अनिवार्य है।

### उधार पर एमबीए और एमसीए की पढ़ाई

**भागलपुर।** टीएमबीयू में उधार की पढ़ाई से एमबीए और एमसीए के छात्र तैयार हो रहे हैं। उधार की बात इसलिए कि शिक्षकों और कर्मचारियों को नौ महीने से पेमेंट नहीं हुआ है। शिक्षकों की संविदा भी पूरी हो चुकी है। विस्तार नहीं दिया जा रहा है। लेकिन तदर्थ व्यवस्था के तहत बिना पेमेंट वाले शिक्षकों से ही कक्षा का संचालन कराया जा रहा है।कर्मचारियों से ड्यूटी ली जा रही है। पेमेंट और संविदा विस्तार क्यों नहीं हो रहा है, ये विवि के अधिकारी भी नहीं बता रहे हैं। दोनों विभागों के शिक्षकों ने कहा कि मामले की फाइल विवि जाती और वहां से कुछ न कुछ जानकारी मांग कर उसे लौटा दिया जाता है। एमबीए और एमसीए स्ववित्तपोषित कोर्स हैं। एमबीए में पूरे कोर्स का शुल्क प्रति छात्र 1.13 लाख रुपए है। एमसीए में यह शुल्क प्रति छात्र 82 हजार रुपए है। दोनों दो साल के कोर्स हैं। अभी एमबीए में 105 से अधिक और एमसीए में 120 छात्र हैं। इनकी कक्षाएं और कोर्स से जुड़ी दूसरी गतिविधियां नियमित रूप से कराई जा रही हैं। ये गतिविधियां संविदा वाले ये शिक्षक और कर्मचारी ही करा रहे हैं। एमसीए के कर्मियों को अंतिम मानदेय मार्च 2025 तक मिला था।

# काली-हनुमान मंदिर में दानपेटी का ताला तोड़ कर चोरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बाईपास थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजानी गांव में बदमाशों ने गांव स्थित हनुमान मंदिर और मां काली मंदिर में घुसकर दानपेटी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी नगदी के साथ पूजा-पाठ में उपयोग होने वाले कांसा-पीतल के बर्तन चोरी कर लिए। चोरों ने मां काली मंदिर के भंडार कक्ष का गेट भी तोड़ दिया और वहां लगी मोटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे मंदिर को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। जब ग्रामीण रोजाना की तरह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो दानपेटी टूटी हुई और सामान बिखरा देखकर घटना की जानकारी हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल बाईपास थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुमन कुमार राय, एएसआई उमेश शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि इस चोरी की घटना के पीछे सामान्य चोरों के बजाय नशे के आदी युवकों का हाथ हो सकता है। खासकर ब्राउन शुगर का सेवन करने वाले युवकों की गतिविधियां हाल के दिनों में इलाके में बढ़ी हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे की लत पूरी करने के लिए ऐसे लोग छोटी-बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में गश्ती बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ऐसे तत्वों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में और भी बड़ी घटनाएं हो सकती हैं। थाना अध्यक्ष सुमन कुमार राय ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि गांव या आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। थानेदार सुमन राय ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

## सात निश्चय 3.0 के तहत जनता दरबार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया में सात निश्चय 3.0 के तहत सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित आत्मन सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार की अध्यक्षता विनोद दूहन ने की, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

**35 शिकायतों की हुई सुनवाई:** जनता दरबार में कुल 35 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनकी क्रमवार सुनवाई की गई। फरियादियों ने जमीन विवाद, राशन कार्ड, सरकारी नौकरी और विभागीय अनियमितताओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाईं।

**जमीन विवाद के कई मामले सामने आए:** दरबार में कई मामले जमीन से जुड़े रहे। गणेश यादव ने अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं, चौथी ऋषिदेव ने फर्जी जमाबंदी रद्द करने की मांग की। कालेश्वर ठाकुर ने जमीन से बेदखल किए जाने का मामला डीएम के समक्ष रखा।

**राशन कार्ड और नौकरी से जुड़ी समस्याएं भी उठीं:** फरहानाज ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने की समस्या बताई। वहीं, पूनम देवी ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग रखी। इसके अलावा राजेश कुमार राज ने प्राथमिक कृषि साख समिति लक्ष्मीपुर में अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई।

**डीएम ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश:** विनोद दूहन ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। मामला, मायागंज स्थित वार्ड संख्या 27 का है, जहां सड़क निर्माण का काम चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुराने नक्शे में जो सार्वजनिक रास्ता है, उससे अधिक जमीन पर सड़क बनाई जा रही है और बिना नोटिस दिए ही निगम प्रशासन बुलडोजर लेकर पहुंच गई और झोपड़ियां हटाने लगी। इसे लेकर करीब एक घंटे तक कहासुनी होती रही। सूचना पर स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। स्थानीय निवासी मोहम्मद आजम ने बताया कि जिस जगह पर टेंडर हुआ है, वहां साल 2003 में 20 फीट का गड्ढा हुआ करता था। मौजूदा पार्षद ने 2023 में कूड़ा भरकर उसे चलने योग्य बनाया, जिसके बाद यहां सड़क निर्माण का टेंडर हुआ। उन्होंने कहा कि यहां 15 फीट मिट्टी डालकर सड़क बननी चाहिए थी, लेकिन कूड़े पर ही निर्माण किया जा रहा है।

**बिना नोटिस दिए कार्रवाई का आरोप:** उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी सूचना या नोटिस के निगम प्रशासन बुलडोजर लेकर पहुंच गया और झोपड़ी तोड़ना शुरू कर दिया। "अगर कार्रवाई कानून के तहत हो रही है, तो पहले हमें नोटिस दिखाया जाए, उसके बाद ही तोड़फोड़ की जाए," आजम ने कहा कि जमीन निजी है और पुराने नक्शे में 7 फीट का सार्वजनिक रास्ता दर्शाया गया है, जबकि अब 15 फीट सड़क और 5 फीट नाला बनाया जा रहा है। "हमें निर्माण से आपत्ति नहीं है, लेकिन पहले से सूचना दी जानी चाहिए, क्योंकि हम लोग दिन में काम पर रहते हैं," नगर निगम के नगर प्रबंधक अजहर अली ने बताया कि जल-कल्याणकारी योजना के तहत सड़क निर्माण किया जा रहा है। "लोग विरोध कर रहे हैं, लेकिन हम उन्हें समझा रहे हैं। झोपड़ी हटने से लोगों को परेशानी होगी, पर हम बातचीत के जरिए समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं।"

## डॉक्टर पर रिश्वत मांगने का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज(JLNMCH) में हड्डी विभाग के डॉक्टर ऑपरेशन के नाम पर 40 हजार रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल अधीक्षक, सांसद और जिलाधिकारी से शिकायत करने पर डॉक्टर ने मरीज को पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। इस मामले को लेकर पीरपैंती थाना क्षेत्र के बड़ी मोहद्दीपुर निवासी रामप्रवेश मंडल ने शिकायत दर्ज कराई है। रामप्रवेश मंडल ने बताया कि मेरी मां का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा था। ई-रिक्शा की टक्कर से कमर की हड्डी टूट गई थी, इलाज के लिए एडमिट कराया गया था। 31 मार्च 2026 को शाम 7 बजे डॉक्टर कन्हैया लाल ने निजी क्लिनिक में बुलाकर रुपए लाने को कहा। उस समय मेरे पास उतने पैसे नहीं थी। जिसके बाद इलाज में लापरवाही बरती गई। 1 अप्रैल अस्पताल पहुंचा। डॉक्टर ऑपरेशन थिएटर से मां को वापस कर दिया। फिर से 40 हजार रुपए देने का दबाव बनाया गया।

**पैसे नहीं देने पर ऑपरेशन नहीं किया:** पीड़ित का कहना है कि उनके पास इतनी बड़ी राशि उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उनकी मां का इलाज प्रभावित हो रहा है। डॉक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक पैसे नहीं दिए जाएंगे, तब तक ऑपरेशन नहीं किया जाएगा। परेशान होकर जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने और दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। लाश बंद घर में बेड के नीचे मिली है। शरीर पर चोट के निशान हैं। मृतक की पहचान महेश सिंह के एकलौते पुत्र राहुल कुमार (24) के तौर पर हुई है। बेटे की मौत के बाद पिता की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में एडमिट कराया गया है। सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस और सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि राहुल कुमार को 3 साल का बेटा है, जो कैंसर से पीड़ित है। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी और मां बेटे को लेकर दिल्ली इलाज कराने गई थी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव स्थित वार्ड नंबर-10 की है।

**सीढ़ी लगाकर गांव के लोग घर के अंदर गए:** पूर्व मुखिया ललन भारती ने बताया कि प्राइवेट कंपनी में राहुल नाइट ड्यूटी करता है। सोमवार दिन में करीब 12:00 बजे घर आया था। रात में पिताजी आए तो गेट बंद था। आवाज देने पर गेट नहीं खुला तो आसपास के लोग को बुलाया गया। ग्रामीण सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते से अंदर गए। गेट खोला, इसके बाद सभी लोग घर के अंदर गए। रूम में बेड के नीचे राहुल की लाश पड़ी हुई थी। सिर, कंधा और गर्दन पर जख्म और छाती पर भी चोट का निशान है। समझ में नहीं आ रहा है की घटना कैसे हुई है। हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल चल रही है। देखने से स्पष्ट लग रहा है की मारपीट किया गया है।

**जांच के लिए एफएसएल की टीम पहुंची:** मुफस्सिल थानाध्यक्ष अजय शंकर सिंह ने बताया कि राहुल कुमार के मौत की सूचना मिली। सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला है कि कल दिन में यह घर आया था और घर बंद कर लिया। जिसके बाद लाश मिली है। एफएसएल टीम को बुलाया गया है। मेडिकल बोर्ड की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए लाश सदर अस्पताल भेजा गया है। शरीर पर पीछे से खरोंच के निशान और सिर में भी चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पिता भी अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं, जिससे कुछ स्पष्ट हो सके।


## कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)

बिहार सरकार

अति अल्पकालीन पूर्ण निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2026–27

सैंरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2026–27 हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, रफीगंज के विभिन्न सैंरातों के वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए बन्दोबस्ती हेतु सशक्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक–16.02.2026 के प्रस्ताव सं०–02 द्वारा सर्वसम्मत लिये गये निर्णय के आलोक में निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा हेतु दिनांक–17.04.2026, को 12:00 अप्राह्न में निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि को डाक बन्दोबस्ती, कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज के सभा–कक्ष में की जाएगी। निर्धारित तिथि को डाक नहीं होने की स्थिति में डाक की अगली तिथि क्रमशः 21.04.2026 एवं 24.04.2026 निर्धारित है।

**इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित भार्त का पालन करते हुए डाक में भाग ले सकते हैं। सैरातो की विवरणी निम्न है:–**

| क्र० सं० | सैंरातों का नाम | वसूली का प्रकार | वसूली हेतु निर्धारित दर (प्रतिदिन) | सूरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस स्टैण्ड बन्दोवस्ती | टैक्सी / टेम्पों / जीप | 20 रू० | 11,97,500/- | 2,39,500/- |
| | | 407 / ट्रैक्टर / पिकप, मैजिक | 20 रू० | | |
| | | बस / ट्रक / 709 | 30 रू० | | |
| | | दस चक्का ट्रक / हाईवा | 70 रू० | | |
| 2 | रफीगंज चरकावां बजार बन्दोवस्ती | प्रति ठेला / फुटपाथी दुकानदार | 10 रू० | 2,97,467/- | 59,493/- |
| 3 | चौक बाजार की बन्दोवस्ती | प्रति ठेला / फुटपाथी दुकानदार | 10 रू० | 3,59,538/- | 71,908/- |

बंदोबस्ती की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, रफीगंज

PR- 000300 ( B & C ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## तस्करों ने सरकारी स्कूल के शौचालय को बनाया गोदाम

**बेगूसराय।** बेगूसराय में सरकारी स्कूल के शौचालय को शराब का गोदाम बनाए जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि स्कूल कैंपस में रखे शराब के संबंध में प्रिंसिपल भी कुछ बता नहीं पा रहे हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब उसी शराब को पीकर एक मासूम छात्र नशे की हालत में घर पहुंच गया। जिससे शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पूरा मामला बछवाड़ा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सिसवा का है।

**शौचालय के पास शराब की पेटियां रखी थी:** जानकारी के अनुसार चौथे क्लास का छात्र मोहम्मद शोएब(11) जब स्कूल से घर पहुंचा तो उसकी हालत असामान्य थी। वह लड़खड़ा रहा था और मुंह से शराब की तेज गंध आ रही थी। मां रिजवाना खातून और चाचा मोहम्मद खुर्शीद ने बताया कि शोएब की हालत देखकर वे सन्न रह गए। जब उसके दोस्तों से पूछताछ की गई तो पता चला कि स्कूल के पीछे स्थित बंद पड़े शौचालय के पास शराब की पेटियां रखी हुई थी। खेल-खेल में शोएब ने वहां से शराब उठाकर पी ली, जिसके बाद वह नशे की हालत में घर पहुंचा। परिजन तुरंत स्थानीय लोगों के साथ स्कूल पहुंचे और प्रिंसिपल को पूरी बात बताई। सभी लोग स्कूल के पीछे स्थित शौचालय के पास पहुंचे, जहां का दृश्य देखकर हर कोई हैरान रह गया। वहां भारी मात्रा में शराब की पेटियां छिपाकर रखी गई थी।


### पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–ईटीएन–टीआईबी–10एसटीएन–26, दिनांक: 06.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई–ईटीएन–टीआईबी–10एसटीएन–26 के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम: शेड्यूल ए:–** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंड में तालाण्डु, सिमलागढ़, देबीपुर, बागिला, बैंचीग्राम, गरीफा और हुगलीघाट स्टेशनों पर टीआईबी का प्रावधान। **शेड्यूल बी:–** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंड में नसीबपुर, सिंगुर, नालिकुल और हरिपाल स्टेशनों (4 स्टेशन) पर आईपीआईएस प्रणाली का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 6,72,23,034.17, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 13,44,500/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 09 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 16.04.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 30.04.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। HWH-11/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



बिहार सरकार

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2026/02 दिनांक– 07.04.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2026 (त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा, द्विवर्षीय पारा मेडिकल एवं द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों के स्नातक अभियंत्रण, स्नातक पारा मेडिकल एवं स्नातक फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु)**

**Bihar Combined Entrance Competitive Examination [Lateral Entry]–2026 (for lateral entry in second year of graduate level Engineering courses and Para-Medical, Pharmacy Courses) BCECE [LE]–2026**

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2026 [ त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा या विवरण पुस्तिका के कंडिका–9.1(क) अनुसार शैक्षणिक अर्हता प्राप्त, द्विवर्षीय पारा मेडिकल एवं द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से बिहार राज्य के विभिन्न सरकारी / निजी अभियंत्रण संस्थानों के स्नातक अभियंत्रण तथा राज्य के विभिन्न सरकारी पारा मेडिकल / फार्मेसी संस्थानों के क्रमशः स्नातक पारा मेडिकल एवं स्नातक फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्विक प्रवेश हेतु ] में सम्मिलित होने के लिये निर्धारित प्रपत्रों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के वर्ष 2026 की अंतिम (final) परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं परन्तु साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग के समय तक उत्तीर्णता प्राप्त कर लेना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन के लिए पात्रता–प्राप्त नहीं होंगे।

2. **BCECE (LE)-2026 दिनांक 31.05.2026 को आयोजित की जायेगी।**
3. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रम्भिक तिथि **09.04.2026** और अंतिम तिथि **07.05.2026** निर्धारित है।
4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर BCECE (LE)-2026 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता/ संस्थानों / पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।
5. Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/01 दिनांक– **07.04.2026 पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।**

परीक्षा नियंत्रक

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय चेतना के प्रतिनिधि कवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती मनी

**आरा।** भोजपुर जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती स्थानीय सभागार में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। अध्यक्षता सम्मेलन के अध्यक्ष व सीनेटर प्रो. बलिराज ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी का साहित्य राष्ट्र की चेतना को जागृत करने वाला है। चतुर्वेदी जी की रचनाएं भोग-विलास से दूर हटाकर त्याग, बलिदान और राष्ट्र सेवा की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हर कालजयी रचना की तरह उनकी कृतियां आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देती रहेंगी। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने चतुर्वेदी जी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को भी याद किया। बताया गया कि वे महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल हुए और जेल की यातनाएं भी सहीं। उनके त्याग और समर्पण से प्रभावित होकर गांधीजी ने उन्हें "भारतीय आत्मा" की संज्ञा दी थी।कवि-समीक्षक जितेंद्र कुमार ने उनके पत्रकारिता जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक निर्भीक पत्रकार थे, जिन्होंने 'कर्मवीर', 'प्रताप' और 'प्रभा' जैसे पत्रों के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना को जन-जन तक पहुंचाया। भोजपुरी विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर पांडेय ने कहा कि उनकी वाणी आज भी राष्ट्र गौरव का प्रतिनिधित्व करती है और उनकी प्रवाहमयी भाषा पाठकों को आकर्षित करती है। संगठन मंत्री शिवदास सिंह ने चैता के स्वर में उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. अयोध्या प्रसाद उपाध्याय ने 'पुष्प की अभिलाषा' जैसी रचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी कविताएं राष्ट्रभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम का संचालन सम्मेलन के प्रधानमंत्री डॉ. नंदजी दूबे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पंकज ठाकुर ने किया। इस अवसर पर शशिकांत तिवारी, डॉ. सत्यनारायण उपाध्याय, डॉ. अमित जायसवाल, जनार्दन मिश्र, मधु मिश्र, पिंटू सिंह, राकेश त्रिपाठी, रविशंकर पांडेय, डॉ. ममता मिश्र, डॉ. रेणु मिश्र, डॉ. मदन मोहन द्विवेदी, डॉ. किरण कुमारी, कवि जनमेजय ओझा, राकेश ओझा गुड्डू, विनोद कुमार सिंह, कवि रमेश सिंह प्रपन्न और डॉ. रवींद्र कुमार ठाकुर सहित कई साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कथाकार अनंत सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### हत्याकांड के विरुद्ध क्षत्रिय संगठन ने जताया शोक

**आरा|** सरकारी शिक्षिका पत्नी को स्कूटी से विद्यालय पहुंचाने गए दिव्यांग रितेश कुमार उर्फ भुवर सिंह की गड़हनी थाना क्षेत्र के बनकट गांव के पास हत्या के बाद लोगों में आक्रोश हैं। रीतेश, आरा शहर के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी थे। उनका पैतृक घर अगिआंव प्रखंड के लहरपा गांव में है। मां प्रेमा देवी पूर्व मुखिया हैं। रीतेश की हत्या के बाद शोक संतप्त परिजनों से मिलने के लिए क्षत्रिय कल्याण संगठन एवं राष्ट्रीय कुंवर सेना के सदस्य उनके घर पहुंचे और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान राष्ट्रीय कुंवर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह शक्रवार, राजू सिंह, डॉक्टर विनोद सिंह, आश नारायण सिंह, फौजी मनमोहन सिंह, जितेंद्र सिंह, हरखेन सिंह, प्रकाश सिंह व अन्य रहे ।

### ट्रेन के संपर्क में आने से युवक जख्मी, इलाजरत

**आरा।** दानापुर दीनदयाल रेल खंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक के पास रेलवे लाइन पर करने के क्रम में उत्तर प्रदेश का एक युवक ट्रेन के संपर्क में आ गया जिसके कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना यात्रियों ने आरपीएफ को दिया। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी दीपक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरपीएफ के अन्य पदाधिकारी के सहयोग से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जख्मी युवक उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिले के निवासी असरुदीन के 38 वर्षीय पुत्र निर्मल राम है। जख्मी युवक के परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया रेलवे लाइन पार करना एक दंडनीय अपराध है, और इससे हमेशा दुर्घटना होती रहती है। आरपीएफ के द्वारा हमेशा रेलवे लाइन पार करने वाले लोगों को पकड़ कर जुर्माना भी वसूला जाता है। आरपीएफ के तरफ से एक बार सभी यात्रियों को पुनः अपील किया जा रहा है कि एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करे।

### पातालेश्वर नाथ मंदिर के पास वाटर एटीएम की मांग

**बक्सर।** नगर के बाजार समिति रोड स्थित पातालेश्वर नाथ मंदिर के समीप वाटर एटीएम लगाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं, जिससे पेयजल की समस्या महसूस की जा रही है। इसको देखते हुए पुजारी मोहन पांडे समेत अन्य श्रद्धालुओं ने यहां वाटर एटीएम लगाने की मांग उठाई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि गर्मी के दिनों में पानी की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है, ऐसे में मंदिर परिसर के पास स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था बेहद जरूरी है। यदि यहां वाटर एटीएम लगाया जाता है तो दूर-दराज से आने वाले भक्तों को काफी सहूलियत मिले।

### 13 मार्च से 5 अप्रैल तक 1.12 लाख सिलेंडरों का वितरण

**बक्सर।** सोमवार को डीएम साहिला ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। बैठक में जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति, उपभोक्ताओं की संख्या, स्टॉक एवं शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की गई। डीएम ने बताया कि जिले में इंडियन ऑयल , भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। 13 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 1,12,729 गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के बीच वितरित किए गए हैं, जबकि 5 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 2,904 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। जिले में प्रतिदिन औसतन 6,419 सिलेंडर की मांग के मुकाबले 5,783 सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है, जिससे 26,650 रिफिल बुकिंग लंबित हैं और बैकलॉग 4.6 दिनों का है। डीएम ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में अंतिम डिलीवरी के 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग की अनुमति है, ताकि वितरण व्यवस्था संतुलित बनी रहे। जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। अब तक कालाबाजारी के मामलों में 2 एजेंसी पर प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। 5 अप्रैल को 14 गैस एजेंसियों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण भी किया गया।जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार गैस एजेंसियों की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। 5 अप्रैल तक कुल 776 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 695 का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है। गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के लिए लोग 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं। डीएम ने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यालय के बाहर सूचना पट्ट लगाकर वितरण की तिथि, आगामी शेड्यूल एवं उपलब्ध स्टॉक की अद्यतन जानकारी प्रदर्शित करें।

### डिजिटल जनगणना 2027 को लेकर समीक्षा बैठक

**बक्सर।** सोमवार को बक्सर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में डीएम साहिला ने जनगणना 2027 से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों/कर्मियो ं के साथ बैठक कर 17 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली स्वगणना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। साथ ही अधिकारियों को स्वयं भी स्वगणना प्रक्रिया में भाग लें। बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें पहली बार स्वगणना पद्धति लागू की जा रही है। इसके तहत आम नागरिक सुरक्षित वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह प्रावधान जनगणना संशोधन नियम 2022 की धारा 6D के अंतर्गत किया गया है।

# डीएम की रिव्यु मीटिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर समाहरणालय में जिला पदाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। लापरवाही या प्रगति में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। गैस सिलेंडर आपूर्ति की समीक्षा में सामने आया कि कुछ एजेंसियां 25 मार्च 2026 तक की ही डिलीवरी कर पा रही हैं। इससे उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है और लोगों को परेशानी हो रही है। डीएम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को संबंधित गैस एजेंसियों से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया।

**साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने का मामला भी उठाः** बैठक में मनरेगा के डीपीएम बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले। विशेष कार्य पदाधिकारी को उनसे स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया गया। मोक्षधाम और कन्या विवाह मंडप के कार्यों की प्रगति पर सहायक जिला पंचायत राज पदाधिकारी अद्यतन जानकारी नहीं दे सके, जिस पर उनसे भी स्पष्टीकरण मांगा गया। नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय परिसर में जल निकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने का मामला भी उठा। पूर्व निर्देशों के बावजूद सुधार न होने पर नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया। इस लापरवाही से छात्र-छात्राओं को कठिनाई हो रही है।

**होमगार्ड तैनात करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिएः** स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान सदर अस्पताल में महत्वपूर्ण स्थानों पर होमगार्ड तैनात करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। निर्माणाधीन लिफ्ट पर कार्यपालक अभियंता BMSICL और डीपीएम को विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा गया। सिविल सर्जन को अवकाश पर गए चिकित्सकों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मरीजों को परेशानी न हो। शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को नियमित रूप से कूड़ा उठाव सुनिश्चित करने, खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाने तथा वेस्ट मैनेजमेंट के लिए डंपिंग साइट चिन्हित कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया। साथ ही वार्ड स्तर पर प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की निगरानी करने और फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने को कहा गया।

**सोलर पैनल लगाने के लिए प्रचार-प्रसार करने का निर्देशः** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश नोडल पदाधिकारी को दिया गया।

# राष्ट्रवाद आधारित राजनीति का सपना साकार हो रहा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने कोईलवर प्रखंड के अपने पैतृक गांव के आवास पर भाजपा का झंडा लगाया। पार्टी के सुशासन, जनसेवा और राष्ट्रवाद के संकल्पों को निरंतर आगे बढ़ाने और पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को एक बार फिर घर घर तक पहुंचाने को लेकर शंखनाद किया। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दिन दयाल उपाध्याय ने राष्ट्रवाद आधारित राजनीति का जो सपना देखा था वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। दोनों ही महापुरुषों का बलिदान आज रंग लाया है। आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। पिछले 47 सालों के संघर्षपूर्ण सफर में कार्यकर्ताओं ने अपना खून पसीना बहा कर भाजपा को ताकत दी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व दिया। देश एक साथ विकास और सेवा आधारित राजनीति को आगे बढ़ाने में जुटा हुआ है। राज्य और केंद्र की सरकार एक तरफ जहां सबका साथ -सबका विकास के नारे के साथ सैकड़ों जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है वहीं अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की पुनर्वापसी कराकर खोई हुई विरासत को भी जमीन पर खड़ा कर रही है। अयोध्या में जन्मभूमि पर राम लल्ला का मंदिर बनाकर भाजपा ने अपना संकल्प पूरा किया। देश की महिलाओं और बेटियों का सुहाग उजाड़ने वालों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत कहर बरपा कर पाकिस्तान की जमीन हिला कर रख दी।

# रिटायर्ड हवलदार कन्हैया यादव हत्याकांड में फरार आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा में रिटायर्ड हवलदार हत्याकांड में पुलिस को एक और अहम सफलता मिली है। गजराजगंज ओपी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पदमिनिया गांव निवासी श्रीराम यादव के रूप में हुई है। इस गिरफ्तारी के साथ ही हत्याकांड में अब तक कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि श्रीराम यादव इस मामले में नामजद आरोपी था। घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। आखिरकार गुप्त सूचना के आधार पर उसे उसके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

**उत्तर प्रदेश से 2 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थीः** 4 अक्टूबर 2025 की रात कारीसाथ गांव वार्ड संख्या 14 निवासी रिटायर्ड हवलदार कन्हैया यादव(85) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र सह सीआरपीएफ जवान राज कुमार यादव ने श्रीराम यादव सहित सात नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया था। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले दो नामजद आरोपी प्रभात कुमार और विकास कुमार को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था। इसके बाद तकनीकी जांच के आधार पर केवटिया गांव निवासी सोनू कुमार को भी पकड़ा गया। 17 अक्टूबर 2025 को कृष्णागढ़ थाना पुलिस ने जीवा राय टोला निवासी नामजद आरोपी रितेश यादव उर्फ लल्लू यादव को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शहर में महिलाओं के लिए चलेगी पिंक बस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** महिला सशक्तीकरण को लेकर नगर परिषद निःशुल्क बस सेवा शुरू करेगी। इससे महिलाओं को अब सुरक्षित बस यात्रा की सुविधा मिलेगी। दो पिंक बसें अर्बनिआ व्हीकल की खरीदारी करने की सहमति बनी है। बस की सेवा दलसागर से लेकर ठोरा पुल तक दी जाएगी। इसमें महिलाओं को किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ेगा। इस तरह की कुल सत्रह अहम निर्णय सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सभागार में आयोजित सशक्त स्थाई समिति की बैठक में लिया गया। शहर में लगी वाटर एटीएम की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। अगर किसी वाटर एटीएम में कोई तकनीकी खराबी है तो उसे अविलंब दुरुस्त कराने का निर्णय लिया गया। वहीं पीपी रोड के ताड़का नाला से मुनीम चौक तक आरसीसी नाला, रोड कालीकरण और फुटपाथ पर पेवर ब्लाक का कार्य कराने के लिए निविदा निकालने का निर्णय लिया गया। इंडोर स्टेडियम व व्यायामशाला बनेगा युवाओं के लिए भी अच्छी पहल नप करने जा रही है। नगर के सभी वार्डों में जगह चिंहित कर व्यायामशाला निर्माण करने का निर्णय लिया गया। सिविल लाइन स्थित खदान की जमीन पर इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। सभी 42 वार्डों में सात हजार एलइडी लाइट लगाई जाएगी। नप क्षेत्र को और सुंदर बनाने के दृष्टिकोण से विद्युत पोल पर करीब 25 सौ फैंसी एलइडी लाइटें लगाई जाएगी। लू और धूप से बचाव की व्यवस्था करेगी नगर परिषद प्रचंड गर्मी को देखते हुए शहर के भीड़-भाड़ वालवाली जगहों पर टेंट शेड लगा बैठने और निंबू पानी, ग्लूकोज, इलेक्ट्राल और भी लू से बचाव के लिए जो भी आवश्यक है उसकी व्यवस्था की जाएगी। बीबी हाई स्कूल के मैदान को विकास कार्य के लिए एनओसी लेने का विचार विमर्श किया गया। वार्ड नंबर 17 स्थित पुस्तकालय रोड का कालीकरण, आरसीसी नाला निर्माणअसकामनी माता मंदिर से ठाकुरबाड़ी मंदिर तक दोनों तरफ नाला व फुटपाथ निर्माण के लिए निविदा निकालने का निर्णय लिया गया।

# अग्निपीड़ित किसानों को मुआवजा देने की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** भाकपा-माले और अखिल भारतीय किसान महासभा के नेताओं ने जिले में आगलगी की घटनाओं में फसल नुकसान झेल रहे किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग तेज कर दी है। इस संबंध में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से मुलाकात कर मांग-पत्र सौंपा। इसके बाद श्रीटोला माले कार्यालय में प्रेस वार्ता में नेताओं ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बनाही, दुबवल, बनकट, महुआर, सरना, जगदीशपुर के हरिगांव, शांतिनगर, बजड़ा टोला, सनेया, पीरो के इब्राहिमपुर तथा कोईलवर प्रखंड के बीरमपुर बधार में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। किसानों के अनुसार 200 से अधिक किसानों की करीब 1000 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई है। नेताओं ने बताया कि आगलगी में फसल के अलावा मोटर पंप, बोरिंग, ट्रांसफार्मर और कई पेड़ भी जल गए हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ा है। माले केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव और राज्य कमेटी सदस्य सह पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह ने कहा कि एक बीघा में औसतन 14 क्विंटल गेहूं उत्पादन होता है, इसलिए सरकार को तय दर के अनुसार किसानों को मुआवजा देना चाहिए। साथ ही पशुओं के लिए चारा की भी तत्काल व्यवस्था की जानी चाहिए। नेताओं ने मांग की कि प्रभावित किसानों को प्रति बीघा 25 हजार रुपये मुआवजा दिया जाए, सभी जले हुए बोरिंग और बिजली ट्रांसफार्मर बदले जाएं तथा हर प्रखंड मुख्यालय पर कम से कम दो अग्निशामक गाड़ियों की स्थायी व्यवस्था हो। इसके अलावा पीड़ित परिवारों को तत्काल दो-दो क्विंटल चावल उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। माले नेताओं ने कहा कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। प्रेस वार्ता में हरेंद्र सिंह, दिलराज प्रीतम, दुदुन सिंह, जयशंकर प्रसाद, शिवमंगल यादव, कुणाल सिंह और बिमल सिंह समेत कई नेता उपस्थित थे। गर्मियों में फसल कटाई के दौरान खेतों में आग से बचाव के लिए बिजली तार जांचें, बीड़ी-सिगरेट न फेंकें, पराली न जलाएं, फायर ब्रेक बनाएं, पानी रखें। आग लगे तो तुरंत पानी, ट्रैक्टर से रोकें और 101 पर सूचना दें।

# गीधा में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का भव्य स्वागत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर|** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का नेशनल हाईवे-922 पर अवस्थित कायमनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता संजय चौधरी | ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं नारेबाजी के साथ उपमुख्यमंत्री का जोरदार अभिनंदन किया। मौके पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पोस्ट पर नशे में युवक का हंगामा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**◆ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज और मारपीट, धक्का-मुक्की में नाले में गिरा आरोपी**

**आरा।** आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र स्थित शिवगंज ट्रैफिक पोस्ट पर सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। शराब के नशे में धुत एक युवक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि मारपीट भी कर दी। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को काबू में कर लिया। भागने और हाथापाई के दौरान आरोपी नाले में गिर गया। जिससे हल्की चोटें आई हैं। गिरफ्तार युवक की पहचान नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा निवासी रामेश्वर तिवारी के रूप में की गई है। उसकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच कराई गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इस पूरे मामले में यातायात थाना के दरोगा अखिलेश कुमार के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट और गाली-गलौजः** आवेदन के अनुसार, पुलिस टीम शिवगंज ट्रैफिक पोस्ट के पास पहुंची थी। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक युवक ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी कर रहा है। वह न केवल गाली-गलौज कर रहा था, बल्कि एक जवान का कॉलर पकड़कर उसके साथ हाथापाई भी कर रहा था। पुलिसकर्मियों द्वारा उसे समझाने और पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वह और उग्र हो गया। उसने गृहरक्षक संजय सिंह और अमिताभ सिंह के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक जवान की वर्दी भी फाड़ दी गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने आरोपी को काबू में किया। दर्ज प्राथमिकी में आरोपी पर शराब के नशे में सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने, वर्दी फाड़ने, गाली-गलौज करने और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आरटीई के तहत दाखिला लें, नहीं तो कारण बताएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर डीईओ कार्यालय में सोमवार को आयोजित बैठक में निजी स्कूल संचालकों और शिक्षा विभाग के बीच कई अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। आरटीई के तहत नामांकन, लंबित भुगतान, स्कूल रिन्यूअल और शुल्क में रियायत जैसे विषयों को लेकर दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे, जिससे बैठक काफी महत्वपूर्ण बन गई। बैठक में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार पाठक सहित बक्सर और डुमरांव अनुमंडल के कई विद्यालय संचालक मौजूद रहे। इस दौरान डीईओ संदीप रंजन ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आरटीई के तहत या तो नियमानुसार दाखिला लिया जाए या फिर उचित कारणों के साथ उसे अस्वीकार किया जाए। बैठक में डीईओ तथा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सदस्य आरटीई के तहत मिलने वाली राशि का समय पर भुगतान की उठी मांग अपने स्तर से शुल्क में रियायत देते हैं इस पर स्कूल संचालकों ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि निजी विद्यालयों को किसी प्रकार का सरकारी अनुदान नहीं मिलता है, इसलिए वे अपनी आय के आधार पर ही सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने स्तर से कई प्रकार के शुल्क में रियायत देते हैं। यह बैठक शिक्षा विभाग और निजी स्कूलों के बीच बेहतर समन्वय और समस्याओं के समाधान की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है। इस पर प्रदीप कुमार पाठक ने कहा कि आरटीई के तहत मिलने वाली राशि का भुगतान समय पर नहीं हो पाता, जिससे स्कूलों को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है। इस पर डीईओ ने बताया कि भुगतान के लिए जांच पूरी कर प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है और 34 में से केवल 10 मामले ही लंबित हैं। वहीं, डुमरांव स्थित कैंब्रिज स्कूल के टीएन चौबे ने स्कूलों के रिन्यूअल में आ रही दिक्कतों को सामने रखा। इस पर डीईओ ने सभी विद्यालयों को आपसी समन्वय बढ़ाने के लिए मंथली मीटिंग करने का सुझाव दिया। साथ ही, उन्होंने सभी स्कूलों को सेफ्टी ऑडिट और व्हीकल ऑडिट कराने का निर्देश दिया ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में मंगल पांडेय बलिदान दिवस समारोह आज, राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के रूप में होगा आयोजन

**पटना**। प्रथम स्वतंत्रता सेनानी और महान क्रांतिकारी मंगल पांडेय की स्मृति में बलिदान दिवस समारोह का आयोजन राजधानी पटना में किया जा रहा है। अमर शहीद मंगल पांडेय समाज सेवा आश्रम, पटना के तत्वावधान में यह कार्यक्रम 8 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण चेतना परिषद सभागार, दारोगा प्रसाद राय पथ, आर ब्लॉक, पटना में किया जाएगा। यह आयोजन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की 169वीं वर्षगांठ के अवसर पर "राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस" के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज को देशभक्ति की भावना से जोड़ना तथा स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के योगदान को स्मरण करना है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी और कार्यक्रम संचालक डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि इस अवसर पर कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर, आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद और सहकारिता मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी शामिल होंगे। इसके अलावा, बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष निशा झा, समाजसेवी राजेश कुमार सिंह, रविकांत मिश्रा, भारत-तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण बिहार प्रांत के अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार तिवारी और कार्यक्रम प्रभारी मनीष झा सहित कई गणमान्य लोग एवं संस्था के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवाकांत तिवारी करेंगे, जबकि मंच संचालन डॉ. मुकेश कुमार ओझा द्वारा किया जाएगा। आगंतुक अतिथियों का स्वागत डॉ. मिथिलेश कुमार तिवारी करेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है, बल्कि समाज में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करने का भी एक प्रयास है।

### डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की बिहार विधान सभा परिसर में प्रतिमा स्थापना का मार्ग प्रशस्त — ऋतुराज सिन्हा



**पटना**। बिहार के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले प्रखर विधिवेत्ता और संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को अब उचित सम्मान मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। बिहार विधान सभा परिसर में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा की पहल पर इस दिशा में ठोस प्रगति हुई है। बिहार विधान सभा सचिवालय ने इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार सरकार को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति मिल जाएगी। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को "बिहार निर्माता" के रूप में जाना जाता है। बावजूद इसके, अब तक उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया था, जिसके वे वास्तविक हकदार थे। लंबे समय से बुद्धिजीवियों, इतिहासकारों और आम नागरिकों द्वारा यह मांग उठती रही है कि उनके ऐतिहासिक योगदान को उचित स्थान दिया जाए। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा ने न केवल बिहार के गठन में, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और संविधान निर्माण की प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृति को संरक्षित करना और नई पीढ़ी को उनके योगदान से अवगत कराना समाज की जिम्मेदारी है। बिहार विधान सभा परिसर में उनकी प्रतिमा की स्थापना से युवाओं को लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रसेवा के मूल्यों से प्रेरणा मिलेगी। ऋतुराज सिन्हा ने इस सकारात्मक पहल के लिए बिहार विधान सभा सचिवालय और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया और उम्मीद व्यक्त की कि यह ऐतिहासिक कार्य शीघ्र ही पूरा होगा। इससे बिहार के इस महान सपूत को वह सम्मान मिल सकेगा, जिसके वे लंबे समय से हकदार रहे हैं।

### 49 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हाजीपुर**। वैशाली में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गंगाब्रिज थाना क्षेत्र से 49 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि तेरसिया गिदरवा टोला में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई की गई। सदर-01 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में गंगाब्रिज थानाध्यक्ष और दंडाधिकारी की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान मालीपुर, नगर थाना क्षेत्र निवासी लक्की कुमार (पिता स्व. रमेश राय) को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान आरोपी के पास से 49 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। इस मामले में गंगाब्रिज थाना में कांड संख्या 91/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी लक्की कुमार ने बताया है कि वह हेरोइन किससे खरीदता था और किन इलाकों में इसकी सप्लाई करता था। इन जानकारियों के आधार पर पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए हर स्तर पर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा।

### वैशाली में अवैध हथियारों के साथ एक व्यक्ति पकड़ाया

**हाजीपुर**। वैशाली में जुड़ावनपुर थाना पुलिस ने 5 अप्रैल 2026 को अवैध हथियारों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुंदन कुमार सिंह के पास से एक देशी कट्टा, एक बंदूक और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई प्रिवेंटिव पुलिसिंग के तहत की गई। वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था, जिसमें जुड़ावनपुर थानाध्यक्ष भी शामिल थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चकसिंगार निवासी कुंदन कुमार सिंह अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल की घेराबंदी की और छापेमारी की। इस दौरान चकसिंगार निवासी कुंदन कुमार सिंह (पिता बिपीन कुमार सिंह) को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा, एक बंदूक (जो तीन भागों में खुली हुई थी) और आठ जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में जुड़ावनपुर थाना में कांड संख्या 77/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### 7 साल की बच्ची का अपहरण

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र में सात साल की बच्ची को किडनैप करना का मामला सामने आया है। किडनैपर्स ने 5 लाख रुपए की फिरौती की मांगी है। डिमांड पूरी न होने पर बच्ची की हत्या की धमकी दी है। मां ने अहियापुर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। पीड़िता की मां विनीता देवी, जो मूल रूप से शिवराहा चतुर्भुज इलाके की रहने वाली हैं, अपने पति के साथ तमिलनाडु की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करती हैं। उनकी सात साल की बेटी पिछले कुछ समय से मुजफ्फरपुर के भिखनपुर स्थित अपने ममेरे भाई (भांजे) के घर पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। बीते 31 मार्च को विनीता देवी और उनके पति अपनी बेटी को वापस ले जाने के लिए तमिलनाडु से भिखनपुर पहुंचे थे। उस रात वे अपने भांजे के घर पर ही रुके। लेकिन अगली सुबह सोकर उठने पर परिजनों ने पाया कि बच्ची गायब थी। परिजनों ने शुरुआत में अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन जब बच्ची और उसकी भाभी का कहीं पता नहीं चला, तो शक की सुई भांजे के एक पड़ोसी पर जाकर टिकी। आरोप है कि गायब हुई महिला (ममेरे भाई की पत्नी) का उस पड़ोसी के साथ कथित तौर पर प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब बच्ची के माता-पिता उस पड़ोसी के घर पहुंचे, तो मामला और भी गंभीर हो गया। आरोपी की मां ने अपने बेटे और उसकी प्रेमिका के साथ मिलकर बच्ची को किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर छिपा रखा है।

# पटना के मेऊरा गांव में महिला की गोली मारकर हत्या

## संपत्ति विवाद में अपने ही बने जान के दुश्मन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। बिहार में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के बीच एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र स्थित मेऊरा गांव में मंगलवार सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना उस वक्त हुई जब महिला अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल है। मृतका की पहचान मीरा देवी के रूप में हुई है। हत्या का आरोप उनके ही जेठ श्लोक यादव और उसके पुत्र भूषण यादव पर लगाया गया है। प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।परिजनों के अनुसार, मीरा देवी रोज की तरह सुबह अपने दरवाजे पर सफाई कर रही थीं। इसी दौरान पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगते ही वह मौके पर गिर पड़ीं और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना पुरानी रंजिश का नतीजा है। मृतका के परिवार पर पहले भी कई बार जानलेवा हमला किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि मृतका के पति रघुवंश प्रसाद पर भी पहले गोली चलाई गई थी, जिसमें वह घायल हो गए थे। उस मामले में आरोपियों को जेल भी भेजा गया था, लेकिन जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से इस वारदात को अंजाम दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, तीन भाइयों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि श्लोक यादव पूरे संपत्ति पर कब्जा करना चाहता था, जिसके कारण लगातार तनाव बना हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही अथमलगोला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। बाढ़ एएसपी-2 अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे घटना की सूचना मिली। जांच में सामने आया है कि मीरा देवी को दो गोलियां मारी गई हैं। मामले में तकनीकी टीम और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को भी बुलाया गया है, जो साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश है और लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। जिले के पुनपुन थाना क्षेत्र में पटना-गया डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। डुमरी पुल के नीचे हुए इस हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। मृतक की पहचान शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव निवासी अशोक कुमार सिंह के पुत्र पंकज कुमार (करीब 31 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पंकज किसी काम से अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी डुमरी पुल के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल पंकज को तुरंत गबसपुर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक की हालत अत्यंत गंभीर थी और संभवतः अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुनपुन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। थाना प्रभारी बेबी कुमारी ने बताया कि मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अज्ञात वाहन चालक की जल्द पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## नौबतपुर में अवैध हथियार के साथ व्यक्ति गिरफ्तार, दो देसी कट्टा व 11 जिंदा कारतूस बरामद



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। नौबतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर से दो देसी कट्टा और 11 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और लोग मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।

मंगलवार को पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि छोटी कोपा गांव में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मंजीत ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव में छापेमारी की और संदिग्ध के घर को चारों ओर से घेर लिया, ताकि आरोपी भाग न सके। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 50 वर्षीय प्रवीण वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। घर की विधिवत तलाशी लेने पर दो देसी कट्टा और 11 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही सभी हथियारों को जब्त कर लिया और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। इस बरामदगी के बाद आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। थाना प्रभारी मंजीत ठाकुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन हथियारों का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था और इसके पीछे कोई आपराधिक नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है। पुलिस का मानना है कि इस मामले में और लोग भी शामिल हो सकते हैं। संभावित आरोपियों की पहचान के लिए छानबीन की जा रही है और विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने भरोसा जताया है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा कर लिया जाएगा।

# पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद वरुण सिंह ने लगाई सुरक्षा की गुहार

## बहन खुश्बू सिंह हत्याकांड में SIT जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और स्थायी अंगरक्षक की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। बिहार के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद व उद्यमी वरुण कुमार सिंह ने अपनी बहन खुश्बू सिंह की संदिग्ध मौत को लेकर मंगलवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर न्याय और सुरक्षा की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरपुर में शादी के महज छह महीने बाद उनकी बहन की साजिशन हत्या कर दी गई, और अब इस मामले में आवाज उठाने पर उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों की जान को भी गंभीर खतरा है। वरुण ने सरकार से विशेष जांच दल (SIT) के गठन, सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार को स्थायी सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की।

वरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनकी छोटी बहन खुश्बू सिंह की शादी 1 जून 2025 को पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम के साथ मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा इलाके के श्याम कुटीर, ज्ञानलोक मार्ग निवासी एनआरआई ई. सुधांशु सिंह से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के दौरान ही लड़के पक्ष की ओर से फार्च्यूनर गाड़ी, लगभग एक करोड़ रुपये के गहने और 51 लाख रुपये नकद की मांग की गई। उन्होंने कहा कि गाड़ी को छोड़कर परिवार ने बाकी अधिकांश मांगें पूरी कीं, लेकिन शादी के बाद से ही बहन को गाड़ी और बाद में दिल्ली में फ्लैट की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

वरुण के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 को उनके बहनोई के पिता संजीव सिंह ने फोन कर सूचना दी कि खुश्बू की मौत जलने और दम घुटने से हो गई है। सूचना मिलने पर परिवार जब मुजफ्फरपुर पहुंचा, तब तक पुलिस और फॉरेंसिक टीम कथित रूप से अपनी जांच पूरी कर चुकी थी। वरुण ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनी बहन का शव ठीक से देखने तक नहीं दिया गया और शव पर मंगलसूत्र सहित कोई गहना नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि कमरे में ऐसी कोई स्पष्ट स्थिति नहीं दिखी, जिससे यह लगे कि मौत जलने या दम घुटने से हुई है। उनका आरोप है कि उस समय स्थानीय पुलिस का रवैया आरोपी पक्ष के प्रति "असामान्य रूप से नरम" था और परिवार की शिकायत दर्ज करने में भी टालमटोल की गई।

उन्होंने कहा कि सामाजिक दबाव बढ़ने के बाद पुलिस ने खुश्बू के पति सुधांशु सिंह को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन सास ममता सिंह, ससुर संजीव सिंह और अन्य आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वरुण का आरोप है कि बाकी आरोपियों को फरार होने का अवसर दिया गया और अब केस को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें कई बार जान से मारने की कोशिश की गई और लगातार धमकियां मिल रही हैं, यहाँ तक की उपलब्ध सरकारी सुरक्षा कर्मी के सामने ही मुझपर जानलेवा हमला किया गया ताकि वे इस मामले को आगे न बढ़ा सकें।

प्रेस कांफ्रेंस में वरुण कुमार सिंह ने साफ कहा कि यदि इस मामले में निष्पक्ष, समयबद्ध और उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई, तो न्याय मिलना कठिन हो जाएगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, डीजीपी विनय कुमार, आईजी तिरहुत चंदन कुशवाहा, एसएसपी मुजफ्फरपुर कांतेश मिश्रा समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर SIT जांच, सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और अपने परिवार के लिए स्थायी सरकारी अंगरक्षक उपलब्ध कराने की मांग की है। वरुण ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें या उनके परिवार को कोई नुकसान होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# 40 करोड़ की जमीन के लिए चल रहा खूनी संघर्ष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**◆ पटना के गोपालपुर में 2 लोगों को लगी थी गोली, मुख्य आरोपी गिरफ्तार**

**पटना**। गोपालपुर थाना क्षेत्र के बादशाही पइन के पास सोमवार को जमीन विवाद में गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें ओम प्रकाश यादव और जितेंद्र कुमार को गोली लगी थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी उदय सिंह को अरेस्ट किया है। ओम प्रकाश राय की ओर से उदय सिंह और उसके दोनों बेटे गौरव सिंह और उज्जवल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। ओम प्रकाश यादव का आरोप है कि वह अपने प्लॉट पर गए थे। इसी दौरान उदय सिंह और उनके दोनों बेटों ने गोली मार दी। गौरव सिंह और उज्जवल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। ओम प्रकाश यादव का आरोप है कि वह अपने प्लॉट पर गए थे। इसी दौरान उदय सिंह और उनके दोनों बेटों ने गोली मार दी।

**2 बीघा प्लॉट का विवादः** गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पूछताछ में उदय सिंह ने विवादित प्लॉट पर अपना दावा पेश किया है। उसने बताया है कि 31 मार्च 2026 को जमीन रजिस्ट्री कराई है। इसी जमीन पर ओम प्रकाश यादव अपना दावा पेश कर रहे हैं। मैं जमीन पर बाउंड्री वॉल कर रहा था। इसी को लेकर विवाद बढ़ा। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि 2 बीघा का प्लॉट है। ओम प्रकाश यादव ने घटना से पहले गोपालपुर थाने में उदय सिंह के खिलाफ शिकायत की थी। अभी इस पर कार्रवाई चल रही थी। पुलिस की ओर से ओम प्रकाश यादव को प्लॉट पर जाने से मना किया गया था। उससे पहले ओम प्रकाश यादव प्लॉट पर चले गए। फिलहाल उदय सिंह को अरेस्ट कर लिया गया है। इनके दोनों बेटे लाइसेंसी हथियार लेकर फरार हो गए हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास दो लाइसेंसी हथियार है। इसे कैंसल करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वर्ष 2024 में भी उनके लाइसेंस के कैंसिलेशन का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा गया था। किस वजह से लाइसेंस कैंसिल नहीं हुआ और दोबारा इन्हें हथियार निर्गत हो गया। इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

**दोनों बेटे लाइसेंसी हथियार लेकर फरार हैंः** घटना से पहले गोपालपुर थाने में उदय सिंह के खिलाफ शिकायत की थी। अभी इस पर कार्रवाई चल रही थी। पुलिस की ओर से ओम प्रकाश यादव को प्लॉट पर जाने से मना किया गया था। उससे पहले ओम प्रकाश यादव प्लॉट पर चले गए। फिलहाल उदय सिंह को अरेस्ट कर लिया गया है। इनके दोनों बेटे लाइसेंसी हथियार लेकर फरार हो गए हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास दो लाइसेंसी हथियार है। इसे कैंसल करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वर्ष 2024 में भी उनके लाइसेंस के कैंसिलेशन का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा गया था। किस वजह से लाइसेंस कैंसिल नहीं हुआ और दोबारा इन्हें हथियार निर्गत हो गया। इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

**लंबे समय से चल रहा है विवादः** ओम प्रकाश यादव और उदय सिंह के बीच में विवाद चल रहा है। जिस प्लॉट पर विवाद हो रहा है, उसकी कीमत लगभग 40 करोड रुपए है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि उदय सिंह का भी कारोबार जमीन से जुड़ा है। उनके बेटे भी इसी काम में है।

# इग्नूका आज 39वां दीक्षांत समारोह, 20,608 शिक्षार्थियों को डिग्री मिली

## स्नातक के 11918 स्टूडेंट्स को मिला सर्टिफिकेट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) का 39वां दीक्षांत समारोह आज मनाया गया। इसे लेकर रवीन्द्र भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति फैजान मुस्तफा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर कुल 20,608 शिक्षार्थियों को डिग्री दी गई। इनमें पीजी के 7606, स्नातक के 11,918, डिप्लोमा के 935 और सर्टिफिकेट के 149 विद्यार्थी शामिल हैं। देशभर में इग्नू के 60 क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से लगभग 2,99,092 छात्रों को डिग्री दी गई।

**मुकेश कुमार ने BAKSH कार्यक्रम में स्वर्ण पदक हासिल कियाः** 610 (स्नातकोत्तर कार्यक्रम), 85 (BCA) और 25 शिक्षार्थियों (BEd) को उनकी उपाधियां समारोह में व्यक्तिगत रूप से दी गई, जबकि शेष शिक्षार्थियों को कार्यक्रम में निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से दी गई। इस अवसर पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र पटना के शिक्षार्थी मुकेश कुमार ने BAKSH कार्यक्रम में स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्रीय केंद्र का नाम रोशन किया। देशभर के क्षेत्रीय केंद्रों में इसे लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, मुख्य समारोह नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में हुआ, जहां देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसका लाइव प्रसारण पटना क्षेत्रीय केंद्र के समारोह रवीन्द्र भवन में किया गया।

# हर बड़े मामले की जांच करने पहुंचेगी एफएसएल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। बिहार में अब अपराधों की जांच को अधिक वैज्ञानिक और मजबूत बनाया जाएगा। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने घोषणा की है। जिन मामलों में सात साल या उससे अधिक की सजा का प्रावधान है, उनमें घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस कदम से पुलिस अब गवाहों और बयानों के बजाय वैज्ञानिक साक्ष्यों पर अधिक निर्भर करेगी। डीजीपी ने यह जानकारी पटना स्थित पुलिस मुख्यालय के सरदार पटेल भवन में आयोजित एक फॉरेंसिक कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस कार्यशाला में देशभर से आए वैज्ञानिक और फॉरेंसिक विशेषज्ञ शामिल हुए। डीजीपी ने बताया कि बिहार पुलिस अपनी फॉरेंसिक व्यवस्था को तेजी से सुदृढ़ कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य अपराधियों को त्वरित और उचित दंड दिलाना है।

**13 फॉरेंसिक साइंस लैब को चालू करने की पूरी तैयारीः** डीजीपी के अनुसार, राज्य में कुल 13 फॉरेंसिक साइंस लैब (FSL) को पूरी तरह से चालू करने की तैयारी चल रही है। इनमें चार स्थायी और नौ क्षेत्रीय लैब शामिल हैं। इन लैब के लिए कर्मचारियों की भर्ती, आवश्यक उपकरणों की खरीद और भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि अगले एक से दो साल में ये सभी लैब अपनी पूरी क्षमता से कार्य करना शुरू कर देंगे। अपराधों को सुलझाने में डीएनए (DNA) जांच की बढ़ती अहमियत को देखते हुए, बिहार में तीन से चार नए डीएनए लैब खोलने की योजना है। इसके लिए केंद्र सरकार की फॉरेंसिक एजेंसियों से सहायता मांगी गई है। इन नए लैब से हत्या, दुष्कर्म और अन्य गंभीर मामलों की जांच में अधिक सटीकता आने की उम्मीद है। डीजीपी ने यह भी बताया कि जिन 28 जिलों में अभी क्षेत्रीय फॉरेंसिक लैब उपलब्ध नहीं हैं, वहां भी काम तेजी से जारी है। इन जिलों को मोबाइल फॉरेंसिक लैब (वैन) की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक जांच संभव हो सकेगी और न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी।

**44 पुलिस जिलों को 50 मोबाइल फॉरेंसिक वैन मिलीः** इन वैन में मौके पर ही जांच करने की सुविधा होती है। जरूरत के अनुसार इनकी संख्या आगे और बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा, पटना और राजगीर में साइबर फॉरेंसिक लैब भी खोले जाएंगे, जिससे ऑनलाइन अपराधों की जांच में मदद मिलेगी। डीजीपी ने बताया कि पहले बिहार में फॉरेंसिक जांच की सुविधा बहुत सीमित थी। साल 2012-13 में सिर्फ 700 से 800 मामलों में ही फॉरेंसिक जांच हो पाती थी। अब यह संख्या बढ़कर करीब 13,000 मामलों तक पहुंच गई है। पहले सिर्फ पटना में एक लैब था, लेकिन अब पटना, राजगीर, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में लैब काम कर रहे हैं। इससे जांच की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है।


## संक्षिप्त समाचार

### समय पर नहीं चलीं यात्री गाड़ियां तो रोकी जाएंगी मालगाड़ियां : सरयू



**पूर्वी सिंहभूम।** विधायक सरयू राय ने ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी के खिलाफ आयोजित धरना में रेल प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि यात्री ट्रेनों को समय पर नहीं चलाया गया तो जनता विवश होकर मालगाड़ियों को रोकने का आंदोलन करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा किया कि जल्द ही 20-21 लोगों की एक समिति बनाई जाएगी, जो इस मुद्दे को संगठित रूप से उठाएगी और आवश्यकता पड़ने पर दिल्ली जाकर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और रेल मंत्री से मुलाकात करेगी। उन्होंने कहा कि शुरुआत उन्होंने अकेले की थी, लेकिन यह मुद्दा आम जनता से जुड़ा होने के कारण कई संगठनों ने समर्थन दिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, चेंबर ऑफ कॉमर्स, आजसू, विश्व हिंदू परिषद, आदिवासी हो समाज, मुंडा समाज, उगता भारत संस्था और चित्रगुप्त कल्याण समिति सहित कई संगठनों ने इस आंदोलन में भागीदारी निभाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह राजनीतिक नहीं बल्कि जनहित का मुद्दा है, इसलिए सभी दलों और वर्गों को मिलकर इसे उठाना चाहिए। सरयू राय ने कहा कि टाटानगर आने-जाने वाली यात्री ट्रेनें चार से पांच घंटे तक विलंब से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है और परिवारों को बीच रास्ते में घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि थोड़ी देरी से माल पहुंचने पर व्यापारियों को ज्यादा नुकसान नहीं होता। उन्होंने चक्रधरपुर रेल मंडल की उपेक्षा का भी आरोप लगाया और कहा कि अन्य मंडलों में जो कार्य पहले ही पूरे हो चुके हैं, वे यहां अभी शुरू हो रहे हैं। कार्यक्रम में शिवशंकर सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, हेमंत पाठक, कन्हैया सिंह, मानव केडिया, अजय कुमार, पवन सिंह, अंजलि सिंह, प्रवीण सिंह, आफताब अहमद सिद्दिकी, अजय कुमार गुप्ता, गोमिया सुंडी, राजू सिंह और भास्कर मुखी सहित कई लोगों ने संबोधन किया।

### राखा कॉपर कॉलोनी में 80 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका क्षेत्र अंतर्गत राखा कॉपर कॉलोनी में एक 80 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान यूसील कर्मी के पिता रतन बहादुर श्रेष्ठ के रूप में हुई है। उनका खून से लथपथ शव मंगलवार सुबह पुराने नर्सरी स्कूल परिसर से बरामद किया गया। पुलिस औ परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, रतन बहादुर श्रेष्ठ सोमवार रात किसी काम से जादूगोड़ा से राखा कॉलोनी आए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों और स्थानीय लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने नर्सरी स्कूल परिसर में एक वृद्ध व्यक्ति का शव देखा। शव पर गंभीर चोट के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था, जिससे हत्या की आशंका जताई गई। घटनास्थल से एक घायल महिला भी मिली, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। स्थानीय लोगों ने तुरंत जादूगोड़ा थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की जांच का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर प्रीतम राज कर रहे हैं, जिन्होंने दल-बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घायल महिला को अपने संरक्षण में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि घटना के कारणों और हमलावरों के बारे में जानकारी मिल सके। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस हत्या से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने जल्द से जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है और दावा किया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सदर अस्पताल के रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त संग्रह




**खूंटी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल, खूंटी के रक्त केंद्र के तत्वावधान में मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ ललित रंजन पाठक ने किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर इस पुनीत कार्य में आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सेवा भावना और समर्पण के साथ मरीजों की देखभाल करने और स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो सकें। उपाधीक्षक डॉ आनंद किशोर उरांव ने बताया कि रक्त केंद्र की ओर से नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे थैलेसीमिया पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं काउंसलर निशांत झा ने बताया कि अप्रैल माह में विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से कई रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि रक्त केंद्र में रक्त की कमी न हो और खूंटी के मरीजों को रक्त के लिए बाहर न जाना पड़े। शिविर के दौरान शंकर गुड़िया, डॉ विकास भेंगरा, सुजीत नाग, आशीष कुमार, विवेक कुमार, शेखर नाग, गौतम कुमार सहित अन्य दाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 30 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

# झारखंड के पूर्वी सिहभूम में 52 मिमी बारिश दर्ज, 08 को 17 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले लगभग 10 दिनों से बादल, बारिश और गर्जन की स्थिति बनी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांधा में 52.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 08 अप्रैल को राज्य के 17 जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की है। विभाग की ओर से इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट जिले में रांची, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गुड्डा और साहिबगंज शामिल हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 35.2 डिग्री सरायकेला में और सबसे कम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रांची के कांके में रिकॉर्ड किया गया। इधर, मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ था, लेकिन दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे और गर्जन के साथ हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। वहीं, सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री और न्यूनतम 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.2 डिग्री और न्यूनतम 19.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 34 और न्यूनतम 20.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.5 डिग्री और न्यूनतम 20.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस एवं खूंटी में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.5 रिकार्ड किया गया।

## शहीद की पत्नी को आवास निर्माण के लिए भूमि बंदोबस्ती की स्वीकृति

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



देश की रक्षा करते हुए श्रीनगर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए जवान सेलाय कुदादा के परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए झारखंड सरकार ने उनकी पत्नी बुधनी कुदादा को आवास निर्माण के लिए जमीन आवंटित करने की स्वीकृति दी है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से पूर्व में जारी संकल्प के तहत यह कार्रवाई की गई है। मंगलवार को जिला उपायुक्त चंदन कुमार ने खूंटपानी अंचल के मौजा अंकोलकुटी स्थित गैरमजरूआ खास भूमि को आवास निर्माण के लिए बंदोबस्त करने की अनुमति प्रदान की। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, थाना संख्या-37 के अंतर्गत खाता संख्या-01, प्लॉट संख्या-351 की कुल 12.5 डिसमील भूमि शहीद की पत्नी बुधनी कुदादा के नाम स्वीकृत की गई है। इस जमीन पर अब वे अपना घर बना सकेंगी, जिससे उनके परिवार को स्थायी आवास की सुविधा मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने राज्य सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम न केवल शहीद परिवार को आर्थिक सहारा देगा, बल्कि समाज में उनके सम्मान को भी और सुदृढ़ करेगा। लोगों का मानना है कि इस तरह की पहल अन्य परिवारों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी और शहीदों के प्रति समाज में सम्मान की भावना को और मजबूत करेगी।

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को दिया जनहित में कार्य करने का संदेश



**एजेंसी। रांची**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने रांची स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उन्हें जनहित एवं राज्यहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपार संभावनाएं हैं और राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाते हुए विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए अधिकारियों को समर्पित भाव से काम करना होगा। राज्यपाल ने अधिकारियों को जमीनी हकीकत से जुड़े रहने की सलाह देते हुए कहा कि नियमित क्षेत्र भ्रमण करें और आम लोगों के साथ लगातार संवाद बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक सेवा में किसी व्यक्ति की पहचान उसके कार्य और व्यवहार से बनती है, इसलिए पारदर्शिता, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व के साथ काम करना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को हर परिस्थिति में सजग और तत्पर रहकर समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी भी उपस्थित रहे।

## मनरेगा तकनीकी सहायक नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप, अभ्यर्थियों ने की उपायुक्त से जांच की मांग

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम जिले में मनरेगा के तहत तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता समकक्ष) पदों पर हुई संविदा आधारित नियुक्ति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए उपायुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की जांच कराने तथा योग्यता के आधार पर नई मेधा सूची प्रकाशित करने की मांग की है। यह मामला विज्ञापन संख्या 01/2023-24 से जुड़ा हुआ है, जिसके अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि विज्ञापन में स्पष्ट रूप से कंप्यूटर योग्यता जैसे पीजीडीसीए या कंप्यूटर डिप्लोमा को मान्यता प्राप्त संस्थान से होना अनिवार्य बताया गया था, लेकिन चयनित अभ्यर्थियों में कुछ के प्रमाणपत्र इस मानक के अनुरूप नहीं हैं। आवेदनकर्ताओं के अनुसार, कुछ अभ्यर्थियों के पीजीडीसीए प्रमाणपत्र उनके स्नातक की डिग्री से पहले के वर्ष के हैं, जबकि सामान्य रूप से यह पाठ्यक्रम स्नातक के बाद किया जाता है। इस प्रकार के मामलों से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। मंगलवार को अभ्यर्थियों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्धारित पदों की संख्या के बावजूद सभी पदों पर नियुक्ति नहीं की गई। सामान्य और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में चयन को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है, जिससे अभ्यर्थियों में असंतोष बढ़ा है। कुछ विशेष मामलों का उल्लेख करते हुए अभ्यर्थियों ने आवेदन संख्या 623228338149 से संबंधित अभ्यर्थी के शैक्षणिक विवरण पर सवाल उठाया है, जिसमें डिप्लोमा (सिविल) वर्ष 2013, बीटेक (सिविल) वर्ष 2017 और पीजीडीसीए वर्ष 2015 दर्शाया गया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि यह शैक्षणिक क्रम संदिग्ध प्रतीत होता है और इसकी गहन जांच आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, शिकायत में यह भी सामने आया है कि कुछ चयनित अभ्यर्थी पहले से ही अन्य सरकारी विभागों में कार्यरत थे और लाभ प्राप्त कर रहे थे, इसके बावजूद उन्होंने शपथ पत्र में इस तथ्य को छिपाकर आवेदन किया। यह शपथ पत्र की शर्तों का उल्लंघन माना जा रहा है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि गलत जानकारी पाए जाने पर नियुक्ति स्वतः निरस्त की जा सकती है और विधिक कार्रवाई भी संभव है। शिकायत में जिन अभ्यर्थियों के नाम सामने आए हैं, उनमें शीतल महापात्र, अनुपम साहू और अभिजीत बेरा शामिल हैं। इनके आवेदन विवरण और कार्यस्थल से जुड़े तथ्यों की भी जांच की मांग की गई है। आवेदनकर्ता प्रियंका डबलिन और सिद्धार्थ ग्लुश ने उपायुक्त से निष्पक्ष जांच कराते हुए केवल योग्य अभ्यर्थियों को ही नियुक्त करने की मांग की है।

## रिम्स की जमीन को अवैध तरीके से बेचने के मामले में एसीबी ने चार को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। रांची**




रिम्स की जमीन को अवैध तरीके से बेचने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में रांची के बांधगाड़ी निवासी राजकिशोर बड़ाईक, कार्तिक बड़ाईक, कोकर चौक आदर्श नगर राजेश कुमार झा और चेतन कुमार शामिल है। जानकारी के अनुसार, आरोपितों ने गलत वंशावली तैयार कर व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से रिम्स की अधिग्रहित भूमि की धोखाधड़ी कर खरीद-बिक्री की। जांच के दौरान दस्तावेजों में हेरफेर और अवैध लेन-देन से जुड़े साक्ष्य मिलने के बाद कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर एसीबी ने मामले में (कांड संख्या 01/2026 )प्राथमिकी दर्ज की है। वर्ष 1964-65 में अधिग्रहित की गयी सात एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध तरीके अपार्टमेंट और भवन बनाए गए थे। अधिकारियों, बिल्डरों और भू माफियाओं की भूमिका की जांच का निर्देश उच्च न्यायालय ने दिया था। कोर्ट ने राजस्व विभाग, रांची नगर निगम, निबंधन कार्यालय और आरआरडीए के अधिकारियों की मिलीभगत की जांच के लिए एसीबी को प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए थे। दरअसल रिम्स की सात एकड़ से अधिक अधिग्रहित जमीन पर अवैध कब्जा कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, दुकानें और पार्क बनाई गई थी। कई फ्लैट बेच भी दिए गये थे। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इन अवैध बिल्डिंगों को तोड़ दिया गया था. उच्च न्यायालय ने रिम्स से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले की जांच एसीबी को करने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है किकि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 318/336/338/340/61/49 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13 (2) सहपठित 13(1)(डी) एवं 12 और संशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 13(2) R/W 13(1)(ए) एवं 12 के तहत चारों आरोपितों पर केस दर्ज किया गया है।

## गांजा के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** सिदगोड़ा थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान परसुडीह थाना क्षेत्र के मकदमपुर निवासी पिकू कर्मकार उर्फ पुसा (36) के रूप में हुई है। मंगलवार को सिटी एसपी ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि परसुडीह का एक युवक बारीडीह क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बारीडीह गोलचक्कर के पास संदिग्ध की तलाश शुरू की। इसी दौरान काशाई रोड के पास आरोपित दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 3.71 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का है और दो बार जेल जा चुका है। एक मामला परसुडीह में चोरी से जुड़ा है, जबकि दूसरा एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजाब के अमृतसर में दर्ज है।


### कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

**नियुक्ति संबंधी सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विज्ञापन संख्या–02/2025–26 के आलोक में दिनांक–16.03.2026 को जिला स्तर पर संविदा आधारित बैक लॉग/रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पदवार/कोटिवार उम्मीदवारों की औपबंधिक रूप से चयनित सूची, मेधा सूची तथा प्रतीक्षा सूची सूची garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के निदेशानुसार औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति से संबंधित मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन किया जाना है।

औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवारों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–08.04.2026 से दिनांक–10.04.2026 तक (पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक) सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के सभागार में सभी प्रकार के मूल प्रमाण–पत्रों (शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक) का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 376836 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D



### कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधरनगर

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :–01/2026–27**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधरनगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | बजरंगबलीमोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 363200.00 | 36320.00 |
| 02 | ग्रामीणबैंक के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहनस टैंड की बंदोबस्ती | 264100.00 | 26410.00 |
| 03 | चेचरियापुल के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 302800.00 | 30280.00 |
| 04 | बैलबाजार के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 193100.00 | 19310.00 |
| 05 | जंगीपुरमोड़ के पासटेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 74300.00 | 7430.00 |
| 06 | श्री बंशीधर नगरहाट/बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 650000.00 | 65000.00 |
| 07 | बस स्टैंड, नगरउंटारी सैरात की बंदोबस्ती | 726400.00 | 72640.00 |
| 08 | वाणिज्यिक वाहन प्रवेश सैरात की बंदोबस्ती | 363300.00 | 36330.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदनपत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृतजानकारीनगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्रीबंशीधर नगर से कार्यालय अवधि मेंप्राप्त की जा सकती है।डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www.garhwa.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 11.04.2026 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नग रपंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 11.04.2026 (अप0 03.00 बजे से) |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत,श्रीबंशीधर नगर

PR 376830 Urban Development(26-27).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**(1st) Call**

निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR-01/2026-27 दिनांक–06-04-2026

**कार्य का नाम** :– गढ़वा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में **32mm** व्यास के **I.M-II** हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को टर्न–की के आधार पर सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य (वित्तीय वर्ष 2026–27) :–

| क0 सं0 | प्रमंडल का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा | GAR/RRP-01 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 2 | | GAR/RRP-02 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 3 | | GAR/RRP-03 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 4 | | GAR/RRP-04 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 5 | | GAR/RRP-05 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 6 | | GAR/RRP-06 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 7 | | GAR/RRP-07 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 8 | | GAR/RRP-08 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 9 | | GAR/RRP-09 | 93 Nos. | 13,57,242.00 | 27,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 13.04.2026 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य –एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 23.04.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम - | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9431325479 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 0651-2480345 |

**नोट –** 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
3. अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा

PR 376819 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के बिष्णुपुर में विस्फोट, दो बच्चों की मौके पर मौत

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में स्थित ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई में मंगलवार



तड़के बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, विस्फोट लगभग 1 :05 बजे एक घर के अंदर हुआ, जहां एक महिला और उसके दो बच्चे सो रहे थे। विस्फोट में 5 वर्षीय लड़के और उसकी 5 महीने की बहन की मौके पर ही मौत हो गई। मां को मामूली चोटें आई हैं। इस हमले को कुकी उग्रवादियों द्वारा अंजाम दिए जाने का संदेह है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल हो गया। स्थानीय निवासी विरोध प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने जमा हुए और लकड़ियां जलाईं और हत्या पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की। स्थानीय भाजपा विधायक थोंगम शांति सिंह ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे 'क्रूर हमला' बताया। उन्होंने कहा, 'यह जघन्य कृत्य आतंकवाद से कम नहीं है। ऐसे अमानवीय कृत्यों का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और इनकी कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। विधायक ने आगे कहा, ' 5 वर्षीय लड़के और एक 5 महीने की बच्ची की निर्दयता से हत्या की गई। इस असहनीय दुख की घड़ी में मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।' इसके पहले 14 मार्च को मणिपुर के नोनी जिले में बम विस्फोट में एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 8 :30 बजे नामकाओलोंग पार्ट-2 इलाके में यह हादसा उस समय हुआ, जब बच्चों के हाथ लगा एक संदिग्ध विस्फोटक अचानक फट गया। मृतक बच्चे की पहचान कलाइंगामपौ पामेई ( 4 ) के रूप में हुई थी। जबकि उसके पिता थुआनकुंगाम पामेई ( 40 ) विस्फोट में बुरी तरह घायल हो गए थे।

### नोएडा स्पोर्ट्स सिटी के 84 प्रोजेक्ट से रोक हटी

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण की सोमवार को हुई 222 वीं बोर्ड बैठक में स्पोर्ट्स सिटी के चार भूखंडों की 84 परियोजनाओं में काम शुरू होने के साथ रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। इस फैसले से 40 हजार से अधिक खरीदारों को फ्लैट मिलने और रजिस्ट्री होने का रास्ता खुल गया है। हालांकि, बिल्डरों की ओर से बकाया रकम जमा करने के बाद ही रजिस्ट्री हो सकेगी। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि स्पोर्ट्स सिटी की जिन परियोजनाओं में काम हो चुका है और खेल सुविधाएं भी तैयार कर ली गई हैं, ऐसे में उन बिल्डरों को बकाया जमा करने के लिए एक से तीन साल का समय दिया जाएगा। बिल्डरों को कुल बकाये में से अभी 20 प्रतिशत और बाकी 80 प्रतिशत राशि तीन साल के अंदर जमा करनी होगी। बकाया मिलना शुरू होते ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, संशोधित ले-आउट प्लान उन्हीं बिल्डरों का मंजूर होगा, जो खेल सुविधाएं विकसित करने की पूरी योजना बताएंगे। खेल सुविधाएं विकसित होने पर ही अधिभोग प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। स्पोर्ट्स सिटी से जुड़े मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। तीस फीसदी जमीन पर ही निर्माण : सेक्टर-150 के एससी-02 भूखंड का जो संशोधित ले-आउट प्लान मंजूर किया गया है, उनमें 70 प्रतिशत हिस्से की जमीन को खुली और हरित रखा जाएगा

### 80 साल की उम्र में फरीदाबाद के धर्मपाल ने पूरा किया नेशनल खेलने का सपना

**फरीदाबाद, एजेंसी।** अनुशासन और जुनून की बदौलत 80 साल के धर्मपाल ने नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में एकल और डबल्स दोनों में भाग लेकर दो पदक जीत कर अपना सपना पूरा किया। गोवा में आयोजित प्रतियोगिता में धर्मपाल खटाना ने 80 से अधिक आयु वर्ग में हिस्सा लिया था, जिसमें एकल में कांस्य और युगल वर्ग में रजत पदक जीता। धर्मपाल एक अन्य साथी सतीश के साथ जोड़ी बना कर उतरे थे। धर्मपाल खटाना उम्र के इस पायदान पर भी पूरी तरह से फिट हैं और उनकी फिटनेस से युवा भी मात खा जाएंगे। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव संजय सपरा ने बताया कि पूरे टूर्नामेंट में धर्मपाल का प्रदर्शन पूरी तरह से शानदार रहा। नेशनल प्रतियोगिता में उनका सामना लीग मुकाबले में करीब 10 खिलाड़ियों से हुआ, लेकिन किसी भी मुकाबले में उनके चेहरे पर थकान नहीं दिखाई दी। वहीं, बैडमिंटन में अन्य खेलों की तुलना में शारीरिक गतिविधि अधिक होती है। उसमें पैर और हाथ दोनों अभी भी फुर्ती के साथ चलते रहते हैं। धर्मपाल खाने पीने में भी काफी सावधानी बरतते हैं। वह तली हुई चीजों से दूर रहते हैं। इसलिए भी फिट हैं। टेलीकम्युनिकेशन विभाग से उपनिदेशक के पद से सेवानिवृत धर्मपाल नौकरी के दिनों में भी बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भाग लेते थे।

# असम चुनावों में इस बार कड़ा मुकाबला

**गुवाहटी, एजेंसी।** पूर्वोत्तर राज्य असम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी जहां जीत की हैट्रिक लगाने का सपना देख रही है वहीं कांग्रेस गठबंधन उसे सत्ता से हटाने का दावा कर रहा है.राज्य में चुनाव प्रचार चरम पर है.असम में विधानसभा की 126 सीटों हैं.बीते दो विधानसभा चुनावों में बीजेपी यहां लगातार जीतती रही है.यह बात दीगर है कि पिछले दोनों कार्यकाल में मुख्यमंत्री की कुर्सी अलग-अलग नेताओं के पास रही है.हालांकि इस बार राज्य में 2023 के परिसीमन के बाद पहली बार चुनाव हो रहा है.सत्ता के दावेदारों में महिला वोटरों और चाय बागान मजदूरों को लुभाने की होड़ मची है.बागान मजदूर कम से कम 36 सीटों पर निर्णायक हैं.

परिसीमन के कारण राज्य में मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या 29 से घट कर 22 रह गई है.यानी वैसी सात सीटें घट गई हैं जहां तत्कालीन पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) से आने वाले मुसलमान निर्णायक स्थिति में हो सकते थे.वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 75 और कांग्रेस गठबंधन को 50 सीटें मिली थी.तब बदरुद्दीन अजमल की पार्टी ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रैटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) भी कांग्रेस गठबंधन में



शामिल थी.लेकिन इस बार वह अलग चुनाव लड़ रही है.असम चुनाव में मुद्दे और ध्रुवीकरणबीजेपी इस बार ध्रुवीकरण के सहारे मैदान में है.मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा लंबे समय से 'मियां' मुसलमानों के खिलाफ मुखर रहे हैं.इसकी वजह से राज्य में धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण तेज हुआ है.दूसरी ओर, कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ सत्तारूढ़ पार्टी के आक्रामक बयानों के अलावा मुख्यमंत्री के कथित भ्रष्टाचार को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाने का फैसला किया है. कांग्रेस ने मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां पर करोड़ों की बेनामी संपत्ति रखने का भी आरोप लगाया है.इसके अलावा रिनिकी पर तीन देशों के पासपोर्ट रखने के आरोप लगाने से चुनाव से ठीक पहले राजनीति गर्मा गई है. पारंपरिक मुद्दे के अलावा कई नए मुद्दों के छाए रहने की संभावना है.घुसपैठ का मुद्दा असम में दशकों पुराना है और असम आंदोलन के बाद लगभग हर चुनाव में यह प्रमुख मुद्दा रहा है.विपक्षी दल, बीजेपी के खिलाफ भारतीय नागरिकों को विदेशी करार देकर जबरन सीमा पार धकेलने का भी मुद्दा उठा सकते हैं.बीते साल सिंगापुर में राज्य के मशहूर गायक जुबीन गर्ग की रहस्यमय हालात में मौत भी इस बार विपक्ष का प्रमुख मुद्दा होगी.बदलती तस्वीरपहले माना जा रहा था कि इस चुनाव में बीजेपी को विपक्ष की कड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा.लेकिन विपक्षी गठबंधन तैयार होने के बाद अब बीजेपी की राह आसान नहीं लग रही है.लंबे समय तक जारी कयासों के बाद कांग्रेस ने अखिल गोगोई की राइजोर दल के साथ हाथ मिलाया है. विपक्षी गठबंधन में अब इन दोनों पार्टियों के अलावा असम जातीय परिषद और ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस जैसे राजनीतिक दल शामिल हैं.विपक्षी गठबंधन में सीटों के बंटवारे के फार्मूले के तहत कांग्रेस 101, राइजोर दल और सीपीएम 11, जातीय परिषद 10 और हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है.इसके अलावा सीपीआई (एमएल) ने एक सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा है.लेकिन बीजेपी की अगुवाई वाला एनडीए अब भी जीत के दावे कर रहा है.एनडीए में बीजेपी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है.इसके अलावा असम गण परिषद (अगप) 25 और बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) ने 11 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं.एनडीए की सहयोगी रही यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल इस बार मतभेदों के कारण निर्दलीय के तौर पर मैदान में है.बीजेपी के लिए इस बार ऊपरी असम की सीटें सबसे कड़ी चुनौती के तौर पर उभरी हैं.

# यूपी में 1671 ड्राइवर बिना बस चलाए उठा रहे वेतन: अखिलेश यादव

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में एक चौंकाने वाले भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तीखा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि विभाग के 1671 ड्राइवर बिना एक किलोमीटर बस चलाए हर महीने वेतन उठा रहे हैं। उन्होंने इसे भाजपा सरकार की 'भ्रष्ट व्यवस्था' का हिस्सा बताते हुए योगी सरकार पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने सीधे मुख्यमंत्री से कई सवाल भी पूछे हैं।

50% चालकों का 'शून्य किलोमीटर' रिकॉर्ड

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिए विभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि यूपी के परिवहन विभाग में 1671 ड्राइवर ऐसे हैं जो कागजों पर तो तैनात हैं, लेकिन वे बसें नहीं चला रहे हैं। इनमें से लगभग 50% चालक 'शून्य किलोमीटर' चले हैं, फिर भी उनका वेतन नियमित रूप से जारी हो रहा है। सपा प्रमुख ने इसे एक सुनियोजित 'गोरखधंधा' करार



दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बुलडोजर' नीति पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, 'माननीय मुख्यमंत्री जी, इस खुलासे के बाद बसों पर बुलडोजर चलवाने का नाटक मत कीजिएगा। बुलडोजर चलवाना है तो मंत्री जी की महाभ्रष्ट करतूतों पर चलवाइए।' उन्होंने आगे आरोप लगाया कि इस भ्रष्टाचार का एक बड़ा हिस्सा 'मुख्य-दान पेटी' तक पहुंचता है, इसीलिए दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती बल्कि उन पर 'दया-दृष्टि' बनी रहती है। अखिलेश यादव ने गर्मियों की छुट्टियों का जिक्र करते हुए कहा कि एक तरफ आम जनता आने-जाने के लिए बसों की कमी से परेशान है, वहीं दूसरी तरफ भाजपाई परिवहन विभाग को दीमक की तरह चाट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यातायात बाधित होना सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाना है। उनके अनुसार, भाजपा 'ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी' की नहीं, बल्कि अपने 'ट्रिलियन डॉलर व्यवस्था' बनाने में जुटी है।

### हिमाचल पंचायत चुनाव में डीसी को 5 फीसदी आरक्षण की शक्ति पर रोक

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पंचायत चुनावों में जिलाधीशों यानी उपायुक्तों ( डीसी ) को भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर 5 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की दी गई शक्तियों पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने साफ कहा है कि यदि इन शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए किसी जिले में आरक्षण रोस्टर जारी किया गया है, तो उस रोस्टर पर भी फिलहाल रोक रहेगी। जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और जस्टिस रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सोमवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए प्रथम दृष्टया माना कि जिलाधीशों को दी गई यह शक्ति संविधान के अनुरूप नहीं लगती। अदालत ने कहा कि संविधान में भौगोलिक आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है, इसलिए इस तरह की व्यवस्था पर रोक लगाना जरूरी है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि पंचायती राज संस्थाओं के लिए अधिकांश आरक्षण रोस्टर पहले ही जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने यह भी कहा कि चुनाव नियम बनाने के अधिकार का उपयोग करते हुए यह शक्तियां जिलाधीशों को दी गई थीं। लेकिन याचिकाकर्ताओं ने इस व्यवस्था को असंवैधानिक बताते हुए चुनौती दी थी। अदालत ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों से सहमति जताते हुए 30 मार्च को जारी उस अधिसूचना पर रोक लगा दी, जिसके तहत जिलाधीशों को भौगोलिक आधार पर 5 प्रतिशत सीटों के आरक्षण रोस्टर में बदलाव करने की शक्ति दी गई थी। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन चुनाव क्षेत्रों में जिलाधीशों ने इस शक्ति का उपयोग करते हुए भौगोलिक आधार पर आरक्षण रोस्टर जारी किया है, वहां नया रोस्टर फिर से जारी किया जाए। इसके लिए अदालत ने 7 अप्रैल शाम 5 बजे तक की समय-सीमा तय की है। यह याचिका शिमला जिले की ठियोग तहसील की ग्राम पंचायत घोड़ना के पूर्व प्रधान विकेश जिंटा और अन्य लोगों की ओर से दायर की गई थी। याचिका में सरकार द्वारा जिलाधीशों को दी गई इस शक्ति को संविधान के खिलाफ बताया गया था। इससे पहले सुबह इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और जस्टिस बीसी नेगी की खंडपीठ के समक्ष हुई थी। उस खंडपीठ ने इस जनहित याचिका को उन मामलों की सुनवाई कर रही खंडपीठ के पास भेज दिया था।

### जब 16 हेक्टेयर जमीन के कारण फंस गया था नोएडा एयरपोर्ट का रनवे, दिलचस्प है इसके निर्माण की कहानी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण 28 मार्च को हो चुका है, एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होने का इंतजार हो रहा है, लेकिन जिस रनवे पर विमान उतरेंगे और उड़ान भरेंगे। इसके निर्माण की कहानी भी कम रोचक नहीं है। 3900 मीटर लंबे रनवे के निर्माण के लिए अधिकारियों को पसीने बहाने पड़े थे। यीडा ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरुआती रूपरेखा पीडब्ल्यूसी से तैयार कराई थी। एजेंसी ने 1334 हे. अधिगृहीत जमीन के हिसाब से एयरपोर्ट के मानचित्र का खाका खींच दिया, इसके आधार पर जमीन का अधिग्रहण भी कर लिया गया, लेकिन एयरपोर्ट की निविदा हासिल करने के बाद ज्यूरिख एजी इंटरनेशनल एजी ने एयरपोर्ट का मानचित्र तैयार कर उसे अधिगृहीत जमीन पर सुपर इंपोज किया तो एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे और टैक्सी वे की जमीन के निर्देशांक गड़बड़ा गए। कुरैब गांव की करीब 16 हेक्टेयर जमीन रनवे और टैक्सी वे में आ गई जो कि अधिगृहीत भी नहीं की गई थी। रनवे के निर्माण के लिए यह जमीन जरूरी थी, लेकिन अधिग्रहण करने में लंबी प्रक्रिया का सामना करना पड़ा। इसलिए यीडा अधिकारियों ने छोटा रास्ता निकाला और जमीन को किसानों की सहमति लेकर क्रय करने का फैसला किया, लेकिन जब तहसील में जमीन से जुड़े दस्तावेज खंगाले गए तो दूसरी चुनौती सामने आई, जमीन के करीब 370 मालिक में अधिकर स्थानीय निवासी नहीं थे, देश के दूर दराज के लोग स्थानीय किसानों से पहले ही जमीन खरीद चुके थे। उनकी जमीन खरीद पर सहमति लेने के लिए यीडा के सीईओ व अन्य अधिकारियों को मशक्कत करनी पड़ी। उनके शहर तक जाकर सहमति लेनी पड़ी। हालांकि जमीन मालिकों ने सहमति देने में ज्यादा आनाकानी नहीं हुई।




# समस्याओं के दलदल में फंसा साइबर सिटी गुरुग्राम का विकास, आखिर कब होगा समाधान?

**गुरुग्राम, एजेंसी।** नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली कहावत साइबर सिटी के ऊपर सटीक बैठती है। पूरी दुनिया में आइटी, आटोमोबाइल, टेलीकाम, गारमेंट एवं मेडिकल हब के रूप में पहचान है लेकिन न साफ-सफाई बेहतर और न ही सड़कें दुरुस्त। ट्रैफिक जाम से अधिकतर इलाके कराह रहे हैं। हल्की वर्षा होते ही शहर के अधिकतर इलाके तालाब बन जाते हैं। कारण, न समय पर नालों की सफाई की जाती है और न ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के रखरखाव के ऊपर ध्यान है। वर्षा होने पर ही प्रदूषण का स्तर गिरता है अन्यथा 250 से अधिक एक्यूआइ हमेशा रहता है। यह हाल तब है जब मुख्यमंत्री हर महीने कम से कम चार से पांच बार शहर में होते हैं। समस्याओं पर सीधी नजर रखने एवं लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए हर जिले में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति का गठित है। जिले की समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं हैं। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी मुख्यमंत्री ही हैं। कष्ट निवारण समिति की बैठक से लेकर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, सड़कों की दयनीय हालत, जलभराव, ट्रैफिक जाम एवं



प्रदूषण की समस्या पर निश्चित रूप से चर्चा की जाती है। इसके बाद भी सफाई व्यवस्था तक पटरी पर नहीं आ रही है। कई-कई दिनों तक सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। आसपास से निकलना मुश्किल हो जाता है। मौखिक से लेकर लिखित शिकायत तक लोग अधिकारियों से करते हैं लेकिन कोई असर नहीं। पिछले साल सितंबर के दौरान मुख्यमंत्री ने एक महीने के भीतर यानी अक्टूबर तक सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिए गए थे। पांच महीने बाद भी शहर की एक भी सड़क पूरी तरह दुरुस्त नहीं है। वर्षा होते ही गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे हर पल हादसा होने की आशंका गहराने लगती है। हर साल मानसून के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर हो जाती है। इसके बाद भी अभी तक नालों की सफाई के ऊपर ध्यान नहीं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के हेलीकाप्टर की लैंडिंग हीरो होंडा चौक के कुछ दूरी पर संचालित डीपीजी डिग्री कालेज के परिसर में हुई थी।कालेज परिसर तक जाने का एक रास्ता मार्बल मार्केट से होकर है। रास्ते की हालत ऐसी है कि जैसे पहले कभी बनी ही नहीं। उसी रास्ते से मुख्यमंत्री का काफिला निकल गया। उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री का काफिला निकलने के बाद रास्ते की तस्वीर बदल जाएगी लेकिन स्थिति जस की तस।

### गाजियाबाद में ड्यूटी जाते समय महिला के पैर पर आवारा कुत्ते ने काटा, हुआ गहरा घाव

**गाजियाबाद, एजेंसी।** घर से ड्यूटी जाते समय चिपियान के रहने वाले लख्मीचंद की 45 वर्षीय पत्नी मंजू के पैर पर आवारा कुत्ते ने काट लिया। इससे पैर में गहरा घाव हो गया। तुरंत महिला को जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को एंटी रेबीज वैक्सीन के अलावा एंटी रेबीज सीरम भी लगाया गया। इसके अलावा कैलाभट्टा स्थित सादिक पुलिया के पास रहने वाले अशोक के सात वर्षीय बेटे मोहित पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। वह डरकर जमीन पर गिर गया। कुत्ते ने मोहित के सीधे पैर पर काटकर गहरा जख्म कर दिया। आसपास के लोगों ने कुत्ते को भगाया। मोहित को भी एआरवी के अलावा एआरएस लगाया गया है। पिछले 24 घंटे में शहर में आवारा कुत्ते, बंदर, बिल्ली और चूहे के काटने पर 612 लोगों ने अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई है। इनमें 78 बच्चे भी शामिल हैं।दोपहर दो बजे तक लोग एआरवी लगवाने को लाइन में खड़े रहे। एआरवी कक्ष के पास आवारा कुत्ता भी घूमता रहा।

# अगवा पति और दो बच्चों का 300 किमी दूर बरेली में सुराग

**बरेली, एजेंसी।** गुरुग्राम के नाथूपुर में रहने वाली एक महिला के ऑटो चालक पति और दोनों बच्चे अपहृत होने के 48 घंटे बाद तीन सौ किलोमीटर दूर बरेली में आखिरकार मिल गए। बच्चे शनिवार शाम को पिता के साथ घर से सिकंदरपुर पहाड़ी हनुमान मंदिर गए थे, इस दौरान उन्हें अगवा कर लिया गया। सोमवार दोपहर जब महिला को बच्चे मिलने की जानकारी मिली तो वह तुरंत बरेली के लिए रवाना हो गई। बच्चे बरेली के अस्पताल में भर्ती हैं। दो दिन रोने और बिलखने के बाद जैसे ही कलेजे के टुकड़ों को मां ने देखा तो उन्हें गले लगा लिया और खुशी के आंसू बहने लगे। मूल रूप से बरेली के टांडा सिकंदरपुर गांव की रहने वाली पूजा ने शनिवार रात डीएलएफ फेस एक थाना पुलिस को पति मनोज और दो बच्चों मयूर व लक्ष्य के अपहरण होने की शिकायत दी थी। बताया था कि वह आठ सालों से परिवार के साथ नाथूपुर एस ब्लॉक में रह रही हैं। पति मनोज कुमार ओला-उबर में ऑटो चलाते हैं।

#### नहीं लग पा रहा था कोई सुराग

दो दिन पहले एक अंजान व्यक्ति मनोज कुमार से मिला। जिसने प्रतिदिन सुबह-शाम एस ब्लॉक से सिकंदरपुर पहाड़ी के पास हनुमान मंदिर चलने के लिए तय किया। शनिवार शाम जब व्यक्ति ने मंदिर चलने के लिए फोन किया तो मनोज अपने साथ दो बेटों को भी ले गए। इसके बाद तीनों लापता हो गए। इसके बाद महिला बच्चों और पति को पुलिस की मदद से ढूढ़ रही थीं, लेकिन कोई पता नहीं चल रहा था। पति और बच्चों के इस तरह लापता होने के बाद उनके आंसू थम नहीं रहे थे। उन्हें सूझ नहीं रहा था कि वह क्या करें। सोमवार शाम दैनिक जागरण से फोन पर बातचीत में पूजा ने बताया गुरुग्राम पुलिस से उन्हें पति और बच्चों के टांडा सिकंदरपुर गांव में होने की जानकारी मिली थी। इस पर फौरन वह बरेली चली गईं। यहां एक हादसे में बच्चे घायल हो गए थे। अस्पताल में बच्चे मिले। बच्चों से मिलने के बाद अब जाकर सुकून मिला है। यह भी बताया कि पुलिस ने उनके पति को ढूढ़ लिया है। फिलहाल, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

#### पुलिस की एक टीम जांच में जुटी

डीएलएफ फेस एक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस की एक टीम जांच में जुटी हुई थी। सीसीटीवी कैमरे व अन्य माध्यम से एक गाड़ी के बारे में पता चला था। इधर सोमवार अलसुबह बरेली पुलिस से बच्चों और ऑटो चालक की जानकारी मिली। पुलिस टीम को बरेली भेजा गया है। मनोज से घटना को लेकर पूरी जानकारी की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रैली में केंद्रीय मंत्री ने नहीं लिया नाम, मंच छोड़कर चली गई भाजपा उम्मीदवार

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की चुनावी सभा में तनाव की स्थिति बन गई। हुआ यह कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार आर श्रीलेखा मंच से नाराज होकर चली गईं। वट्टियूरकावु विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री जयशंकर ने अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर का उल्लेख किया, लेकिन उसी क्षेत्र की उम्मीदवार श्रीलेखा का नाम नहीं लिया। इस पर नाराज होकर पूर्व आईपीएस अधिकारी और पार्षद श्रीलेखा बीच कार्यक्रम में ही मंच छोड़कर चली गईं। पार्टी सूत्रों के अनुसार उन्हें इस बात से अधिक आपत्ति थी कि पड़ोसी क्षेत्र के उम्मीदवार का जिक्र किया गया। जबकि स्थानीय उम्मीदवार होने के बावजूद उनका नाम नहीं लिया गया। मंच से उतरने के बाद उन्होंने अपनी नाराजगी राजीव चंद्रशेखर और तिरुवनंतपुरम के मेयर वी वी राजेश के सामने भी जाहिर की। बताया जाता है कि उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता जी सोमन से भी इस मुद्दे पर तीखी बातचीत की।



**समझाने-बुझाने के बाद लौटीं:** इस बीच पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप किया और काफी समझाने के बाद श्रीलेखा को दोबारा मंच पर लाया गया, जिससे कार्यक्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ सका। वट्टियूरकावु सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है, जहां कांग्रेस के के. मुरलीधरण और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वी के प्रशांत भी मैदान में हैं। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार को समाप्त होने के बीच कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने सोमवार को एक-दूसरे पर तेज हमले किए। एलडीएफ ने एक प्रगति रिपोर्ट जारी कर दावा किया है कि उसने 2021 के अपने 97 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं। उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 1.32 करोड़ पुरुषों, 1.39 करोड़ महिलाओं और 273 तृतीय लिंग सहित कुल 2.71 करोड़ मतदाता तथा 2.42 लाख से अधिक प्रवासी मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करने के पात्र हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### चुनाव बना कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए अग्निपरीक्षा

मालदा की घटना और उस पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी बताती है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए परीक्षा बन चुका है। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इससे पहले जिस तरह के हालात बने हैं, उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए बिल्कुल शुभ नहीं माना जा सकता। मालदा के कालियाचक में भीड़ ने 7 न्यायिक अधिकारियों को 9 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। घेराव, लगातार विरोध-प्रदर्शन और चक्का जाम जैसी घटनाओं से जाहिर है कि जमीनी स्तर पर लोगों में एसआईआर को लेकर गंभीर असंतोष है। हालांकि मालदा में उनके गुस्से ने कानून की सीमा को पार कर दिया, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता ।प्रशासनिक नाकामी। यह घटना निश्चित तौर पर कानून व्यवस्था की नाकामी का नतीजा है और इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को इतने सख्त शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ा। राज्य में हालात लंबे समय से तनावपूर्ण हैं और पहले भी स्ढ्ढक्रड्यूटी में लगे कर्मचारियों को असुरक्षित स्थितियों का सामना करना पड़ा है। अगर जिम्मेदार अधिकारी हालात की गंभीरता का अंदाजा नहीं लगा पाए, तो यह उनकी नाकामी है। गौर करने वाली बात है कि चुनावों के ऐलान के बाद राज्य में ऊपर से नीचे तक बड़े पैमाने पर अफसरों के तबादले हुए हैं ।जनता में अविश्वास। इस घटना के बीच जनता की चिंताओं को भी समझने की जरूरत है। बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के पहले लगभग 7.6 करोड़ वोटर थे और अब करीब 10 प्रतिशत कम हो गए हैं। फाइनल लिस्ट के बाद 60 लाख को तार्किक विसंगति में चिह्नित किया गया था। इनमें से अब तक 47 लाख आपत्तियों का निपटारा हो चुका है। हालांकि रिजेक्शन रेट बेहद ज्यादा बताया जा रहा है – 35 से 40 प्रतिशत तक। लोगों का आरोप है कि उनके नाम काटे जा रहे हैं। इससे अविश्वास का माहौल है ।चुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटने नहीं पाएगा। सुप्रीम कोर्ट भी लगातार नजर रखे हुए है और मामले के समाधान के लिए उसने स्ढ्ढक्रप्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों को लगाकर अभूतपूर्व रास्ता निकाला था।

### पश्चिम एशिया युद्ध भारत की चेतावनी–संवाद की कमी खतरनाक

कूटनीतिक तकाजे के साथ–साथ मानवीय पहलू से भी देखें, तो होर्मुज जलमार्ग को तत्काल खोलने की जरूरत है, अन्यथा वैश्विक पैमाने पर जिस तरह का ऊर्जा संकट खड़ा होगा, उसकी भरपाई लंबे समय तक नहीं की जा सकेगी। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि पश्चिम एशिया में युद्ध ईरान और इजराइल–अमेरिका के बीच हो रहा है, लेकिन उसकी मार वैसे देशों को भी झेलनी पड़ रही है, जो किसी भी रूप में जंग में शामिल नहीं हैं। कई देशों में अब हालत यह है कि वहां तेल और गैस की कमी की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है ।भारत भी उन देशों में से एक है, जहां कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण आम लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से कई देशों में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी काफी प्रभावित हुई है। यह स्थिति मुख्य रूप से होर्मुज जलमार्ग को रोके जाने के कारण सामने आई है और इसमें तभी राहत मिल सकती है, जब ईरान इस मार्ग को फिर से खोले ।वैश्विक स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर होर्मुज जलमार्ग को इसी तरह बाधित करके रखा गया, तो आने वाले दिनों में स्थितियां और बिगड़ सकती हैं। शायद यही वजह है कि पश्चिम एशिया के इस संकट का हल निकालने की कोशिश के तहत ब्रिटेन की पहल पर साठ से ज्यादा देशों की बैठक हुई, जिसमें होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने और फंसे हुए जहाजों तथा चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में बिना बाधा के जहाजों की आवाजाही की अहमियत को रेखांकित किया गया, क्योंकि आज के दौर में समूची दुनिया में तेल और रसोई गैस लोगों के जीवन के सबसे अहम आधार बन चुके हैं।

*स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल चुनाव को युद्ध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्सव के रूप में देखें। आज आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम बंगाल की घटनाओं को केवल एक राज्य की समस्या न मानकर लोकतंत्र के लिए चेतावनी के रूप में देखा जाए। यदि प्रशासनिक तंत्र कमजोर होगा, राजनीतिक दल मर्यादा नहीं रखेंगे, और जनता का विश्वास कम होता जाएगा।*

# पश्चिम बंगाल में बढ़ती अराजकता लोकतंत्र के लिए चुनौती

**(ललित गर्ग)**

नागरिक समाज सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा, तब तक केवल प्रशासनिक उपायों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें कानून का शासन, संस्थाओं की स्वतंत्रता और नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। पश्चिम बंगाल, जो कभी सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिकता और राजनीतिक परिपक्वता का प्रतीक माना जाता था, आज एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें लगातार कमजोर होती प्रतीत हो रही हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राज्य में हिंसा, अराजकता अलोकतांत्रिकता और राजनीतिक असहिष्णुता की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का परिणाम नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति घटते सम्मान और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति का भी द्योतक है। हाल ही में मालदा जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अर्थात एसएआर को लेकर जिस प्रकार का असंतोष और तनाव देखने को मिला, वह भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। मतदाता सूची में नाम जुड़ना या हटना एक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके लिए स्पष्ट नियम और प्रावधान होते हैं। यदि इस प्रक्रिया को राजनीतिक चश्मे से देखा जाएगा या प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाया जाएगा, तो निष्पक्ष चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाएगी। एसएआर प्रक्रिया में बाधक बनते हुए जिसे तरह से न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाए जाने की घटना सामने आयी है, वह न केवल चिंताजनक है बल्कि लोकतंत्र के लिये एक गंभीर चेतावनी भी है। यह उस व्यापक घातक एवं विडम्बनापूर्ण प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें प्रशासनिक और न्यायिक तंत्र को भी राजनीतिक दबाव और भीड़तंत्र के आगे झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विशेष रूप से यह तथ्य कि बंधक बनाए गए अधिकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं, इस घटना को और अधिक गंभीर बना देता है। यह न केवल कानून के शासन पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि समाज में बढ़ती असंवेदनशीलता को भी उजागर करता है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का इतिहास नया नहीं है। 1960 और 70 के दशक में नक्सल आंदोलन के दौरान हिंसा का जो दौर शुरू हुआ था, उसने राज्य की राजनीतिक संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया। इसके बाद वामपंथी शासन के लंबे कालखंड में भी राजनीतिक विरोधियों के प्रति असहिष्णुता और हिंसा की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहीं। सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस एवं ममता बनर्जी के शासन में यह प्रवृत्ति समाप्त नहीं हुई, बल्कि नए स्वरूप में सामने आई। यह स्पष्ट संकेत है कि समस्या केवल किसी एक दल या विचारधारा की नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक तंत्र में व्याप्त एक गहरे संकट की है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, चुनावों के निकट आते ही जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, वे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत देती हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे संवेदनशील कार्य में लगे अधिकारियों को बंधक बनाना यह दर्शाता है कि कुछ तत्व चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मतदाता की स्वतंत्रता और निष्पक्ष चुनाव के अधिकार पर सीधा हमला है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता उल्लेखनीय है। समय-समय पर न्यायालय ने राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी की याद दिलाई है। किंतु यह भी एक चिंताजनक तथ्य है कि इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखाई देता। इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या राज्य प्रशासन एवं सत्तारूढ पार्टी इन निर्देशों को लागू करने में अक्षम है या इच्छुक नहीं है? यदि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश भी प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। चुनाव के समय बढ़ती अराजकता के पीछे राजनीतिक बौखलाहट भी एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। जब किसी दल को अपनी लोकप्रियता में गिरावट का भय होता है, तो वह अक्सर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को दरकिनार कर असंवैधानिक उपायों का सहारा लेने लगता है। पश्चिम बंगाल में भी कुछ ऐसी ही प्रवृत्तियां देखने को मिल रही हैं, जहां सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं पर विपक्ष को डराने, प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोप लगते रहे हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। नागरिक समाज सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा, तब तक केवल प्रशासनिक उपायों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें कानून का शासन, संस्थाओं की स्वतंत्रता और नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति इन सभी पहलुओं पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यदि चुनाव प्रक्रिया ही निष्पक्ष और शांतिपूर्ण नहीं रह जाती, तो लोकतंत्र का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मतदाता का विश्वास होता है, और यदि मतदाता को यह लगने लगे कि मतदाता सूची, चुनाव प्रक्रिया या प्रशासन किसी राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है, तो लोकतंत्र की विश्वसनीयता स्वतः कमजोर होने लगती है। इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासनिक नाकामी का प्रश्न भी गंभीरता से सामने आता है। किसी भी राज्य में यदि अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं, न्यायिक अधिकारी तक बंधक बना लिए जाते हैं और पुलिस या प्रशासन समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाता, तो यह प्रशासनिक तंत्र की कमजोरी का स्पष्ट प्रमाण है। प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी कानून व्यवस्था बनाए रखना और सरकारी कार्यों को निर्भय वातावरण में संपन्न कराना होता है। यदि प्रशासन यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है, तो इससे जनता में भय और अविश्वास दोनों बढ़ते हैं। जनता का विश्वास ही किसी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी होता है, और जब यही विश्वास डगमगाने लगता है, तो शासन की वैधता पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं। राजनीतिक दलों की भूमिका भी इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। लोकतंत्र में राजनीतिक दल केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों के संवाहक भी होते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कार्यकर्ताओं को संयम, कानून के सम्मान और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने के लिए प्रेरित करें। लेकिन जब राजनीतिक प्रतिस्पर्धा कटु संघर्ष में बदल जाती है और कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# भारत पर युद्ध थोपने की तैयारी में जुटा पाकिस्तान

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

समूची दुनिया में जंग की दहशत चरम सीमा पर है। पडोसी देशों के तनावपूर्ण संबंध युद्ध के मुहाने पर पहुंचते जा रहे हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मध्य खूनी खेल शुरू हो चुका है जिसका भारत पर सीधा प्रभाव पडना स्वाभाविक ही है। विभाजन के बाद से ही पाकिस्तानी सत्ता ने भारत को अपना पैत्रिक दुश्मन मान लिया था। अनेक मंचों पर उसने भारत विरोधी एजेन्डा चलाया। हाल ही में उसने अफगान के साथ अपने कटुतापूर्ण संबंधों के लिए भारत को उत्तरदायी ठहराया जबकि उसके आन्तरिक हालात बद से बद्तर हो चुके हैं। कमर तोड मंहगाई, नागरिक सुविधाओं का अकाल, संसाधनों में हो रही निरंतर कटौती, टैक्स का बढता बोझ, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होती फजीहत, नस्तनाबूत होते आर्थिक हालात जैसे अनगिनत कारणों से वहां की आवाम का आक्रोश चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब-जब पाकिस्तान के आन्तरिक हालात खराब हुए या सत्ता के विरोध की स्थितियां निर्मित हुईं तब-तब उसने मनगढन्त आरोप लगाकर भारत के साथ युद्ध के हालात निर्मित किये। सूत्रों की माने तो पाकिस्तान चारों ओर से समस्याओं का ग्रास बनाता है। संयुक्त अरब अमीरात ने उसे अप्रैल माह के अन्त तक 3.5 अरब डॉलर का कर्ज वापिस करने की चेतावनी दी है। वहां पर पेट्रोल लगभग 378 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 520रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। जनसुविधायें तार-तार हो चुकीं हैं। सत्ता पर कट्टरपंथियों का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बलूचिस्तान में अलगाववादी आंदोलन, खैबर पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकी हमले, सिंध में राजनैतिक अस्थिरता ने सेना और सरकार को हिलाकर रख दिया है। ऐसे में तीसरे विश्वयुद्ध के हो चुके शंखनाद के मध्य पाकिस्तान भी भारत पर आक्रमण थोपने की तैयारी कर रहा है। वाक्य-युद्ध के तीर निरंतर जहरीले होते जा रहे हैं। अफगान समस्या के बहाने मिसाइलें दागने की फिराक में ताकि अपने देश की जनता का ध्यान स्थानीय समस्याओं से हटकर जंग की ओर लगाया जा सके। ईरान और अमेरिका के साथ डबल क्रास करने वाला आतंकपरस्त देश प्रत्यक्ष में तो अमेरिका का हमदर्द बनकर खडा दिख रहा है परन्तु ईरान को भी पर्दे के पीछे से पूरा सहयोग कर रहा है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि चीन और रूस के साथ-साथ पाकिस्तान भी ईरान को हथियारों की सप्लाई तथा परमाणु सहयोग कर रहा जिसकी जानकारी अमेरिका को लग चुकी है। इसी कारण अमेरिका ने मध्यस्थता के लिए ईरान के सामने पाकिस्तान को ही खडा कर दिया था जिस पर तेहरान ने पाकिस्तान के माध्यम से आए 15-सूत्रीय अमेरिकी युद्धविराम प्रस्ताव को अत्यधिक अनुचित बताकर ठुकरा दिया। पाकिस्तानी षडयंत्र निरंतर उजागर होते जा रहे हैं। दुनिया भर के मुस्लिम देशों का ठेकेदार बनने की कोशिश में लगा यह आतंकी देश अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भारत को निशाना बनना चाहता है। वहां का खुफिया तंत्र, आतंकी संगठन तथा कट्टरपंथी जमातें भारत में मीरजाफरों की नई फसल पैदा करने में जुटीं हैं। लखनऊ में आतंकी हमले का षडयंत्र उजागर होते ही भितरघातियों के मंसूबे एक बार फिर सामने आ गये। मुफ्तखोरों की बिरादरी का राष्ट्रविरोधी एजेन्डा सफेदपोशों की आड में निरंतर फल-फूल रहा है। राजनैतिक दलों के सिद्धान्त, आदर्श और नीतियां केवल और केवल सत्ता हथियाने, पैसा का अम्बार लगाकर विदेशों में जमा करने तथा वंश की सात पीढियों को आर्थिक सुरक्षा देने तक सीमित होकर रह गयीं हैं। अनेक अवसरों पर सत्ता की तानशाही देखने को मिली तो कई बार विरोधियों द्वारा राष्टहित के प्रस्तावों पर भी हल्लाबोला गया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6055

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6054

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

## वर्ग पहेली 6055

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | |
| 8 | | 9 | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | 12 | |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | ■ | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 |
| | ■ | 20 | ■ | 21 | | 22 | |
| 23 | | | | ■ | 24 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 15 अगस्त को भारत के अतिरिक्त कांगों, नार्थ कोरिया, साऊथ कोरिया व इस देश में भी स्वाधीनता दिवस मनाया जाता है (4)
4. इस वृक्ष को छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
6. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
7. अरब का एक प्रसिद्ध शहर, ग्रांथिक रूप से इस अरबी शब्द का अर्थ शहर या नगर है (3)
8. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (4)
10. नष्ट्र ध्वंस, बर्बाद (6)
13. चैन, राहत, आराम (2)
15. वह विस्फोटक पदार्थ जो ज्वालामुखी पर्वत से निकलता है (2)
16. श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
17. कामिनी (3)
21. सबसे दोस्ती करने वाला (4)
23. जिसका नाम किसी बात आदि के लिए तय कर लिया हो (4)
24. हाथ, हस्त, महसूल, टैक्स (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ठंडी हवा, पवन (3)
2. अक्षर, वर्ण (3)
3. स्वामीभक्त, उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. मनुहार, मनाने का काम (4)
5. अगल-बगल (4)
9. प्रतिमा, देवमूर्ति, कठोर हृदय, आकार (2)
11. प्रश्नात्क, प्रश्नपूर्ण, प्रश्नवाचक (4)
12. व्यक्तित्व, अस्तित्व, सामर्थ्य, शक्ति (2)
13. सुंदर नेत्रों वाली, पुराणानुसार महाराज जनक की पत्नी का यह नाम था (4)
14. दुष्ट, दुर्जन, अधम, नीच (2)
18. सद्गति प्राप्त करने वाला (3)
19. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
20. जो दिन इस समय बीत रहा है, इस दिनों में (2)
22. दफा, मर्तबा, आधुनिक मद्यशाला (2)

### वर्ग पहेली 6054 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | कि | स्ता | न | ■ | अ | मे | ठी |
| र्थ | ■ | व | र | क | न्या | ■ | क |
| ■ | र | क | मी | ■ | य | दि | ■ |
| र | क्षा | ■ | ■ | जू | ■ | ल | क्ष्य |
| ह | क | ■ | आ | न | बा | न | ■ |
| न | व | नी | त | ■ | न | वा | ब |
| ■ | च | ■ | ति | थि | ■ | जी | न |
| ■ | ■ | जौ | ■ | र | क्त | ■ | ना |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आप काम में इतने व्यस्त रहेंगे कि समय का पता ही नहीं चलेगा। वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी नोकझोंक हो सकती है, लेकिन ये रिश्ते की मिठास ही है। किसी बड़े जोखिम से दूरी बनाकर रखें। परिवार की छोटी समस्याओं को भी नजरअंदाज न करें, क्योंकि वही आगे बड़ी बन सकती हैं। पिता से सलाह लेना आज आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

### वृष

आज व्यापार में कुछ रुकावटें आपको परेशान कर सकती हैं, लेकिन आपकी समझदारी आपको सही रास्ता दिखाएगी। आपके फैसले लोगों को चौंका सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्यार और अपनापन बना रहेगा। किसी करीबी से अच्छी खबर मिल सकती है, लेकिन परिवार में किसी की सेहत आपको चिंतित कर सकती है। किसी अनजान व्यक्ति की बातों में आने से बचें।

### मिथुन

आज आपके काम आपको नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार हैं। परिवार में प्यार और समझदारी का माहौल बना रहेगा, लेकिन किसी दूर के अपने की याद दिल को छू सकती है। नौकरी में प्रमोशन की बात आगे बढ़ सकती है, बस किसी की बातों में आकर निर्णय लेने से बचें।

### तुला

आज आपके अंदर का लीडर जाग उठेगा, जो हर मुश्किल को चुनौती की तरह स्वीकार करेगा। कुछ रुकावटें जरूर आएंगी, लेकिन आप हार मानने वालों में से नहीं हैं। नया बिजनेस शुरू करने का विचार मन में जन्म ले सकता है। घर में खुशियों की हलचल तब बढ़ेगी जब आप संतान की इच्छा पूरी करेंगे। पुराने कर्ज से मुक्ति की दिशा में कदम बढ़ेंगे।

### वृश्चिक

आज आप किसी नई शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जैसे किस्मत आपके साथ कदम मिला रही हो। रिश्तों में ताजगी और घर में खुशियों की महक बनी रहेगी। समाज में रहकर काम करना आपके लिए सफलता के नए रास्ते खोलेगा। बिजनेस में बदलाव करने से बचें, क्योंकि जो चल रहा है वही आपके लिए बेहतर है। पूजा-पाठ में मन लगेगा और जीवनसाथी के साथ बिताया गया समय यादगार बन सकता है।

### धनु

आज का दिन खर्चों के नाम हो सकता है, जैसे जेब और दिमाग दोनों थोड़ा दबाव महसूस करें। अचानक आने वाले खर्च आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं, इसलिए समझदारी से कदम बढ़ाएं। नौकरी बदलने का विचार अभी थोड़ा रोक लें, समय आपके पक्ष में आने वाला है। ईमानदारी से किया गया काम आपको अंदर से संतुष्टि देगा।

### कर्क

आज आपका मन पढ़ाई और ज्ञान में डूबा रहेगा, जैसे हर शब्द आपको सफलता की ओर ले जा रहा हो। किसी धार्मिक माहौल में जाने का मौका मिलेगा, जिससे मन को शांति मिलेगी। नौकरी में मेहनत रंग लाएगी परिवार का साथ और स्वादिष्ट भोजन आज के दिन को और खास बना देगा, बस प्रेम में अपने साथी की भावनाओं को समझना न भूलें।

### सिंह

आज का दिन जैसे आपके करियर के दरवाजों पर नई रोशनी लेकर आया है। तरक्की की राहें खुद आपको बुलाती नजर आएंगी और अगर आप विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे हैं, तो कोई बड़ा मौका दिल को खुश कर सकता है। ऑफिस में दिल की बात कहना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा, बस किसी बेकार की राजनीति से दूरी बनाए रखें।

### कन्या

आज किस्मत आपके साथ खड़ी नजर आएगी। हर काम में फायदा मिलने के संकेत हैं, बस घर में शांति बनाए रखना जरूरी है। किसी जरूरी बात को हर किसी से साझा करने से बचें। खास लोगों से मुलाकात आपके लिए नए अवसर लेकर आ सकती है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

### मकर

आज आपको संयम और शांति से काम लेने की जरूरत है। थकान धीरे-धीरे दूर होगी और मन हल्का महसूस करेगा। जीवनसाथी के साथ चल रही खटास को प्यार से खत्म करने का सही समय है। थोड़ी निराशा जरूर महसूस हो सकती है, लेकिन एक छोटी सी सकारात्मक खबर आपका दिन बना सकती है। परिवार में शादी की बात तय होने से खुशियों की लहर दौड़ सकती है।

### कुंभ

आज का दिन खुशियों और चुनौतियों का मिला-जुला रूप लेकर आया है। दोस्तों के साथ बिताया गया समय आपके चेहरे पर मुस्कान लाएगा। कुछ छिपे हुए विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहें। फिजूल खर्च से बचना जरूरी है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को अच्छा फायदा मिल सकता है। घर में किसी नए मेहमान के आने की खबर माहौल को खुशियों से भर देगी।

### मीन

आज का दिन आपको धैर्य की परीक्षा लेने वाला है। जल्दबाजी में लिया गया फैसला आपको परेशानी में डाल सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर रखें। पैसों के मामले में किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। परिवार के साथ खुलकर बात करने से मन का बोझ हल्का होगा और रिश्तों में मिठास लौटेगी। व्यापार में साझेदारी से बचें, क्योंकि धोखे की आशंका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# आज गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी मजबूती बनाए रखना है तो बुधवार को यहां होने वाले मैच में गुजरात टाइटंस की लड़खड़ाती टीम के खिलाफ केएल राहुल की अगुवाई वाले उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह पिछले कुछ मैच जीतने में सफल रही। बल्लेबाजी में उसकी तरफ से 22 वर्षीय समीर रिजवी ने अधिक जिम्मा संभाला है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करके प्रभावित किया है। अगर राहुल और शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज लय में आ जाते हैं, तो दिल्ली कैपिटल्स और भी मजबूत टीम बन जाएगी। राहुल अपनी शुरुआती दो पारियों में जिस तरह से आउट हुए हैं, उसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता और वह किसी भी समय बड़ी पारी खेल सकते हैं। तीसरे नंबर पर हालांकि नीतीश राणा असफल रहे हैं और लग रहा है कि वह इस नंबर पर ज्यादा दबाव महसूस कर रहे हैं। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने यहां पिछले मैच में अपनी लय हासिल कर ली थी, जिससे उन्हें पावरप्ले में गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाजों कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज की जोड़ी का सामना करने के लिए जरूरी आत्मविश्वास मिलेगा।

आईपीएल में लगातार तीसरा अर्धशतक (एक अर्धशतक पिछले सत्र के अपने आखिरी मैच में लगाया था) लगाने वाले रिजवी आक्रामक फॉर्म में हैं। उनमें स्पिनरों की जमकर धुनाई करने की क्षमता तो पहले से थी ही, लेकिन अब वह तेज गेंदबाजों को भी नहीं बख्श रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने पारी के शुरू में संयमित रवैया अपनाया लेकिन बाद में उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। दिल्ली की तरफ से गेंदबाजों में मुकेश कुमार ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं कप्तान अक्षर पटेल पावरप्ले और बीच के ओवरों दोनों में प्रभावी रहे हैं।



लुंगी एनगिडी ने दिल्ली की गेंदबाजी इकाई को मजबूती प्रदान की है, जिसमें टी नटराजन और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं। इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स एक ऐसी टीम है जो दोनों विभाग में लड़खड़ा रही है। गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर जरूर से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम नहीं चल पा रहा है।

गुजरात टाइटन्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य से हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन से मिली अच्छी शुरुआत का मध्यक्रम के बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछला मैच नहीं खेल पाए थे, लेकिन कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच के लिए वह पूरी तरह से फिट हो जाएंगे।

गुजरात टाइटन्स की टीम अपने पहले दो मैच हार गई है और इनमें उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। सिराज और रबाडा दोनों ही थोड़े महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं। गुजरात टाइटन्स के लिए सकारात्मक बात यह है कि राशिद ने प्रतियोगिता की शुरुआत में ही अपनी लय पा ली है। गुजरात के सबसे प्रभावशाली गेंदबाज 23 वर्षीय तेज गेंदबाज अशोक शर्मा रहे हैं।

कोटला की पिच पर आमतौर पर खूब रन बनते हैं, लेकिन पिछले सप्ताह दोपहर के मैच में ऐसा नहीं हुआ और मुंबई इंडियंस की टीम केवल 162 रन ही बना पाई। यह देखना बाकी है कि यहां की पिच अप्रैल में शाम के सत्र में होने वाले मैच में कैसा व्यवहार करती है।

### टीमें -

- **दिल्ली कैपिटल्स - -** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, माधव तिवारी, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, बेन डकेट, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, साहिल पारख।
- **गुजरात टाइटंस -** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शाहरुख खान, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, पृथ्वी राज येरा, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, अरशद खान।
- समय - शाम 7.30 बजे।

**रहाणे को सहवाग से मिली खास सलाह**

## आलोचकों से बहस करने की जरूरत नहीं



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में स्ट्राइक रेट को लेकर चल रही आलोचनाओं के बीच वीरेंद्र सहवाग ने आजिंक्य रहाणे को अहम सलाह दी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आलोचकों के सवालों का जवाब देने से बचना चाहिए और अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। सहवाग के मुताबिक, तारीफ और आलोचना दोनों को समान रूप से लेना जरूरी है।

**आलोचकों से बहस करने की जरूरत नहीं-** वीरेंद्र सहवाग ने कहा, मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ियों को इस तरह की बातें कहनी चाहिए। लोग आपकी तारीफ भी करेंगे और आलोचना भी, लेकिन आपको दोनों के साथ न्यूट्रल रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, अगर कोई मेरे स्ट्राइक रेट या बल्लेबाजी शैली पर सवाल उठाता है, तो उसमें उलझने की जरूरत नहीं है। आपको अपने खेल पर फोकस करना चाहिए।

**सचिन और अमिताभ का दिया उदाहरण-** सहवाग ने अपनी बात को मजबूत करने के लिए अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, आलोचकों से बहस क्यों करनी? बच्चन साहब ने कभी जवाब नहीं दिया। सचिन तेंदुलकर के बारे में एक अखबार ने 'एण्डुलकर तक लिख दिया था, लेकिन उन्होंने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

**क्या बोले थे रहाणे -** आजिंक्य रहाणे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने से नाराज नजर आए थे। उन्होंने कहा था, मेरा स्ट्राइक रेट 2023 से अब तक सबसे अच्छा है। जो लोग बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे या उनके पास कोई एजेंडा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग उनकी सफलता से जलते हैं और उन्हें खेलते हुए देखना पसंद नहीं करते।

## पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने बीसीसीआई को लताड़ा

**● आईपीएल में हो रहा 2400 करोड़ रुपए का 'नुकसान'**

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए दावा किया है कि लीग अपने मूल रूप से तय फॉर्मेट का पालन न करके 2400 करोड़ रुपए का अतिरिक्त रेवेन्यू गंवा रही है। मोदी, जिन्होंने दो फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लगभग 31,000 करोड़ रुपए की कुल कीमत पर बिकने



के बाद लीग की बढ़ती वैल्यूएशन पर खुशी जताई थी, चाहते हैं कि बोर्ड इन कथित नुकसानों की भरपाई के लिए पूरी तरह से होम-एंड-अवे फॉर्मेट पर वापस लौटे। मोदी के अनुसार मूल रूप से हर टीम को एक-दूसरे के खिलाफ दो बार खेलना था। 2022 में लीग के 10 टीमों तक विस्तार के साथ ऐसी संरचना के परिणामस्वरूप 90 मैचों का लीग चरण होता, जिसके बाद चार नॉकआउट मैच होते। हालांकि आईपीएल ने 'होम-एंड-अवे' सिस्टम में बदलाव करके केवल 74 मैचों के साथ ही काम करना जारी रखा है। उन्होंने स्पोर्टस्टार के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'हर मैच के लिए बीसीसीआई को 50 प्रतिशत मिलता है, और बाकी 50 प्रतिशत टीमों में बांटा जाता है'।



**फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज**

## दिव्या और वैशाली की पहली जीत, सिंदारोव की पांचवीं जीत

**साइप्रस (एजेंसी)।** फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज में छठे राउंड में भारत के लिए अच्छी खबर आई जब महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख नें कजाकिस्तान की बीबीसारा असुबायेवा को और आर वैशाली नें रूस की लाग्नो कैटरीना को पराजित करते हुए ना सिर्फ अपनी पहली जीत दर्ज की बल्कि दोनों नें खुद को एक बार फिर खिताबी दौड़ में शामिल कर लिया है। दिव्या देशमुख नें काले मोहरो से खेलते हुए सेमी स्लाव ओपनिंग में बिबिसारा को वजीर और हाथी के एंडगेम में 46 चालों में पराजित किया वहीं वैशाली नें भी काले मोहरो से इटेलियन ओपनिंग में लग्नों कैटरीना को राज की और जोरदार आक्रमण करते हुए 47 चालों में पराजित किया। वहीं यूक्रेन की अन्ना मुज्यचुक नें चीन की जू जिनर को पराजित करते हुए 4 अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली है. इस समय दिव्या, वैशाली 3 अंकों के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है। पुरुष वर्ग में उज़्बेकिस्तान सिंदारोव जावोखीर नें आज एक और जीत दर्ज की और यह उनकी लगातार चौथी जीत रही, सिंदारोव नें आज चीन के वे यी को पराजित करते हुए छह राउंड के बाद 5.5 अंक बनाते हुए फ़ीडे कैंडिडेट का एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। कारुआना नें आज रूस के आंद्रे एसिपेंको से ड्रा खेला और वह अब 4 अंकों पर है और कारुआना से 1.5 अंक पीछे है वहीं भारत के प्रज्ञानन्दा नें आज यूएसए के हिकारू नाकामुरा से ड्रा खेला और वह 3 अंकों पर है मतलब सिंदारोव से 2.5 अंक पीछे है और ऐसे में सिंदारोव को रोकना बहुत मुश्किल नज़र आ रहा है वहीं अनीश गिरी नें आज जर्मनी की मैथियास ब्लूबम से ड्रा खेला।

**हेनरिक क्लासेन**

## कप्तान के तौर पर ईशान किशन जबरदस्त रहे हैं, वह सलाह भी मांगते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के बड़े-बड़े शॉट लगाने वाले बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने कप्तान ईशान किशन की जमकर तारीफ की है। उन्होंने किशन को एक बेहतरीन कप्तान बताया और कहा कि जिस तरह से टीम इस युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज का साथ देती है, वह 'बस जबरदस्त' है। इसके अलावा फैसले लेने में उनकी शांति और टीम में मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा करने की उनकी इच्छा भी काबिले-तारीफ है।

किशन को एसआरएच का अंतरिम कप्तान बनाया गया था क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट से उबरने की वजह से शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं थे। उनकी कप्तानी में एसआरएच ने एक मैच जीता है, जबकि दो मैच हारे हैं और पॉइंट्स टेबल पर 5वें स्थान पर है। क्लासेन ने कहा, देखिए, मुझे लगता है कि अब तक वह बहुत बढ़िया रहे हैं। वह ऐसे इंसान हैं जो सलाह मांगते हैं। जैसा कि मैंने कहा, हमारे ड्रेसिंग रूम में बहुत अनुभव है। इसलिए वह उस अनुभव का फायदा भी उठाते हैं। लेकिन उनके फैसले लेने का तरीका, जिस तरह से वह गेंदबाजों को बदलते हैं और जिस तरह से टीम उनकी बात सुनती है, वह अब तक बस जबरदस्त रहा है।

उन्होंने कहा, तो जैसा कि मैंने कहा कि टीम बहुत अच्छे हाथों में है और अच्छी बात यह है कि वह बिल्कुल भी घमंडी इंसान नहीं हैं, जिससे चीजें काफी आसान हो जाती हैं। उनकी कप्तानी में खेलना सच में बहुत मजेदार होता है। इसलिए बीच-बीच में काफी मजाक-मस्ती होती रहती है ताकि माहौल ज्यादा गंभीर न हो जाए, क्योंकि मुझे लगता है कि यह माहौल कभी-कभी खेलने के लिए काफी मुश्किल हो सकता है। क्लासेने ने कहा, मुझे लगता है कि वह बहुत बढ़िया रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में भी उन्हें काफी सफलता मिली है। मुझे लगता है कि उनकी घरेलू टीम ने एक टूर्नामेंट जीता था (झारखंड ने उनकी कप्तानी में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी जीती थी)। तो इस मामले में उनके पास काफी अनुभव है। लेकिन अब तक, मुझे उनकी कप्तानी में सच में बहुत मजा आया है और वह अब तक जबरदस्त रहे हैं।

## एशियन कप से पहले रूस के खिलाफ तीन मैच खेलेगी भारतीय -17 फुटबॉल टीम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम 11 से 17 अप्रैल के बीच रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी। यह मुकाबले सोची में आयोजित होंगे, जहां टीम अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी। इस दौरे के लिए मुख्य कोच पामेला काउंटी ने 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।



### कब और कहां होंगे मुकाबले

भारत और रूस के बीच ये तीनों मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। टीम सोमवार देर रात सोची पहुंच चुकी है और मुकाबलों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। यह सीरीज खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का अच्छा मौका होगी।

### एशियन कप की तैयारी पर फोकस

भारतीय टीम इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही है। इस टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया (2 मई), जापान (5 मई) और लेबनान (8 मई) से होगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2-30 बजे खेले जाएंगे।

### हालिया प्रदर्शन से बढ़ा आत्मविश्वास

भारतीय टीम हाल ही में म्यांमार के यांगून दौरे पर गई थी, जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन मुकाबलों में टीम ने 2-0 और 3-2 से जीत दर्ज की, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इसके बाद टीम ने बेंगलुरु में प्रशिक्षण शिविर भी लगाया।

### 23 सदस्यीय टीम का ऐलान

मुख्य कोच पामेली काउंटी ने संतुलित टीम का चयन किया है, जिसमें सभी विभागों को मजबूत किया गया है।

**गोलकीपर-** मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी, तम्फसाना देवी

**डिफेंडर-** अलीना देवी, अलीशा लिंगदोह, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू, रितु बड़ाईक, तानिया देवी

**मिडफील्डर-** अभिस्ता बासनेट, अल्वा देवी, बोनिफिलिया शुल्लई, जुलान नोंगमैथेम, प्रितिका बर्मन, रेडिमा देवी, थंडामोनी बास्की

**फॉरवर्ड-** अनुष्का कुमारी, अनविता रघुरामन, जोया, ओलिविया चानू, पर्ल फर्नांडीस, वैलैना फर्नांडीस

### टीम के लिए क्यों अहम है यह दौरा

यह दौरा खिलाड़ियों को मजबूत टीम के खिलाफ खेलने और अपनी रणनीति को परखने का मौका देगा। रूस जैसी टीम के खिलाफ खेलना भारतीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी चुनौती होगी, जो एशियन कप से पहले टीम को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

**केकेआर को एक और झटका**

## श्रीलंकाई खिलाड़ी मथीशा पथिराना को अभी तक नहीं मिली आईपीएल खेलने की मंजूरी

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं और हर गुजरते मैच के साथ उनका प्रदर्शन और खराब होता जा रहा है। मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने पहले दो मैच हारने के बाद केकेआर का पंजाब किंग्स के खिलाफ हालिया मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया। एक तरफ टीम पहले से ही चोटों की कई समस्याओं से जूझ रही है, वहीं दूसरी तरफ उन्हें एक और बड़ा झटका लगा है। श्रीलंकाई पेसर मथीशा पथिराना को अभी तक श्रीलंका क्रिकेट से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) नहीं मिला है।

क्रिकइंफो की एक रिपोर्ट के मुताबिक स्ष्ट ने इस बात की पुष्टि की है कि वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना उन 15 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने अभी तक अनिवार्य फिटनेस टेस्ट नहीं दिए हैं। वहीं 6 अन्य खिलाड़ी कम से कम एक बार टेस्ट में फेल हो चुके हैं। पथिराना को टी20 विश्व कप 2026 के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था, उन्होंने हाल ही में नेट्स में गेंदबाजी शुरू की है। रिपोर्ट के अनुसार



वह अप्रैल के मध्य तक भारत में आईपीएल टीम से जुड़ सकते हैं। हालांकि एसएलसी द्वारा अनिवार्य किए गए उनके फिटनेस टेस्ट की कोई आधिकारिक तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि यह टेस्ट अगले एक हफ्ते के भीतर हो जाएगा। हसरंगा जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा है, वह इस समय बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग में लगी चोट से जूझ रहे हैं। उनकी उपलब्धता को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि उन्होंने अभी तक एनओसी के लिए आवेदन नहीं किया है।

मौजूदा स्थिति को देखते हुए श्रीलंका के 45 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों में से केवल 24 खिलाड़ी ही फिटनेस टेस्ट पास कर पाए हैं। खिलाड़ियों के टेस्ट में शामिल न हो पाने के पीछे चोटों से जुड़ी चिंताओं से लेकर लॉजिस्टिक्स (आवागमन) से जुड़ी समस्याएं तक कई कारण हैं। गौर हो कि आईपीएल 2026 से पहले ही स्ष्ट ने यह साफ कर दिया था कि जो खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति चाहेंगे, उन्हें एनओसी तभी दी जाएगी जब वे अनिवार्य फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट सफलतापूर्वक पास कर लेंगे।

## न्यूज बाइट्स

### जिले में सुरक्षा के मद्देनज़र बैंक चेकिंग अभियान जारी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा लगातार बैंक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न बैंकों में जाकर सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, उनकी कवरेज एरिया तथा रिकॉर्डिंग सिस्टम का निरीक्षण किया गया। साथ ही बैंक लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से परीक्षण किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की संभावना को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त पुलिस प्रशासन ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए। पुलिस ने बैंकों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की सलाह दी।

### विकास सिंह ने किया 18 बार रक्तदान

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक के पद पर कार्यरत विकास कुमार सिंह ने मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने अब तक 18 बार रक्तदान कर समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित किया है। उनका यह सराहनीय कार्य न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान साबित हुआ है, बल्कि आम लोगों के बीच रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा है। विकास कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। उन्होंने सभी स्वस्थ व्यक्तियों से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील की, क्योंकि इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। उनके इस नेक कार्य से प्रेरित होकर क्षेत्र के कई युवा भी रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समाजसेवी ही समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।

### छात्रों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और नशामुक्त जीवन पर किया गया जागरूक

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के नरारीकला खुर्द थाना क्षेत्र में 'अभया ब्रिगेड' टीम द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को साइबर अपराध से बचाव, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, नशा मुक्त जीवन के महत्व तथा महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। अभया ब्रिगेड टीम ने छात्रों को बताया कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा बेहद जरूरी है, इसलिए अनजान लिंक, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया ठगी से सावधान रहना चाहिए। साथ ही सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करने और नशे से दूर रहने की भी सलाह दी गई।

सुलहनीय मामलों के निपटारे पर जोर

# नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

एसवीवी संववददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय में आगामी 9 मई को इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुलहनीय वादों का निष्पादन किया जाएगा। लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने खनन एवं वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में दोनों विभागों से संबंधित लंबित एवं सुलहनीय वादों के निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान विशेष रूप से उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें सुलहनीय शुल्क जमा हो चुका है या जमा करने की प्रक्रिया जारी है। सचिव तान्या पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी मामलों की अद्यतन सूची और विस्तृत विवरण समय पर तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उनका शीघ्र एवं प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही खनन और वन विभाग के अधिकारियों को सुलहनीय वादों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 9 मई को आयोजित लोक अदालत में संबंधित विभागों के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अधिकारियों की उपस्थिति से मामलों के त्वरित निपटारे में सहायता मिलेगी और पक्षकारों को तत्काल राहत मिल सकेगी।

इसके अलावा, सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सुलहनीय शुल्क से जुड़े आवश्यक दस्तावेज और अभिलेख अपने साथ रखें, ताकि मौके पर ही वादों का निस्तारण किया जा सके। बैठक में यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि लोक अदालत के दिन किसी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो। इसके लिए पूर्व तैयारी और संभावित समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। सचिव ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके और आम लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षण पदाधिकारी अरविन्द कुमार, खनन पदाधिकारी हरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह भी तय किया गया कि लंबित सुलहनीय वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के लिए सक्रिय प्रयास किए जाएंगे।

## औरंगाबाद में गैस आपूर्ति सामान्य, 37 एजेंसियों से रोजाना 6665 सिलेंडर की डिलीवरी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। 07 अप्रैल 2026 को की गई समीक्षा के अनुसार जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6743 सिलेंडर की मांग के मुकाबले करीब 6665 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। लंबित बुकिंग का निष्पादन भी लगातार किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। साथ ही जिले में पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन किया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने के भी सख्त निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण की निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला स्तर पर देने को कहा है।

इसके अलावा जिले में अब तक 117 नए पीएनजी कनेक्शन भी लगाए जा चुके हैं, जिससे पाइप्ड गैस सुविधा का विस्तार हो रहा है। जिला नियंत्रण कक्ष (फोनः 06186-295027) को सक्रिय रखा गया है, जहां आम नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 07 अप्रैल को प्राप्त कुल 24 शिकायतों में से 22 का समाधान कर लिया गया है, जबकि 2 मामलों पर कार्रवाई जारी है। कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इस क्रम में औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं, हालांकि अब तक किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## औरंगाबाद में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जसोइया स्थित शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक भव्य और जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम में एएनएम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने स्वच्छता, संतुलित पोषण, रोगों की रोकथाम, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली पोस्टर बनाकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। उनके पोस्टरों में स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी, स्वच्छ परिवेश और सही जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

प्रतियोगिता में सत्र 2023–25 की प्रीति कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ज्योति कुमारी द्वितीय स्थान पर और नगमा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. शोभा रानी ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।" उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक नर्स के रूप में उनकी भूमिका केवल अस्पताल तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग कर समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के शिक्षकों ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव, असंतुलित खानपान और शारीरिक निष्क्रियता से उत्पन्न हो रही बीमारियों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वच्छता को अपनाने की सलाह दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना रहा। छात्राओं की सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा संस्थान परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं के लिए सीखने का अवसर बना, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक सार्थक पहल साबित हुआ।

## पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया 15 अप्रैल को होगी सजा सुनवाई



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने बाल यौन उत्पीड़न के एक मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मी कांत मिश्रा ने सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त शशीभूषण कुमार को दोषी ठहराया। यह मामला देव थाना कांड संख्या 119/24 एवं पॉक्सो केस नंबर 210/24 से संबंधित है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 366 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत दोषी पाया गया है। अदालत ने बंधपत्र विखंडित कर आरोपी को जेल भेज दिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही के अनुसार, घटना 20 मई 2024 की है, जब नाबालिग पीड़िता शौच के लिए घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। बाद में परिजनों को जानकारी मिली कि एक व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल से भगा ले गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों के राजस्थान में होने की जानकारी मिली। पुलिस दबाव के बाद करीब एक माह बाद पीड़िता को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया था। अब अदालत द्वारा आरोपी को दोषी ठहराए जाने के बाद 15 अप्रैल को सजा सुनाए जाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## रफीगंज-गोह रोड पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

जिले में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खनन विभाग ने रफीगंज-गोह रोड पर एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस दौरान चालक को भी गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले किया गया। खनन निरीक्षक मो. इकबाल हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मखदुमपुर गांव के पास छापेमारी की गई। सूचना थी कि एक ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर रफीगंज की ओर जा रहा है। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर को रोककर चालक नैकी गांव निवासी शशि भूषण यादव को हिरासत में लिया गया।

जांच के दौरान चालक से बालू परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इससे स्पष्ट हुआ कि बालू का अवैध परिवहन किया जा रहा था। यह मामला बिहार खनिज (समानु अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली 2013 (संशोधित 2024) के नियम 11, 41, 43 और 56(2) का उल्लंघन है। नियम 56(2) के तहत यह दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रेलर को बालू सहित सुरक्षित रूप से रफीगंज थाने को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं गिरफ्तार चालक को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले किया गया है।

## औरंगाबाद में एनएच-19 किनारे नाला क्षतिग्रस्त, घरों-खेतों में भरा गंदा पानी



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर प्रखंड मुख्यालय के घोरहत मोड़ के पास एनएच-19 किनारे बना नाला स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। एनएचआई द्वारा निर्मित यह नाला कई स्थानों पर टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसके चलते गंदा पानी आसपास के खेतों में जमा हो रहा है और अब धीरे-धीरे घरों में भी प्रवेश करने लगा है। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन हालात अब और भी भयावह हो गए हैं। खेतों में सालभर दूषित पानी जमा रहने से फसलें प्रभावित हो रही हैं और आसपास असहनीय दुर्गंध फैल रही है। डॉक्टर श्रीकांत सिंह, मधुसूदन पासवान, सुधीर कुमार सिन्हा, अभय कुमार सिंह और इंद्रजीत पासवान सहित कई परिवार सीधे तौर पर इससे प्रभावित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-19 के फोरलेन चौड़ीकरण के दौरान नाले का निर्माण तो किया गया, लेकिन इसे अधूरा छोड़ दिया गया।

नियमित सफाई के अभाव में नाला कचरे से भर गया, जिससे जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। स्थिति यह है कि गंदा पानी खेतों के साथ-साथ घरों में भी फैल रहा है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि जलजमाव के कारण सरकारी और निजी चापाकलों का पानी भी दूषित हो रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से इसकी चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय और जिला प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश है।

## कपिल देव राम बने मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक, क्षेत्र में खुशी की लहर



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'मेरा युवा भारत' के तहत कपिल देव राम को राज्य निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखा जा रहा है। कपिल देव राम लंबे समय से सामाजिक कार्यों और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उनकी कार्यक्षमता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में राज्य के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन मिलेगा। उनकी नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों का कहना है कि यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे राज्य में युवा विकास को नई गति मिलेगी। कई गणमान्य व्यक्तियों ने विश्वास जताया कि कपिल देव राम के नेतृत्व में 'मेरा युवा भारत' कार्यक्रम राज्य में नई ऊंचाइयों को छुएगा और अधिक से अधिक युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने में सफल होगा।

कपिल देव राम ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि वे युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे तथा उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष जांच अभियान, 22 स्थानों पर हुई कार्रवाई

### अवैध वायरिंग और ओवरलोड ट्रांसफॉर्मरों की जांच, लोगों को दी गई चेतावनी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में अग्नि सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया। वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान अनुमंडल अग्निशमालय औरंगाबाद क्षेत्र में संचालित किया गया।

अभियान का नेतृत्व सहायक अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी कुंदन कुमार ने किया। इस दौरान अग्निक हरेराम सिंह एवं चालक आलोक कुमार सहित टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। विद्युत विभाग के कर्मियों के सहयोग से अवैध बिजली वायरिंग और ट्रांसफॉर्मरों पर ओवरलोड की स्थिति की जांच की गई। जांच अभियान के तहत शहर के प्रमुख और भीड़-भाड़ वाले कुल 22 स्थानों—साईं मंदिर क्लब रोड, शनि मंदिर क्लब रोड, सोशल क्लब, मुन्ना बैटरी के पास, गुप्ता हॉल सराय रोड, पोस्ट ऑफिस के पास सब्जी मंडी, ओल्ड जीटी रोड, नवाडीह रोड, एमजी रोड, बॉम्बे बाजार, वी-मार्ट व वी2 के आसपास, रमेश चौक, कचहरी परिसर, नगर थाना क्षेत्र और कर्मा रोड वन विभाग के समीप पर सघन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान ट्रांसफॉर्मरों पर लोड का आकलन किया गया और जहां-जहां अवैध वायरिंग पाई गई, वहां आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से सुरक्षित तरीके से बिजली उपयोग करने की अपील की और चेताया कि लापरवाही से अग्निकांड की घटनाएं बढ़ सकती हैं। अग्निशमन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि संभावित अग्नि दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## महामाया कॉलेज में डीएलएड सत्र 2025–27 की कक्षाएं शुरू, इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



ओबरा प्रखंड के देवकली स्थित महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डीएलएड प्रथम वर्ष (सत्र 2025–27) की कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नए नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत इंडक्शन प्रोग्राम से हुई, जिसमें नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं को कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, प्राचार्य दुर्गा सिंह एवं दुर्गेश कुमार मिश्र ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक बनना एक गौरवपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षक समाज को दिशा देने वाला होता है, इसलिए इस पेशे को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनाना चाहिए। पहले ही दिन कॉलेज परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने शिक्षक बनने की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हुए अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

कॉलेज के शिक्षक धीरज कुमार, बृजेश कुमार, शुभम कुमार, यश कुमार, प्रमोद कुमार, अजीत कुमार एवं अमित कुमार ने परिचय सत्र के दौरान पाठ्यक्रम, लेसन प्लान, प्रशिक्षण एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी साझा की।

वहीं संस्थापक विनय प्रसाद ने उम्मीद जताई कि इस सत्र के विद्यार्थी न केवल कुशल शिक्षक बनेंगे, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कॉलेज की ओर से हरसंभव सहायता दी जाती है, ताकि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे। अंत में छात्रों से नियमित उपस्थिति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई, ताकि पठन-पाठन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य समारोह

- अक्षय तृतीया पर सम्राट अशोक भवन में आयोजन, जिलेभर से जुटेंगे श्रद्धालु
- भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) के अवसर पर शहर के सम्राट अशोक भवन में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आयोजक मंडल के सदस्य विकास काली और अनूप मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहेंगे। समारोह में संस्कृत शिक्षा से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक एवं शाहपुर विधायक राकेश ओझा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश के अन्य नेता एवं जिले के गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चाणक्य परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन साहित्यकार धनंजय जयपुरी ने किया। बैठक में आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रामानुज पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम धर्म की स्थापना और अन्याय के अंत के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज को ज्ञान और शस्त्र विद्या का मार्ग दिखाया और सदैव धर्म की रक्षा के लिए कार्य किया। देव प्रखंड प्रमुख मनीष राज पाठक ने भी सभी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता की अपील की। आयोजन समिति के सदस्यों ने गांव-गांव और घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने का निर्णय लिया।

बैठक में अशोक पांडेय, योगेश मिश्रा, अमरेंद्र पांडेय, प्रिंस दुबे, उज्ज्वल रंजन, आशुतोष पाठक, विनय, प्रमोद रंजन, हरि पांडेय, दीपक ओझा, विभांशु मिश्रा, रौशन पाठक, रुद्र तिवारी, अक्षय गिरी, रौशन मिश्रा, बंटू दुबे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित, एसपी ने दिए सख्त निर्देश

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** जिले में पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ने की, जिसमें सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बीते माह में जिले के सभी थानों की कार्यप्रणाली और उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में गिरफ्तारी, लंबित कांडों के निष्पादन, कुर्की, वारंट और इश्तिहार के तामिला जैसे महत्वपूर्ण मामलों का गहन मूल्यांकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही कुर्की-जब्ती और वारंट तामिला की प्रक्रिया को तेज करने पर भी जोर दिया गया।